e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 230

# प्रभात मंत्र

बुधवार
23.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनांक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# दक्षिण अफ्रीका में लगा हर-हर मोदी का नारा

*** जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का हुआ जोरदार स्वागत**

एजेंसी
**जोहान्सबर्ग** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 15 वें ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंच गए. वॉटरक्लूफ एयर बेस पर पीएम मोदी का रेड कार्पेट वेलकम किया गया. साउथ अफ्रीका के डिप्टी राष्ट्रपति ने मोदी की आगवानी की. पीएम मोदी के स्वागत में पारंपरिक आदिवासी डांस की प्रस्तुति भी दी गई. इस दौरान पीएम ने वहां मौजूद भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की.

इस दौरान मोदी ने लोगों का अभिवादन किया और हाथ भी मिलाया. उनके आने पर यहां प्रवासी भारतीय समुदाय काफी खुश हैं। लोगो ने हर-हर मोदी और वंदे मातरम के नारे लगाए। वेदांता के अफ्रीका ऑपरेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंगला ने बताया कि हम पीएम मोदी के दक्षिण अफ्रीका दौरे को लेकर काफी उत्साहित हैं। वेदांता कंपनी कैसे भारत और दक्षिण अफ्रीका को साथ लाने में अहम भूमिका निभा सकती है, हम इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अवसरों की असीम संभावनाएं हैं। जोहान्सबर्ग में सैंडटन सन होटल में भारतीय समुदाय के लोग पीएम मोदी के आगमन पर उनका स्वागत करने के लिए इकट्ठा हुए। एक महिला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मौजूदगी में यहां होना वास्तव में सम्मान की बात है। वह एक अद्भुत आदमी और मेरे हीरो हैं।

### पीएम मोदी दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद एथेंस जाएंगे

पीएम मोदी दक्षिण अफ्रीका के बाद 25 अगस्त को यूनान के अपने समकक्ष क्यारीकोस मित्सोताकिस के निमंत्रण पर एथेंस जाएंगे. उन्होंने कहा,मुझे पिछले 40 सालों में यूनान की यात्रा करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री बनने का सम्मान प्राप्त होगा.

### बैठक में 45 मेहमान देश होंगे शामिल

जानकारी के मुताबिक इस बार की बैठक में 45 मेहमान देश शामिल हो सकते हैं. इनमें सऊदी अरब, तुर्किये, पाकिस्तान और ईरान भी शामिल हैं. इस बार की बैठक का सेंटर पॉइंट समूह का विस्तार ही होगा. हालांकि, इसके पांच सदस्य देशों के बीच अभी इस मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई है. समिट के बाद अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग किया जाएगा. इसमें दक्षिण अफ्रीका की ओर से आमंत्रित अन्य देश शामिल होंगे.



### पीएम मोदी का कार्यक्रम

पीएम मोदी ने ट्विटर पर लिखा,मैं ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रमों में भी शामिल होऊंगा. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 'ग्लोबल साउथ' के लिए चिंता का सबब बने विभिन्न मुद्दों और विकास के अन्य क्षेत्रों पर चर्चा करने के वास्ते मंच प्रदान करेगा. मोदी ने कहा कि वह कई अतिथि देशों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है. उन्होंने कहा कि मैं जोहानिसबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने को लेकर भी उत्सुक हूं.

### बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा है ब्रिक्स का विस्तार

ब्रिक्स के विस्तार के लेकर क्वात्रा ने कहा, जब ब्रिक्स विस्तार की बात आती है तो हमारा इरादा सकारात्मक है.ब्रिक्स का विस्तार शिखर बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा है.करीब 23 देशों ने समूह की सदस्यता के लिए आवेदन किया है.जानकारी के मुताबिक,ब्रिक्स में शामिल देशों की कुल आबादी विश्व की जनसंख्या में 41 प्रतिशत,वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 31.5 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 16 प्रतिशत योगदान है. ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका 2022 में 166 ब्रिक्स आयोजनों में रूस के साथ जुड़े और कुछ सदस्य रूस के लिए महत्वपूर्ण निर्यात बाजार बन गए.

## भगवान बिरसा का जन्म स्थली उलिहातू बनेगा पर्यटन केंद्र : लोकेश मिश्रा



### * उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की है योजना, डीसी ने दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता
**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को उलिहातू के विकास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उचित कार्य योजना के आधार पर उलिहातू के समग्र विकास का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना से जनजातीय विकास के उद्देश्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में विकास के आवश्यक मानकों पर चर्चा की गई। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र और पर्यटन विकास शामिल है। इन सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार सुनिश्चित करते हुए उलिहातु का समग्र विकास किया जाएगा।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उप केंद्रों को क्रियाशील करें एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर सुगम रूप से स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिनों में उलिहातू में स्वास्थ्य कैंप लगाया जाए। उन्होंने आपूर्ति विभाग के अधिकारी को सभी घरों में गैस कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि उलीहातु में 11 एसएचजी सक्रिय हैं और 133 घरों को जेएसएलपीएस जोड़ा गया है। समुदाय आधारित उद्यमता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। मौके पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श बनाते हुए सभी सुदृढ़ बनाया जाय। साथ ही खेल स्टेडियम को विकसित करें, ताकि स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा मिले। उलिहातू को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटन विकास की योजना बनाई जा रही हैं। इससे जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली को विकसित कर इसे पर्यटन का आकर्षण केंद्र बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स को कम्युनिटी हॉल के रूप में विकसित करने की चर्चा की गई। बता दें कि भगवान बिरसा का जन्मस्थली उलिहातू के समग्र विकास के लिए डीसी लोकेश मिश्रा काफी गंभीर हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब देश व विदेश के मानचित्र पर भगवान बिरसा का जन्म स्थली उलिहातु एक पर्यटक स्थल के रूप में अपना पहचान बनाने में सफल होगा।

## क्विक न्यूज

### 21 विद्यार्थियों को राज्यपाल ने प्रदान किया लैपटॉप

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज भवन में मंगलवार को 'अनंत प्रयास' संस्था के सहयोग से बीआईटी सिंदरी में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान 21 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के अथक परिश्रम एवं त्याग का ही परिणाम है कि आज हमारे देश में उच्च स्तर के संस्थान उपलब्ध हैं, और आप वहां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. बीआईटी सिंदरी का गौरवशाली इतिहास रहा है. यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा से उच्च संस्थानों में कार्य कर रहे हैं. यह उनकी अपने शिक्षण संस्थान के प्रति निष्ठा ही है कि वह अपने संस्थान को नहीं भूले हैं, और अनंत प्रयास संस्था के माध्यम से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं. इनसे प्रेरित होकर अन्य लोगों एवं बोकारो महिला समिति द्वारा भी विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया है. इस पुनीत कार्य के लिए सभी बधाई के पात्र हैं.

### नक्सलियों ने वैद्य की हत्या कर घर को फूंका, एक को किया अपहरण

**पश्चिम सिंहभूम** : पश्चिम सिंहभूम के कोल्हान जंगल में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने एक ग्रामीण वैद्य की हत्या कर दी जबकि एक ग्रामीण का घर भी जला दिया। कुछ ग्रामीणों के अगवा होने की भी आशंका है।जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने सोमवार की रात टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातु के वैद्य सुपायी मुंडकेन की हत्या कर दी। बताया जा रहा है सुपायी मुंडकेन जड़ी बूटी लाने जंगल गया था। इसी दौरान नक्सलियों ने उनकी हत्या कर दी है। इस घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने वैद्य के भाई के साथ मारपीट भी की है। इसके बाद नक्सलियों ने रेंगड़ाहातु में स्थित मानसिंह कोड़ा के घर को भी जला दिया है। बताया जाता है कि गोइलकेरा थाना क्षेत्र कुईड़ा गांव के एक ग्रामीण का भी नक्सलियों ने अपहरण कर लिया है। अपहरण के बाद ग्रामीण को नक्सली द्वारा जंगल के अन्दर ले जाया गया है। नक्सलियों के बढ़ते हिंसक घटनाओं से कोल्हान जंगल में दहशत कायम हो गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की जमीन हड़पने के आरोपी ने किया सरेंडर

**रांची** : सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत रिटायर्ड जस्टिस युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश करने के फरार आरोपित शाहनवाज अली उर्फ कंजा गद्दी ने मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। फरार चल रहे आरोपित शाहनवाज ने न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। गौरतलब है कि बीते 25 जून को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस दिवंगत युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश मामले को लेकर भू- माफियाओं के खिलाफ लोअर गाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसे लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख में प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी की ओर से मामला दर्ज कराया गया था। लोअर बाजार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। कोर्ट का आदेश आने से पहले उसने सरेंडर कर दिया। इस केस के अन्य आरोपित को पुलिस ने बीते पांच अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। इनमें पप्पू गद्दी और अली हुसैन शामिल थे।

## नूंह हिंसा के इनामी बदमाश की पुलिस के साथ मुठभेड़, पैर में लगी गोली, गिरफ्तार



एजेंसी
**चंडीगढ़** : हरियाणा के नूंह-मेवात में हुई हिंसा के बाद पुलिस तेजी से धरपकड़ अभियान चला रही है. इस बीच मंगलवार को नूंह हिंसा के एक इनामी बदमाश वसीम की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में वसीम के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. वसीम 25 हजार रुपए का इनामा बदमाश है. फिलहाल, अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है.पुलिस के मुताबिक वसीम के साथ मुठभेड़ तावडू में स्थित अरावली पहाड़ के खंडहर में हुई. पुलिस जब उसे पकड़ने गई तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी. दोनों तरफ से फायरिंग होने के बाद वसीम के पैर में गोलियां लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इस घटना के बाद उसे अरेस्ट कर इलाज के लिए नल्हड मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है. वसीम के पास से एक अवैध देशी कट्टा और 5 राउंड भी बरामद किए गए हैं.वसीम पर नूह में हिंसा के दौरान पुलिस के जवानों का हथियार छीन कर फायरिंग करने का आरोप है. उस पर दिल्ली एनसीआर में लगभग 100 वारदातों को अंजाम देने का आरोप है. उसनें ज्यादातर वारदातों में बड़े शो रूम में तोड़कर लूट पाट की वारदात को अंजाम दिया है. तावडू में इस पर हत्या का मामला भी दर्ज है. नूंह हिंसा के मामले में किसी आरोपी के साथ पुलिस की यह दूसरी मुठभेड़ है. इससे पहले 10 अगस्त को भी पुलिस ने नूंह हिंसा के दो आरोपियों का एनकाउंटर किया था. आरोपियों मुनसैद और सैकूल को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया था. एनकाउंटर में सैकुल के पैर में गोली लगी थी.

## 40 से अधिक उम्र वालों में संक्रमण के एक साल बाद तक मृत्यु का खतरा, नए वैरिएंट्स को लेकर अलर्ट



**शोध की जारी रिपोर्ट में कहा गया कि संक्रमण के शिकार रहे 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोग जो कोमोरबिडीटी के शिकार थे या फिर जिनमें मध्यम से गंभीर लक्षण रहे हैं, ऐसे लोगों में संक्रमण से ठीक होने के एक साल के भीतर मृत्युदर अधिक देखी गई है।**

एजेंसी
**नई दिल्ली** : कोरोना के नए वैरिएंट्स का खतरा वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। हाल ही में सामने आए दो नए वैरिएंट्स एरिस और बीए.2.68 ने वैज्ञानिकों को अलर्ट कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन वैरिएंट्स की संक्रामकता दर काफी अधिक देखी जा रही है, जिसके कारण खतरा उन लोगों में भी हो सकता है जिनका वैक्सीनेशन हो चुका है या पहले से संक्रमण के बाद उनके शरीर में प्रतिरक्षा बनी हुई है। नए वैरिएंट्स में देखे गए अतिरिक्त म्यूटेशन के कारण यह आसानी से इम्युनिटी को चकमा देने वाला माना जा रहा है। कोरोना किस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाने वाला हो सकता है, इस बारे में जानने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने एक अध्ययन किया। शोध की जारी रिपोर्ट में कहा गया कि संक्रमण के शिकार रहे 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोग जो कोमोरबिडीटी के शिकार थे या फिर जिनमें मध्यम से गंभीर लक्षण रहे हैं, ऐसे लोगों में संक्रमण से ठीक होने के एक साल के भीतर मृत्युदर अधिक देखी गई है। मसलन कोरोना संक्रमण शरीर में इस तरह की समस्याओं को विकसित करने वाला पाया गया है जो आगे चलकर गंभीर जटिलताओं, यहां तक कि मृत्यु के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है।

### अस्पताल से छुट्टी के बाद रोगियों की मृत्युदर

अस्पताल में भर्ती कोविड-19 रोगियों के बीच डिस्चार्ज के बाद मृत्युदर% शीर्षक से प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया है कि जिन प्रतिभागियों को कोविड-19 संक्रमण से पहले वैक्सीन की एक भी खुराक मिली थी, उनमें डिस्चार्ज के बाद मृत्युदर का जोखिम कम देखा गया। अध्ययन में कहा गया है कि प्रस्तुत विश्लेषण में केवल वे मरीज शामिल थे जो कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि कोरोना कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाने वाला हो सकता है, जिसके कारण गंभीर रोग और यहां तक कि मृत्यु का खतरा भी काफी बढ़ सकता है।

## लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से फिलीपींस खरीदेगा एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर

एजेंसी
**नई दिल्ली** : ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का सौदा होने के बाद अब फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों का एक बैच भी खरीद रहा है। फिलीपींस के तटरक्षक प्रमुख आर्टेमियो अबू ने गोवा का दौरा किया और एचएएल के समन्वय में ध्रुव हेलीकॉप्टर में उड़ान भरकर एएलएच की ताकत को परखा। एचएएल चीफ ने भी कहा कि फिलीपींस ने स्वदेशी हेलीकॉप्टर खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल आर्टेमियो मनालो अबू के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय तटरक्षक के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 21 अगस्त को गोवा का दौरा किया। गोवा के आईसीजी मुख्यालय में प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ आईसीजी अधिकारियों से मुलाकात की और फ्रंटलाइन ऑफशोर पेट्रोल वेसल, आईसीजीएस सुजीत सहित कई आईसीजी सुविधाओं का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने भारत की अग्रणी जहाज निर्माण कंपनियों में से एक गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) का भी दौरा किया। जीएसएल वर्तमान में भारतीय तटरक्षक और नौसेना के



लिए कई जहाजों का निर्माण कर रहा है। फिलीपींस कोस्ट गार्ड (पीसीजी) अपनी समुद्री क्षमताओं में सुधार के लिए नई संपत्तियां और प्रौद्योगिकियां हासिल करने पर भी विचार कर रहा है। जीएसएल और एयरोस्पेस उद्योग का दौरा करने के समय फिलीपींस प्रतिनिधिमंडल के सामने भारतीय जहाज निर्माण क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसमें एचएएल निर्मित एएलएच एमके-3 हेलीकॉप्टर का ग्राहक प्रदर्शन उड़ान भी शामिल थी। फिलीपींस के तटरक्षक प्रमुख आर्टेमियो अबू ने एचएएल के समन्वय में ध्रुव हेलीकॉप्टर में उड़ान भरकर एएलएच की ताकत को परखा। एएलएच एमके-3 बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो खोज और बचाव, पनडुब्बी रोधी युद्ध और समुद्री निगरानी सहित विभिन्न प्रकार के मिशन करने में सक्षम है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए फिलीपींस अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है। पिछले कुछ वर्षों के भीतर खासकर समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में तेजी आई है। फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) का एक प्रमुख सदस्य भी है, जिसके साथ पिछले एक दशक में भारत के संबंधों में बड़ा विस्तार हुआ है।भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा भारत के साथ फिलीपींस के सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे दोनों देशों के समुद्री संबंधों को और मजबूत करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद है, जो उनके द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ने का संकेत देगा।

## यह दिल्ली या महाराष्ट्र का नहीं, देश का सुप्रीम कोर्ट है : सीजेआई

**नई दिल्ली** : चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली का बचाव किया है। सुप्रीम कोर्ट के नव नियुक्त दो जजों- जस्टिस उज्जवल भुईयां और जस्टिस एसवी भट्टी के सम्मान समारोह में चीफ जस्टिस ने कहा कि इन दोनों की जज के तौर पर नियुक्ति दर्शाती है कि यह दिल्ली या महाराष्ट्र का सुप्रीम कोर्ट नहीं है, यह देश का सुप्रीम कोर्ट है। यही सुप्रीम कोर्ट की खासियत है। चीफ जस्टिस ने कहा कि लोगों के विश्वास को जीतने के लिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट में विविधता बनी रहे।

# पलामू पुलिस ने हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी रिशमा रमेशन ने बताया की रेहला थाना कांड सं0-82/2023 दिनांक 21/08/2023 धारा - 25(1-बी) ए 26/35 शस्त्र अधिनियम। दिनांक-21/ 08/ 2023 को वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि सुजित सिन्हा एवं उसकी पत्नी रिया सिन्हा गिरोह का एक सक्रिय सदस्य भारी मात्रा में हथियार लेकर गढ़वा की तरफ से आने वाली बस में बैठकर डालटनगंज की ओर जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदया के आदेशानुसार टीम गठित कर रेहला थाना चेक पोस्ट के पास चेकिंग लगाया गया तथा गढ़वा के तरफ से आने वाली संदिग्ध बस को रोका गया तभी एक यात्री काला बैग लेकर बड़ी तेजी से उतर कर भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से घेर कर पकड़ा गया जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष कुमार राम उर्फ मयंक वर्मा नौडीहा पाटन निवासी बताया, जिसके बैग के तलाशी लेने पर उसके बैग से अलग अलग बोर के 08 अवैध पिस्टल एवं गोली बरामद किया गया तत्पश्चात मनीष कुमार राम उर्फ मयंक वर्मा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। हथियार के संबंध में पुछ - ताछ करने पर बताया कि यह हथियार सुजित सिन्हा के पत्नी रिया सिन्हा के द्वारा मध्य प्रदेश इन्दौर, मनावर से मगाया गया है। यह हथियार रांची रिया सिन्हा को देने जा रहे थे। यह अपने अपराध स्वीकारोक्ती ब्यान में स्वीकार किये है कि इनके अलावे सुजित सिन्हा गिरोह का अन्य सक्रिय सदस्य भी शामिल है। जिनके विरुध भी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। **बरामद सामानो का विवरणी :** 1. 9 एम0एम0 बोर का 02 (दो) पिस्टल 2. 7.65 एम0एम0 बोर का 05 (पांच) पिस्टल 3. 7.62 एम0एम0 बोर का 01 (एक) पिस्टल 4. 7.62 एम0एम0 बोर का 05 (पांच) जिन्दा गोली, 9एम0एम0 बोर का 06 (छ) जिन्दा गोली, 7.55 एम0एम0 बोर का 05 (पांच) जिन्दा गोली 9 एम0एम0 बोर का 01 (एक) मिस फायर गोली 7.65 एम0एम0 बोर का 03 (तीन) मिस फायर गोली।


## टेम्पो पलटने से आठ लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी-गढ़वा रोड स्थित पाल्हे कला गांव के समीप एनएच-75 पर टेंपू और बाइक की टक्कर में 9 लोग घायल हो गए.घायलों में 3 की स्थिति गंभीर है.घटना मंगलवार 3 बजे की है। टेंपू नगर उंटारी से सवारी लेकर रमना जा रही थी। पाल्हे गांव के समीप एक बछड़े को बचाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर होने के बाद पलट गई.घटना में 7 टेंपू यात्री व 2 बाइक सवार घायल हो गए. इस घटना में 10 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। वही तीन गंभीर रूप से घायल बाइक सवार विलासपुर निवासी विष्णु पासवान व टेम्पू यात्री रमना थाना क्षेत्र के चुन्दी गांव निवासी रामलगन भुइयाँ, पवित्री देवी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव निवासी जितेंद्र राम, दीपक कुमार, धर्मजीत राम, चुन्दी निवासी पवित्री देवी, गम्हरिया निवासी लालमोहन राम, बहियार निवासी सुचिता कुमारी व बाइक सवार बिलासपुर निवासी प्रेमन राम, बहियार खुर्द निवासी पंकज कुमार, कुसुम कुमारी के नाम शामिल है।

## फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तिहार



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर पुलिस ने दो फरार चल रहे हैं अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाए है जिसमे नौडीहा बजार प्रखंड अंतर्गत सलैया खुर्द निवासी जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुखी सिंह पिता स्वर्गीय अदरु सिंह काफी दिनों से फरार चल रहा है। छतरपुर थाना के एसआई विजय कुमार रमानी ने बताया कि इसके विरुद्ध छतरपुर थाना में भारतीय दंड विधान एवं 17 सीएल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध दर्ज है। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी है इस इश्तिहार के आलोक में अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष 13 सितंबर 2023 को हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है। वही दूसरा अभियुक्त रंजय कुमार उर्फ गौतम कुमार पिता बुटू यादव ग्राम कीशुचक थाना डुमरिया (मदमार) पिपरा जिला गया बिहार का निवासी है। उक्त अभियुक्त के बिरूद्ध छत्तरपुर थाना में मामला दर्ज है। जब भी पुलिस उसके घर जाती है तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है रंजय कुमार मिल नही रहा है और काफी दिनों से फरार हैं। इश्तिहार के माध्यम से अभियुक्त रंजय कुमार उर्फ गौतम कुमार को 13 सितंबर 2023 को न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया गया है।

## पशु सखियो को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित जे एस एल पी एस कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पशु सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया.प्रशिक्षक डॉ चंदन कुमार चौधरी ने प्रशिक्षण में उपस्थित पशु सखियों को बरसात के दिनों में पशुओं में होने वाली बीमारियों के लक्षण, व बचाव की जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में खासकर गाय व बकरियों में लैम्प्स स्किन डाइजेस तथा फूड माउथ डाइजेस जैसी बीमारियां होती है.उन्होंने उक्त बीमारियों से बचाव व इलाज की जानकारी दिया। प्रशिक्षण में एग्री क्लिनिक के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर, क्षेत्र समन्वयक बलदेव खलखो, जे एस एल पी एस के एफटीसी अनुज सिंह, पशु सखी कृति राय, किरण देवी, ज्ञानती देवी, पूनम देवी, मधु देवी सहित बड़ी संख्या में पशु सखी शामिल थे।

# सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानन्द सिन्हा को सेवानिवृत्ति के बाद मंगलवार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इसके लिए रेहला स्थित जे बी उच्च विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम व संचालन केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्राचार्य मनोज द्विवेदी ने किया। प्रखंड में पदस्थापित शिक्षकों ने सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामानन्द सिन्हा को सम्मानित किया। रामानंद सिन्हा ने कहा कि बिश्रामपुर में प्रधाध्यापकों और शिक्षको से समन्वय स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास किया। जिससे कुछ सकारात्मक बदलाव भी हुआ.उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर में मिला सम्मान ताजिंदगी याद रखूंगा। जिला पार्षद विजय रविदास ने रामानन्द सिन्हा के कार्यसंस्कृत की तारीफ करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल आने वाले पदाधिकारियों को प्रेरणा देगा। मौके पर पूर्व बीईओ सुनेशवर चौधरी, बीपीओ मनी पांडेय, बीआरपी मनोज पाठक, प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय, अखिलेश दुबे, कामेश्वर सिंह, किशोर दुबे, दिलीप पाठक, संजय कुमार दुबे, मुकेश कुमार तिवारी, अजीत कुमार तिवारी, जेबी स्कूल प्रधानाध्यापक अनील सिंह, लालकृष्ण भारद्वाज, हर्षवर्धन चौबे, गोरख चौवे, रंजीत बक्सराय द्वगोपाल चंद्र पांडेय सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# उपायुक्त के जनता दरबार में ग्रामीणों ने किया प्रधानमंत्री आवास की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार मे लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गोराडीह टोली के ज्ञानमती देवी ने उपायुक्त से अपने पुत्र का ईलाज करवाने के लिए मदद करने की गुहार लगाई। इसी तरह सतबरवा प्रखण्ड के ग्राम चरवाडीह निवासी चंद्रावती देवी ने उपायुक्त से अपने जमीन का रशीद,प्लॉट, रकबा, ऑनलाइन करवाने की अनुरोध की। इसी तरह पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम सरईडीह निवासी नरेश सिंह ने उपायुक्त से 15 वें वित्त आयोग से आंगनबाड़ी मरामति का बकाया राशि भुगतान करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के कमौदा देवी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## ट्रांसफार्मर आने के बाद ग्रामीण हुए प्रसन्न : संदीप



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम दलपतपुर में पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान को दिया था. विधायक प्रतिनिधि ने इस समस्या से माननीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया था। जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से बात किया कि नया ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाए। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अभियंता ने दिन सोमवार को 100 केवी का ट्रांसफार्मर ग्राम दलपतपुर को दिया जाए ऐसा निर्देश कर्मियों को दिया। जिसके बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व में एनसीपी के युवा साथी मेदनीनगर से ट्रांसफार्मर लेकर अपने गांव पहुंचे। नया ट्रांसफार्मर आज आने के बाद ग्रामीण काफी खुश है।

## विधायक की अनुसंशा पर हरिहरगंज सीएचसी को मिला दो एंबुलेंस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** सीएचसी में पहले से प्राप्त एंबुलेंस काफी जर्जर हो गया था। इसे देखते हुए क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सरकार को पत्र लिखकर हरिहरगंज में दो एंबुलेंस उपलब्ध कराने का काम किया है। मंगलवार को सीएचसी में एंबुलेंस का शुभारंभ विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार तथा एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने विधिवत् पूजा- पाठ कर शुरुआत की। मौके पर एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, डॉ0 गोपाल प्रसाद, बीपीएम संजय कुमार सिंह, डॉ. अनीश अख्तर, डॉ. तौहीद अहमद, स्वास्थ्य कर्मी राजकुमार सिंह, राजेश कुमार, सोनू कुमार, अमित कुमार, महेंद्र राम एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, मंटू मेहता, प्रसाद भुइयां, उदय मेहता, मृत्युंजय सिंह, विशाल कुमार, उपेंद्र, विश्वजीत, ओमप्रकाश, धर्मेंद्र, अमोद, विपिन सहित कई लोग मौजूद थे।

### सभी क्षेत्रों में बिश्रामपुर को किया जा रहा पूर्ण विकसित : रामचंद्र चंद्रवंशी

# बिश्रामपुर नप मुख्यालय में स्वास्थ्य व कल्याण केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा नप मुख्यालय में स्वस्थ व कल्याण केन्द्र खोला गया है.जिसका उद्घाटन मंगलवार को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया.उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज व संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया.विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जिस सपने को लेकर बिश्रामपुर को नगर परिषद का दर्जा दिलवाया था, वह हर सपना अब पूरा होता जा रहा है.बिश्रामपुर नगर परिषद सभी क्षेत्र में पूर्ण विकसित हो रहा है.जिसमे नप अधिकारियों से लेकर आम लोगों तक का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है.आने वाले समय में बिश्रामपुर नगर परिषद सभी शहरी सुविधाओं से पूर्णतया लैस होगा और मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा हासिल करेगा.उन्होंने कहा कि मै कभी भी इधर उधर की बात नहीं करता। हमेशा सिर्फ विकास की बात करता हूं। क्षेत्र को विकसित करना और आम लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराना ही हमारी प्राथमिकता है। सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज़ ने कहा कि सरकार के हर महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं को बगैर किसी भेद भाव के धरातल पर उतारा जा रहा है.यह केंद्र लोगों के स्वास्थ और कल्याण के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा.पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक सुविधा के साथ चिकित्सक और सक्षम स्वास्थ्य कर्मी भी उपलब्ध रहेंगे.नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम व प्रभात कुमार ने स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया.मौके पर प्रशिक्षु सहायक नगर आयुक्त प्रमोद उरांव, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इद्रीस हावरी, कनीय अभियंता अजीत टुड्डू, विभूति भूषण, मुबारक अंसारी, सोनू दुबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष राम, संजय ठाकुर, वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिजली व्यवस्था में जल्द हो सुधार : राजीव

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजिक कार्यकर्ता सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने मंगलवार को शहर के सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर कहा कि गत दिनों पलामू विद्युत महाप्रबंधक से मिलकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का मांग किया था। वहीं महाप्रबंधक के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार किया जाएगा। बावजूद अपेक्षाकृत बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो सका। साथ ही श्री रंजन ने मांग करते हुए कहा कि रात्रि ड्यूटी के लिए विद्युत कार्य के लिए टेक्नीशियन को लगाने तथा हरिहरगंज प्रखंड के लिए कनीय विद्युत अभियंता को स्थायी रूप से बहाल करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि रात्रि ड्यूटी में टेक्नीशियन नहीं रहने के कारण छोटी सी फोल्ट होने पर भी पूरी रात अंधेरे में रहने को लोग विवश हो जाते हैं। प्रेसवार्ता में संजय जायसवाल, मनोज मेहता, शंभू यादव, विनोद पासवान, बबलू कुमार, दिनेश पासवान, शशि कुमार, दिनेश स्वर्णकार, अरुण, उमेश, सुनील, गुड्डू मेहता, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत : सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर विवेक नगर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थापित करने के लिए शिलान्यास हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे वार्ड नंबर 31के प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी विवेकानंद नगर विकास समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल कमल किशोर महिला नेत्री रीना किशोर एवम वंदना सिन्हा अंजनी कुमार सिन्हा अरुणेश कुमार वर्मा खगेन्द्र सिन्हा जगदेव प्रसाद अग्रवाल केदार यादव लव सिंह विकास सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पूजन एवम नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि यहां के सम्मानित जनता जनार्दन ने तथा समिति के सदस्यों ने विवेकानंद नगर में स्वामी विवेकानन्द जी का मूर्ति स्थापित करने का जो निर्णय लिए हैं वह वाकई में सराहनीय है।स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं हम सभी के मार्गदर्शन तथा देश के लिए महापुरुष है हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि विवेकानंद नगर में मूर्ति स्थापित होना बहुत ही अति उत्तम विचार है। इससे एकता और भाईचारा बढ़ती है एक दूसरे से समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि विवेकानंद नगर की जनता एवं समिति के सदस्यों के द्वारा यह मूर्ति स्थापित की जाएगी आज इसका विधिवत शिलान्यास किया गया है बहुत जल्द मूर्ति का अनावरण एवं उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शशांक सुमन ने किया।इस मौके पर संजय शरण, हिमांशु सिन्हा, राकेश सिन्हा, अजय सिन्हा, रीना सिन्हा, गिरीश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, चंचल गुप्ता, प्रेमचंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## पत्रकार के पिता की आकस्मिक निधन से गांव में शोक का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पत्रकार सूरज वर्मा के पिता राम प्रवेश वर्मा का निधन अपने पैतृक आवास पर सोमवार की शाम करीब 5:29 पर हो गया। वे पिछले एक माह से लिवर इनफेक्शन बीमारी से जूझ रहे थे। रामप्रवेश वर्मा चंद्रवंशी समाज के केतार प्रखंड अध्यक्ष थे एवं अपने समाज का एक मजबूत स्तंभ माने जाते थे। उनकी आकस्मिक निधन से चंद्रवंशी समाज का अपूर्णीय क्षति हुआ है। वही निधन की खबर गांव सहित केतार प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई देखते ही देखते काफी लोग पहुंच कर अंतिम दर्शन किया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 10 बजे के करीब पास के ही पंडा नदी के तट पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में मुखिया मूंगा साह, इम्तेयाज आलम, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, रमेश राम, पुरुषोत्तम प्रसाद, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ के निर्देश पर बीडीओ ने किया जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच

**प्रभात मंत्र इम्पेक्ट**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र के 22 अगस्त 23 के अंक में *ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ जांच की किया मांग* शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद एसडीओ के निर्देश पर बीडीओ श्रवण राम ने डीलर प्रणव कुमार के जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जा कर जांच किया। उपस्थित लाभुको से पूछतास के बाद प्रणव कुमार के जन वितरण प्रणाली के लाइसेंस संख्या 11/04 का ऑन लाइन स्थिति जांच किया गया जिसमें प्रणव कुमार द्वारा बीते महीने 134 कुंतल राशन का उठाव किया गया। जिसमें से मात्र 2 प्रतिशत राशन का वितरण किया गया।शेष राशन भी उनकी जान वितरण प्रणाली की दुकान में भी उपलब्ध नही था। उक्त सभी मामलों तथा समाचार पत्रों में छपे खबर तथा ग्रामीणों के आरोप सही पाए जाने पर डीलर प्रणव कुमार की जान वितरण प्रणाली की दुकान को निलंबित करने का बीडीओ द्वारा एसडीओ को अनुशंसा कर दिया गया है ।उक्त मामले के संबंध बीडीओ श्रवण राम ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोप उक्त डीलर प्रणव कुमार पर सत्य पाया गया।जिसके आधार पर उक्त दुकान को निलंबित करने का अनुशंसा उच्चाधिकारी को कर दिया गया है एवं आगे की कार्यवाही उच्चाधिकारी के निर्देश पर किया जाएगा।उन्होंने कहा कि गरीब लाभुको का राशन हड़पने वाले किसी भी डीलर को बख्शा नही जाएगा। **क्या था मामला :** प्रखंड के बारोडीह,सरहस्ताल खुर्द व पिपरडीह ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार प्रणय कुमार पर विगत तीन माह से राशन नही देने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने तथा सभी लाभुकों को विगत तीन माह का राशन दिलाने की मांग किया है।आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर प्रणय कुमार द्वारा विगत तीन माह से राशन वितरण नही किया जा रहा है,जिससे यहां के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस क्षेत्र में दो वर्ष से सुखाड़ पड़ा है इस पंचायत में बहुत से ऐसे लोग है कि राशन नही मिलने पर उनके घर मे चूल्हा तक नही जल पा रहा है डीलर द्वारा जुलाई माह का अंगूठा यह कहकर लगवा लिया गया कि अभी राशन नही आया है,हम अगले 5 अगस्त को राशन वितरण करेंगे.अगर अंगूठा नही लगाइएगा तो राशन लैप्स हो जायेगा,लेकिन अभी तक लाभुकों को राशन नही मिल पाया है डीलर द्वारा अंगूठा लगाने के बाद पर्ची भी नही दिया जाता है। इस सम्बंध में अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा था कि मामले की शिकायत अभी प्राप्त हुआ है।उन्होंने लाभुकों को दो दिनों के अंदर जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।एसडीओ ने लाभुकों को सलाह दिया था कि राशन मिलने पर ही अंगूठा लगावें व राशन डीलर से ले तभी डीलर को राशन कार्ड दे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिक महोत्सव तीन सितंबर को

**रांची :** श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिकोत्सव तीन सितंबर को सुबह 6.30 बजे शुरू होगा और रात नौ बजे महाआरती के साथ संपन्न होगा। मारवाड़ी भवन रांची में महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने मंगलवार को बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी गठित की गई है। संयोजक निर्मल बुधिया को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में कोलकाता की निशा सोनी मंगला पाठ करेंगी। महोत्सव में देश के ख्यातिप्राप्त भजन गायक मोनू मोर भी भजनों की गंगा प्रवाहित करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर 15000 वर्गफुट का वाटर रूफ पंडाल बनाया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अभी से उपाध्यक्ष राजेंद्र केडिया ,सचिव अरविंद मंगल ,संयोजक निर्मल बुधिया और कोषाध्यक्ष राजेश पोद्दार सहित अन्य लोग जुटे हुए है।

### मारपीट और तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

**रांची :** कांके थाना में मंगलवार को पीड़ित तबरेज अंसारी ने तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में बताया है कि आफताब आलम और शाहिद न्य साथियों के साथ तीन लाख की रंगदारी मांग रहे हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई है। तबरेज कांके इलाके के सुकुरहटू गांव का रहने वाला है। तबरेज ने अफताब उर्फ सुकलु, तबु, गुड्डू, शहीद पर मारपीट करने, गाली-गलौच करने और तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। साथ ही गले का सोने का चेन छीनने, चाकू से हमला करने और घर में घुसकर गोली मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

# गली में नाली निर्माण नहीं होने से लोगों को होती है परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :वार्ड 11 का कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला अंतर्गत नाली निर्माण हो जाने के बाद सड़क का कालीकरण होना है। वहीं कुरैशी मुहल्ला के मुख्यमार्ग से सटे गली में एकराम कुरैशी के घर से लेकर सोनू कुरैशी के घर तक एक पतला सा सड़क निकाला गया है और इसी सड़क से सटा नाली का निर्माण नहीं होने से इस गली के लोग काफी परेशान हैं। नाली निर्माण नहीं होने से आसपास के जो मकान बनाये गये हैं वहां के रहने वालों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासकर जिस दिन बारिश होती है उस दिन इन लोगों का जीना दूभर हो जाता है , क्योंकि जो नाली निर्माण हुआ है उससे बरसात का गंदा पानी तेजी के साथ बहकर आता है जहां पर नाली का अंतिम छोर है वहां से गंदा पानी पूरा सड़क



और इस पास में भर जाता है। इस कारण से भी समस्याएं होती है। इस संबंध में नगर आयुक्त शशि रंजन से बात की गई , तो उन्होंने कहा कि जमीयतुल कुरैश पंचायत के परवेज कुरैशी ने वहां का फोटो के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराया है। लेकिन जब उस मुहल्ले में नाली निर्माण की शुरुआत हो रही थी तभी आवेदन दे देने से साथ-साथ ही गली की नाली का भी निर्माण करा दिया जाता । लेकिन तकनीकी कारणों से अभी तुरंत संभव नहीं है। आपके कहने पर मैंने नाली निर्माण करवाने के लिए विभाग को टेंडर निकालने का निर्देश दे दूंगा।

लेकिन अभी वहां पर दीवार से सटा कर अपने अपने घर की दीवार से नाली बना लेंगे तो कुछ समस्या का हल हो जायेगा।

# शिबू सोरेन व अविनाश पांडेय डुमरी विस में करेंगे चुनाव प्रचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव पांच सितंबर को है। सत्ता और विपक्ष पूरी जोर लगा रहे हैं। यह सीट दोनों पक्षों के लिए कई मायनों में खासा महत्व रखता है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चुनाव में फतह के लिए स्व. जगरनाथ महतो के काफी करीबी रहे शिबू सोरेन ने क्षेत्र में उतरने का निर्णय लिया है।



पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व खुद शिबू सोरेन करेंगे। इतना ही नहीं नये गठबंधन 'इंडिया' के करीब-करीब सभी दलों के नेता चुनाव अभियान में उतरेंगे। पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची तैयार कर ली है, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन दल के कई नेताओं को शामिल किया गया है। कुल 36 नेता इस चुनावी अभियान का मोर्चा विभिन्न क्षेत्रों में संभालेंगे। इसके अतिरिक्त जो नेता स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं, वह भी डुमरी में चुनाव प्रचार करेंगे। सरकार और 'इंडिया' गठबंधन के स्टार प्रचारकों में झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष एवं राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री एवं पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष शिबू सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, कांग्रेस विधायक दल नेता और मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो के मंत्री चंपई सोरेन, हफीजुल हसन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर, कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, राजद नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक सरफराज अहमद, बसंत सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, मथुरा प्रसाद महतो, सीता सोरेन, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अंबा प्रसाद, कुमार जयमंगलम, दीपिका सिंह पांडेय, माले विधायक विनोद सिंह आदि शामिल हैं। इनके अलावा विभिन्न दलों के नेताओं में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, जदयू प्रदेश एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो, झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद पिंटू, कांग्रेस नेता ममता देवी, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित संजय यादव, निजामुद्दीन अंसारी भी स्टार प्रचारक की लिस्ट में हैं। उल्लेखनीय है कि जगरनाथ महतो के निधन के बाद डुमरी विधानसभा सीट खाली हो गया। इसके बाद हो रहे उप चुनाव में पार्टी ने उनकी पती बेबी देवी को पहले ही मंत्री बनाकर चुनावी मैदान में उतार दिया।

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए चैंबर ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके क्षेत्र में नियमित रूप से सड़कों पर घटित होनेवाली दुर्घटना की सूचना मिलने पर झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने उपायुक्त और जिला सड़क सुरक्षा समिति के प्रबंधक को पत्राचार कर कार्रवाई का आग्रह किया। अवगत कराया गया कि कैंब्रियन पब्लिक स्कूल और ब्लेसिंगटन हाईट्स (कांके रोड) के आमने-सामने नियमित रूप से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां डिवाईडर भी टूटी-फूटी अवस्था में है जिस कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती हैं। इस स्थान को सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा ब्लैक स्पॉट घोषित कर, अतिशीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। यह भी अवगत कराया गया कि रिलायंस मार्ट के बाद की सभी स्ट्रीट लाइटें विगत कई माह से खराब पड़ी हुई हैं तथा दूसरी तरफ डिवाइडर भी बेतरतीब ढंग से होने और गाड़ियों के स्पीड पर नियंत्रण नहीं होने के कारण प्रायः नियमित रूप से वाहनों का आपस में टकराव होता है। चैंबर द्वारा भेजे गये पत्र में कहा गया कि पंचरत्न हाईट्स से लेकर जवाहर नगर तक का पूरा हिस्सा रात में दुर्घटना की आशंका वाला होता है जिसका मुख्य कारण डिवाइडर कहां से शुरू होता है या कहां तक खत्म होता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होता है, क्योंकि डिवाइडर पर गलत संकेत दिये गये होते हैं और सामने से आनेवाले वाहनों के हेडलाईट्स से वाहन चालकों को पता नहीं चल पाता।

# डीएसएमएम की संविधान बचाओ-देश बचाओ भीम संदेश यात्रा दो अक्टूबर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) की झारखंड राज्य कमेटी की बैठक भंते जैनेंद्र तथागत की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव बालक पासवान की उपस्थिति में राज्य महासचिव दिनेश रविदास ने अब तक लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रतिवेदन रखा। बैठक में शिवबालक पासवान ने देश और राज्य में दलित समुदाय की स्थिति पर विचार रखा। बैठक को संबोधित करते हुए भंते जैनेंद्र तथागत ने मंच के जनाधार को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में मंच की मजबूती के लिए कई जिलों में कन्वेंशन आयोजित कर जिला




स्तरीय कमेटी का गठन करने, 30 सितंबर को दलितों के ज्वलंत मुद्दों पर जिला स्तर पर प्रदर्शन करने, दो अक्टूबर (महात्मा गांधी के जन्म दिवस) से छह दिसंबर (बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस) तक संविधान बचाओ-देश बचाओ भीम संदेश यात्रा दो चरणों में पूरे राज्य में निकालने का निर्णय हुआ। साथ ही दलित समुदाय के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जल्द ही राज्यपाल से एक प्रतिनिधिमंडल के मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुकुमार बाउरी, रामनरेश महतो, प्रवीण कुमार पाठक, राहुल कुमार, विजय सिंह, मनोज पासवान, जंगबहादुर जसवारा, रामवृक्ष धारी, नितेश कुमार, पवन कुमार सिंह, संगीता कुमारी, प्रतीक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जेल में बंद व्यवसायी विष्णु अग्रवाल रिम्स में भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जमीन घोटाला मामले में होटवार जेल में बंद व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को रिम्स में भर्ती कराया है। मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति ने मंगलवार को बताया कि अनियंत्रित शुगर, ब्लड प्रेशर, सांस लेने में समस्या और पेट के निचले भाग में सूजन के बाद रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के पहले तल्ले पर भर्ती कराया गया है।

डॉ विद्यापति ने बताया कि विष्णु अग्रवाल का प्रारंभिक चरण में दवाइयां दी गई हैं। रूटीन जांच में सीबीसी, आरएफटी, एलएफटी, अल्ट्रासाउंड, ब्लड शुगर, ईसीजी, इको और यूरिन टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार है।



रिपोर्ट के आधार पर इलाज की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उनके इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। संभवतः बुधवार को मेडिकल बोर्ड की बैठक होगी और उसमें इलाज को लेकर चर्चा की जायेगी।

# नगर निगम के प्रशासक के पद पर अमित कुमार ने लिया पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अमीत कुमार, भाप्रसे ने रांची नगर निगम के नए प्रशासक के पद पर पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक शशि रंजन, भाप्रसे, ने उन्हें प्रभार सौंपा एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, उप प्रशासक रजनीश कुमार, मुख्य अभियंता रामा शंकर राम, सहायक प्रशासक ज्योती कुमार सिंह, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।



बता दें कि अमित कुमार रांची के एसडीओ और इसके बाद देवघर के डीसी भी रहे चुके हैं। बता दें कि अमित कुमार जब रांची एसडीओ के पद पर कार्यरत थे तब विमेंस कॉलेज की एक छात्र की घर लौटते समय आर्मी गाड़ी से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, आर्मी गाड़ी घटना स्थल से जा चुकी थी।इसके बाद जब अमित कुमार को यह जानकारी हुई तो उन्होंने देर रात इलाहिबक्स कॉलोनी स्थित मृतक छात्रा के घर रांची शहर अंचल के तत्कालीन सीईओ शाहशाह को भेज कर मृतक के आश्रित गरीब मां को न सिर्फ मुआवजा दिलाया, बल्कि उक्त आर्मी गाड़ी की शिकायत नामकुम आर्मी विभाग में करते हुए पांच लाख मुआवजा दिलाने की पहल भी किए थे।

# पारस अस्पताल में महिला के गर्भाशय से सर्जरी कर बड़े ट्यूमर को निकाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पारस अस्पताल में महिला के गर्भाशय से सर्जरी कर बड़े ट्यूमर को निकाला गया । पश्चिम बंगाल के चितरंजन से एक 35 वर्षीय महिला अपना इलाज कराने राँची आई थी। पिछले 6 महीने से अत्यधिक रक्तस्राव और पेट में दर्द से परेशान थी।मरीज छह माह से पेट में दर्द की शिकायत के साथ गंभीर स्थिति में रॉंची के पारस एचईसी अस्पताल आयी थी । अस्पताल में डॉ अंशु अग्रवाल ने जाँच में पाया की महिला के पेट में एक बहुत बड़े आकार (12×12 सेमी) का ट्यूमर (फाइब्रॉइड) था (जिसके कारण महिला को पीरियड्स के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होता था और उसके पेट में बहुत दर्द होता था)। सामान्यतः इतना बड़ा ट्यूमर बहुत कम लोगों को ही होता है। पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल ने तत्काल महिला के पति को इसकी जानकारी दी और सर्जरी के द्वारा ट्यूमर (फाइब्रॉइड) को हटा दिया गया। सर्जरी सफल रही। सर्जरी के अगले ही दिन मरीज़ उठने में सक्षम हो गया और सामान्य भोजन लेने लगी । सर्जरी के बाद मरीज और उसके पति दोनों खुश थे। डॉक्टर ने बताया कि वह पिछले छह महीने से पेट दर्द से पीड़ित थी। दर्द बहुत तेज था और वह इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। अनीमिया हो जाता है। अधिकतर मामलों में बीमारी की मुख्य वजह बने छोटे ट्यूमर का सर्जरी नहीं किया जा सकता है। ट्यूमर मुख्यतः तीन तरह के होते हैं। सही समय पर सही उपचार के बाद ट्यूमर को हटाया जा सकता है और रोका जा सकता है। पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ



डॉ अंशु अग्रवाल सभी महिलाओं को सलाह देते हुए कहती हैं कि ट्यूमर को हटाने के बाद भविष्य में 6 महीने तक गर्भधारण न करने की सलाह दी जानी चाहिए और गर्भधारण के बाद ऑपरेशन से ही प्रसव कराना चाहिए, वह भी विशेषज्ञ के हाथों से ।

# रांची : बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बांधी गई राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बार एसोसिएशन सभागार में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान हरमू रोड की केन्द्र संचालिका ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन द्वारा वकीलों, एसोसिएशन पदाधिकारियों एवं सचिव संजय विद्रोही को राखी बाँधकर पवित्रता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा मनुष्य सर्व समर्थ नहीं है जब धरती पर बुराईयों का साम्राज्य हो जाता है तब करूणासिन्धु परमात्मा मनुष्य को मायावी बंधनों से मुक्त करके ईश्वरीय मर्यादा के रक्षासूत्र में बाँधते हैं। इस रक्षासूत्र को बाँधने से सब रोग नष्ट होकर अशुभ का नाश हो जाता है। राखी के रेशमी धागे रूपये दो रूपये की चीज न होकर मानव में पवित्रता की धारणा कराने वाले अमूल्य उपहार है। राखी की पुण्य प्रदायक भावना विश्व को स्वर्ग बना सकती है। विकारों से रक्षा करने हेतु राखी बंधन की परम्परा वर्तमान संगम समय ही शुरू की गई थी। आध्यात्मिक भावनाओं के अनुभवों से अभिभूत वार एसोसिएशन सचिव श्री संजय विद्रोही ने ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन का परिचय सभी एडवोकेड्स वकीलों से कराया। मौके पर आर एस प्रसाद, युगल किशोर प्रसाद, विजय पाण्डे, पीयूष मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल सहित अन्य अधिवक्ताओं को राखी बाँधी गई ।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रांची** : नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय में एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी। मृतक की पहचान नयाटोला निवासी इसराइल अंसारी के पुत्र अफताब आलम(21) के रूप में हुई है। नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मंगलवार को बताया कि सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो देखा कि युवक का शव रेलवे पटरी पर पड़ा हुआ है। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। इधर घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

# सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की जमीन हड़पने के आरोपित ने रांची कोर्ट में किया सरेंडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत रिटायर्ड जस्टिस युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश करने के फरार आरोपित शाहनवाज अली उर्फ कंजा गद्दी ने मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। फरार चल रहे आरोपित शाहनवाज ने न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। उल्लेखनीय है कि बीते 25 जून को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस दिवंगत युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने की कोशिश मामले को लेकर भू- माफियाओं के खिलाफ लोअर गाजार थाने में




प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसे लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख में प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी की ओर से मामला दर्ज कराया गया था। लोअर बाजार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था।

कोर्ट का आदेश आने से पहले उसने सरेंडर कर दिया। इस केस के अन्य आरोपित को पुलिस ने बीते पांच अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। इनमें पप्पू गद्दी और अली हुसैन शामिल थे।

# सांसद ने केंद्र से झारखंड में बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों व पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मंगलवार को पत्र लिखा है। इसके जरिये झारखंड में रांची सहित अन्य शहरों जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, दुमका, मेदिनीनगर व चाईबासा में बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि सीबीजी को विश्व स्तर पर हरित ईंधन के रूप में मान्यता प्राप्त है। आने वाले दिनों में बायो ढ्ढ सीएनजी भारत के भविष्य का ईंधन बन सकता है। यह न केवल भारत के प्राकृतिक गैसों के आयात पर आने वाले खर्च को कम कर सकता है, बल्कि देश में कचरे से निपटने में भी मदद कर सकता है। दीपक प्रकाश ने झारखंड में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए राज्य में बायो-सीएनजी प्लांट की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके मुताबिक बायो-सीएनजी प्लांट लगने से कचरे का निपटारा और ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी। साथ ही साथ रोजगार सृजन का नया आयाम स्थापित




होगा। पत्र में लिखा है कि झारखंड में रांची सहित अन्य जगहों पर जैव-सीएनजी संयंत्र की स्थापना होने से यह परियोजना अन्य शहरों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई शहरों में भूमि के विशाल हिस्से से कचरे के ढेर को हटाने का प्रयास भी होगा।

साथ ही संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) के उपयोग से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय, मवेशी पालने वाले ग्रामीणों की आय के स्रोत और उद्यमिता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में सार्थक सिद्ध होगा।

# धीमी गति से हो रहा है निर्माण कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांटा टोली से लेकर डांगरा टोली के बीच दाहिने और बाई और सड़क से सटाकर गड्ढा खोदकर वायर इत्यादि बचाने का कार्य तेजी से हो रहा है। लेकिन बरसात की वजह से काम धीमी गति से हो रहा है। लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर वहां पर कोई भी बोर्ड या रेलिंग लगा कर घेरा नहीं किया गया है। गड्ढा अधिक है और पानी भर गया है। आने जाने वाले वाहन या अंधेरा में कोई पैदल चलने वाला व्यक्ति इस गड्ढे में गिर सकता है और बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



दुर्घटना ना हो इसको लेकर संबंधित विभाग के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था की जानी चाहिए थी। जैसा की तस्वीर में प्रतीत हो रहा है की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है जो आने वाले समय के लिए बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है।

## पिपरवार के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क से लोग परेशान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती के पास जर्जर सड़क इन दिनो आवागमन करने वाले लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है।जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार के द्वारा पतरातू से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क का निर्माण कराया गया है।इस बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती के समीप करीब एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य मुआवजा लंबित होने का कारण नही कराया गया है।उक्त एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है।सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण बरसात के इस मौसम में उसमें पानी भर गया है,जबकि उक्त मार्ग पर कई कोल वाहनों का परिचालन होता है।कोल वाहनों के परिचालन के दौरान आए दिन यहां कई कोल वाहन गड्ढे में फस जाते हैं,जिसके कारण सड़क जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मुआवजा लंबित होने के कारण सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा करीब एक किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया गया है,जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण उसने बरसात का पानी जमा हो गया है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो पा रहा है और आए दिन गड्ढे में वाहनो के फंसने की सूचना मिल रही है।वही दो पहिया वाहन चालक यहां गिरकर घायल भी हो रहे हैं।इस संबंध में आवागमन करने वाले लोगों ने जल्द बचे हुए सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

## पिपरवार में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सीटु और सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के बीच 30 सूत्री मांगों पर एजेंडा मीटिंग हुई।इस मीटिंग की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।इस मीटिंग में संगठित और असंगठित मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई,जिसमे मुख्य रूप से मजदुरो के प्रमोशन,आवास आवांटन,आवास मरम्मति, शुद्ध पेयजल,वर्षो से एक ही पद पर जमे कामगारों का टेबल ट्रांसफर,खदानों मे मजदुरो की सुरक्षा,कैन्टीन, शौचालय,लाईटिंग,हॉल रोड ठीक करने,मशीनो के रख-रखाव,आवासीय कॉलोनी में समुचित बिजली,पानी की व्यवस्था करने,साफ सफाई, पुर्नवास केंद्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने,जमीन के बदले लंबित नौकरी और मुआवजा जल्द देने सहित कई मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।उक्त सभी मांगों पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया।प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।बैठक में मुख्य रूप से जीएम सीबी सहाय,एसओपी आलोक मनीष सोय,एसओसी सुमन कुमार,रवि बाड़ा,नागेश कुमार,बिरेन्द्र महतो के अलावे युनियन की ओर से केन्द्रीय अध्यक्ष मिथिलेश सिंह,केन्द्रीय सदस्य धनेश्वर तुरी,जोनल सचिव जंगबहादुर राम,जोनल अध्यक्ष रतिया गंझु,एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान,मिथिलेश पासवान,दर्शन गंझु,मन्टु मिश्रा,सुभाष कुमार,मो. शमीम,संतोष मेहता,रोहित गंझु,मो. जमशेद,इंदर सिंह, अशोक सिंह सहित यूनियन के एनके पिपरवार के कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व अध्यक्ष के पिपरवार पहुंचने पर इनमौसा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सेवानिवृत सीनियर ओवरमैन सह इनमौसा के पूर्व एरिया अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान के पिपरवार पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे कार्यक्रम आयोजित कर हाजी अब्दुल रहमान का बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हाजी अब्दुल रहमान पिपरवार परियोजना में सीनियर ओवरमैन के पद से रिटायर हुए हैं।साथ ही इनमौसा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। पिपरवार में उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इनमौसा कमेटी को मजबूत बनाने में उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने उनके सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर हाजी अब्दुल रहमान के अलावे अनिल कुंवर,एसडी राम,इक़बाल हुसेन,एसके सिंह,सुरेश महतो,कलवंत सिंह,सिद्धनाथ सिंह,दीपक उंराव,बंसत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली अस्पताल को मिला नया एम्बुलेंस

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली अस्पताल में मंगलवार को नया एंबुलेंस आ गया। विभाग की ओर से भेजे गए इस नए एंबुलेंस का उपयोग लोग 108 डायल करके कर सकेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले पुराने एंबुलेंस के खराब हो जाने के कारण कई बार मरीजों को




अस्पताल ले जाने आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस नए एंबुलेंस में सारी सुविधाएं दी गई है।

# श्रम कल्याण कार्यालय पर निर्माण कामगार यूनियन ने किया विशाल धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** कौन बनाया हिन्दुस्तान - भारत के मजदूर किसान की गगनभेदी नारों के साथ सीटू से सम्बद्ध कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( सी डब्लू एफ आई ) के देशव्यापी आह्वान पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रम कल्याण ऑफिस के समक्ष विशाल धरना देकर प्रदर्शन किया. जिसका नेतृत्व सीटू नेता और यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश ने किया. धरना स्थल पर यूनियन के नगर अध्यक्ष नागेश्वर दास की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू नेता और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव व सीडब्लूएफआई केन्द्रीय कमिटी सदस्य संजय पासवान ने कहा कि देश की मेहनकश आवाम आज भी भूख, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और सामाजिक शोषण का दंश झेल रहा है. भारतीय निर्माण उद्योग कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। जहां लगभग 51 मिलियन लोग काम करते हैं और देश की जीडीपी में लगभग 11त्न का योगदान देते हैं। निर्माण मजदूरों के लिए 1996 के




कानून को संघर्षो के बल पर पूरे देश में लागू करवाया गया. लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी निर्माण श्रमिक कल्याण बोड मे निर्माण मजदूरों का बड़ा हिस्सा पंजीकृत नहीं हुआ हैं. कानून बनने से लेकर अब तक कुल 78521.24 करोड़ रूपये सेस से वसूली की गई है. जिसमें 35399.40 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए. 54.91त्न यानी 43,121.84 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किया गया. केरल में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड को छोड़कर झारखंड सहित सभी राज्यों में हजारों करोड़ रुपये पड़ा हुआ है, लेकिन मजदूरों पर खर्च नहीं किया जा रहा है. सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने निर्माण श्रमिकों के हक के लिए लाल झंडे के तले मजदूरों को लामबंद होने और लम्बी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया. मजदूर नेता और निर्माण यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि आज निर्माण मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. महंगाई रोज बढ़ रहा है, मजदूरों को परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. लेकिन मजदूरों की मजदूरी बढ़ाया नहीं जा रहा है. मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए श्रमाधान पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है और जिसके कारण उनका लेबर कार्ड नहीं बन रहा है और कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं. मजदूरों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा. धरना के बाद एक सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल श्रम अधीक्षक से मिलकर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपकर वार्ता किया. मांगों में सभी निर्माण श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 और 10 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन सुनिश्चित करने, निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमत पर रोक लगाने व जीएसटी खत्म करने, निर्माण श्रमिक कल्याण निधि का दुरूपयोग बंद करने, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लेने, बीओसीडब्लू अधिनियम 1996 और अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम 1979 को मजबूत करने, सभी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण व समय पर लाभ सुनिश्चित करने, सेस से जमा करोड़ों रुपये मजदूरों पर खर्च करने, फर्जी मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग शामिल है. सभा को कर्मचारी नेता दिनेश रविदास, मुखिया विरेन्द्र यादव, यूनियन नेता शंभु पासवान, राजेन्द्र पासवान, बालेश्वर राम आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया. कार्यक्रम में रविन्द्र भारती, अशोक रजक, तालेवर दास, सहदेव दास, संजय यादव, रामजनम कुम्हार, श्यामनंदन पासवान, राजू यादव, मो हसीम, मुकेश सिहं, पार्वती देवी, मुंशी दास, गीता देवी, सुनीता देवी, राधा देवी, बसंती देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल थे.

## एबीवीपी ने किया बिरसा कॉलेज खूंटी में रक्तदान शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** बिरसा कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एचडीएफसी बैंक खूंटी शाखा के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान शिविर में कुल 22 यूनिट ब्लड जमा हुआ। सभी ब्लड डोनर पहली पर खून दान कर रहे थे यह सोचकर मन में सकारात्मक ऊर्जा उत्सर्जित हो रही थी और ब्लड डोनेट किया है यह सोचकर अच्छे विचार आ रहे थे। वही एचडीएफसी बैंक खूंटी शाखा की और से रक्तदान कर्ताओं को विशेष उपहार भी दिया गया। मौके पर बिरसा कॉलेज खेल प्रमुख राजकुमार गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से लोगों की जान बचती है, चलिए हम रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाएँ और सुनिश्चित करें कि जरूरतमंदों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त समय पर और किफायती दर पर मिले। हम सभी रक्तदान करें, किसी दूसरे के लिए यह कार्य करें।

सदर अस्पताल खूंटी ब्लड बैंक के अनुज झा ने कहा कि थेलेसिमिया के मरीज़ मुझसे कई बार मिलने आये और मुझे फोन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीमार रोगियों की अपीलें / शिकायतें प्राप्त होती हैं, जिन्हें स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम हर समय उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें और ब्लड बैंकों में ताजे रक्त की नियमित आपूर्ति बनाए रखें। उन्होंने स्वैच्छिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि देश में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त स्टॉक बनाने हेतु उन्हें आगे आना चाहिए और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना चाहिए। एबीवीपी जिला सयोजक कलेश महतो ने कहा मानवीय कार्यों के सभी रूपों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और शुरू करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए ताकि आने वाले समय में मानव पीड़ा को कम किया जा सके।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

55वीं औपबंधिक सूची जिला–राँची (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– कोतवाली थाना काण्ड संख्या–280/98 में नामित अभियुक्त एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुनील फकीरा द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200–250 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–1650<br>2. आवेदक–पप्पू आलम , पिता–स्व० अथर हुसैन<br>3. ग्राम–ग्वाला टोली रोड, पोस्ट–जी0पी0ओ0 थाना–हिन्दपीढ़ी प्रखण्ड–सदर राँची ,<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के बगल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–1750<br>2. आवेदक–किरण कच्छप , पिता–स्व० बिरबल कच्छप<br>3. ग्राम–पुरानी राँची, पोस्ट–जी0पी0ओ0 थाना–कोतवाली प्रखण्ड–सदर राँची ,<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पांव में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– बेड़ो थाना काण्ड संख्या–90/87 में नामित एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री पंचु उरांव द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 150 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–473/23<br>2. आवेदक–सुकरा उराँव , पिता–स्व0 रूपना उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–474/23<br>2. आवेदक–बुधुवा उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–475/23<br>2. आवेदक–बंधना उराँव , पिता–स्व0 बान्दे उराँव<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–488/23<br>2. आवेदक–केदार महतो , पिता–स्व0 चरका महतो<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–507/23<br>2. आवेदक–केदार महतो , पिता–स्व0 चरका महतो<br>3. ग्राम–टेरो, पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–काँके थाना काण्ड संख्या–009/91 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नूर आलम एवं श्री मनौवर हुसैन द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 30–40 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–489/23<br>2. आवेदक–संतोष कुमार मेहता , पिता–शिवलोचन महतो<br>3. ग्राम–झारखण्ड नगर , पोस्ट–हेहल , थाना–पंडरा , प्रखण्ड–सदर राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–490/23<br>2. आवेदक–जितेन्द्र सिंह , पिता–रामजी प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–शुक्ला कॉलोनी, हिनू , पोस्ट–हिनू , थाना–डोरण्डा , प्रखण्ड–सदर राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मासा | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–तमाड़ थाना काण्ड संख्या–09/91 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जन्मेंजय महतो , गोविन्द महतो , मेघनाथ महतो , मकसुद आलम एवं श्रृष्टिधर महतो द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200–300 अज्ञात की संख्या के आ धार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–377/23<br>2. आवेदक–कन्हैया लाल कनक , पिता–स्व0 लक्ष्मण साहू<br>3. ग्राम–वीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–1570, 1297<br>2. आवेदक–सोमेश्वर दास , पिता–स्व0 हरि दास<br>3. ग्राम–पुण्डिदिरी , पोस्ट–तमाड़, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–466/23<br>2. आवेदक–खिरन महतो , पिता–स्व0 राधा महतो<br>3. ग्राम–मल्हान भुईयाडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–213/23<br>2. आवेदक–मो0 शकुर , पिता–स्व0 राधा महतो<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–437/23<br>2. आवेदक–अशोक सेठ , पिता–स्व0 खोगेन्द्र सेठ<br>3. ग्राम–सारजमडीह , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बीच ललाट में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–440/23<br>2. आवेदक–हरेलाल महतो , पिता–स्व0 दलु महतो<br>3. ग्राम–चिरूडीह , पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–438/23<br>2. आवेदक–कबीर स्वांशी , पिता–स्व0 गोविन्द स्वांशी<br>3. ग्राम–मरधान , पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–283/23<br>2. आवेदक–निवारण रजक , पिता–हाराधन रजक सेठ<br>3. ग्राम–हुरूण्डीह , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–416/23<br>2. आवेदक–आनंद राम महतो , पिता–स्व0 हेमन्त महतो<br>3. ग्राम–हेठ बुढ़ाडीह , पोस्ट–बुढ़ाडीह , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–447/23<br>2. आवेदक–नन्द किशोर महतो , पिता–स्व0 दुर्गा महतो<br>3. ग्राम–खुदीमधुकम , पोस्ट–रेलाडीह , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–467/23<br>2. आवेदक–अशोक कुमार , पिता–स्व0 उपेन्द्रनाथ सिंह<br>3. ग्राम–रायडीह , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में दायें तरफ तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–282/23<br>2. आवेदक–डॉ0 धनेश्वर मेहता , पिता–स्व0 चुनीलाल मेहता<br>3. ग्राम–उलीलोहार , पोस्ट–उलीलोहार, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–482/23<br>2. आवेदक–विजय सिंह मानकी , पिता–स्व0 राखोहरि सिंह मानकी<br>3. ग्राम–परासी , पोस्ट–परासी, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4 लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–481/23<br>2. आवेदक–खगेन्द्र महतो , पिता–बनवारी महतो<br>3. ग्राम–रागड़ाबाडांग , पोस्ट–बारेडीह, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–494/23<br>2. आवेदक–अरूण कुमार कश्यप , पिता–रामगोपाल कश्यप<br>3. ग्राम–रायडीह , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–495/23<br>2. आवेदक–श्याम लाल मुण्डा, पिता–सुखलाल मुण्डा<br>3. ग्राम–रोलाडीह , पोस्ट–उलीडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–496/23<br>2. आवेदक–सोहन मुण्डा, पिता–स्व0 विसल मुण्डा<br>3. ग्राम–जारगो , पोस्ट–जारगो , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0–214/23<br>2. आवेदक–समीम अंसारी, पिता–स्व0 जमील अंसारी<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 28 | 1. आवेदन क्र0–110/23<br>2. आवेदक–कोकिल चन्द्र महतो, पिता–स्व0 देवचाँद महतो<br>3. ग्राम–बाबुरामडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0–108/23<br>2. आवेदक–मो0 तजबील अंसारी , पिता–मो0 इस्लाम अंसारी<br>3. ग्राम–रड़गाँव , पोस्ट–रड़गाँव , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0–109/23<br>2. आवेदक–चन्द्र कान्त महतो, पिता–बिनोद महतो<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 31 | 1. आवेदन क्र0–22/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र महतो, पिता–स्व0 रघु महतो<br>3. ग्राम–बाबुरामडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32 | 1. आवेदन क्र0–92/23<br>2. आवेदक–स्वरूप भट्टाचार्य, पिता–स्व0 शांति भट्टाचार्य<br>3. ग्राम–मोदीडीह मोहल्ला , पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 33 | 1. आवेदन क्र0–506/23<br>2. आवेदक–हरि सिंह मुण्डा , पिता–स्व0 घासीराय सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–बीरडीह , पोस्ट–हाड़ामलोहार , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–507/23<br>2. आवेदक–काली चरण महतो , पिता–स्व0 जीतु महतो<br>3. ग्राम–कोठाडीह , पोस्ट–परासी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0–508/23<br>2. आवेदक–केशव चन्द्र महतो , पिता–सत्यनारायण महतो<br>3. ग्राम–चैनपुर , पोस्ट–जाजोहातु , थाना–अड़की , प्रखण्ड–अड़की<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के अंगुठा में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–509/23<br>2. आवेदक–नन्दकिशोर हजाम , पिता–स्व0 लखीचरण हजाम<br>3. ग्राम–काँची , पोस्ट–काँची , थाना–बुण्डु , प्रखण्ड–बुण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–511/23<br>2. आवेदक–सचिदानन्द गुप्ता , पिता–स्व0 त्रिवेणी राम साहू<br>3. ग्राम–वीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–510/23<br>2. आवेदक–गिरीबाला देवी , पति–दुधेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बीरगाँव , पोस्ट–सारजमडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना नाक के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–383/23<br>2. आवेदक–भगत महतो , पिता–रामदयाल महतो<br>3. ग्राम–कुबासाल, जामटोला , पोस्ट–विजयगिरि , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–382/23<br>2. आवेदक–सुकरा महतो , पिता–स्व0 सहदेव महतो<br>3. ग्राम–मल्हान भुईयाडीह , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–468/23<br>2. आवेदक–निरंजन सिंह मुण्डा , पिता–सम्बद सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें भौवे के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–273/23<br>2. आवेदक–ईश्वर दयाल महतो , पिता–राखाल महतो<br>3. ग्राम–बुढाडीह , पोस्ट–विजयगिरी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–280/23<br>2. आवेदक–विष्णु प्रजापति , पिता–स्व0 चामरा प्रजापति<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–279/23<br>2. आवेदक–नेपाल माँझी , पिता–स्व0 मोसरानी माँझी<br>3. ग्राम–पालना , पोस्ट–बाबुरामडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–288/23<br>2. आवेदक–सम्पूर्ण महतो , पिता–अधनू महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के अंगुली में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–289/23<br>2. आवेदक–मोहित महतो , पिता–सुरेन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग , पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–

1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य    (नरसिंह मुर्मू) सदस्य    (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR305213 (Home)23-24*D

## टाटा स्टील माइनिंग को मिला सीआईआई सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार



**जमशेदपुर/भुवनेश्वर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील माइनिंग की सुकिंदा क्रोमाइट माइन ने मंगलवार को कोलकाता में देश के अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित 17वें सुरक्षा संगोष्ठी और प्रदर्शनी में प्रतिष्ठित सीआईआई एसएचई उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। कंपनी को सुरक्षित और टिकाऊ कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी अथक प्रतिबद्धता के लिए खनन क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तर के विजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दो दिवसीय कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक (एसएचई) ठाकुर अजय कुमार विश्वम्भरनाथ, मंडल प्रबंधक (संयंत्र) सुभेंदु नस्कर और टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंधक (खनन) मोहम्मद मुजाहिद ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) के प्रबंध निदेशक पंकज सतीजा ने कहा, हम हमेशा अपने कार्यबल की भलाई सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। मैं हमारे संचालन में और उसके आसपास सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रथाओं के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के हमारे अथक प्रयासों को पहचानने के लिए जूरी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।

## बिष्टुपुर राजस्थान भवन में आयोजित शिविर में 104 यूनिट रक्त संग्रह




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम सेवा समिति एवं जिला मारवाड़ी सम्मलेन बिष्टुपुर शाखा द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। स्व.रमा देवी एवं स्व. श्याम सुंदर अग्रवाल की पूण्य स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद विधुत वरण महतो एव विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुरेश सोंथालिया, दिलीप गोयल, अशोक गोयल, मुकेश मित्तल एवं मनोज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर श्री श्याम सेवा समिति के संयोजक मुकेश आगीवाल एवं मारवाड़ी सम्मलेन बिष्टुपुर शाखा के अध्यक्ष सुनील सोंथालिया ने बताया की यह शिविर प्रातः 9.30 बजे से संध्या 4 बजे तक भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से चला। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में पवन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अरुण गुप्ता, सुरेश आगीवाल, किशोर गोलछा, दिलीप गोयल, सुरेश शर्मा, विनोद शर्मा, किशन संघी सहित दोनों समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## परसुडीह सोसाइटी कॉलोनी में 27 को सजेगा बाबा श्याम का दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन माह के एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह द्वारा 15वां भव्य श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। रविवार 27 अगस्त की रात परसुडीह हाट बाजार रोड़ स्थित को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा। इसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, बिजय अग्रवाल बिजु एवं मनोज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मंगलवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में आमंत्रित कलाकार वाराणसी के पुनीत कृष्ण जैतली समेत स्थानीय कई भजन गायक भी बाबा श्याम के भजनों का गुणगान करेंगें। 08.30 बजे रात से भजनों का शुभारंभ होगा, जो देर रात प्रभु इच्छा तक चलेगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग का प्रसाद रहेगा। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में अखिलेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल बबलु, विनीत अग्रवाल, वैभव बंटी अग्रवाल, अनुराग शर्मा, नवीन अग्रवाल बंटी, संजय अग्रवाल संजु सहित समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

## लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम ने टाटानगर गौशाला को भेंट किये 50 पंखे



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम द्वारा अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला में संस्था द्वारा समाजसेवी दशरथ सिंह एवं अनिल सिंह गुड्डू के सहयोग से गौ माता के लिए टाटानगर गौशाला प्रबंधन को 50 पंखे प्रदान किये गए। साथ ही लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा अपने-अपने घरों से रोटी, गुड़, हरा सब्जी, चारा लाकर गौ माता को अपने हाथों से खिलाया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर प्रीमियम की अध्यक्ष नेहा चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी कैलाश सरायवाला, विजय आनंद मूनका, कमल जैन, वी के लूथरा, सीमा बाजपेयी, शुभम बाजपेयी, आनंद चौधरी, नेहा चौधरी, नवनीत चौधरी, ममता मूनका, सुमित मूनका, सपना भाउका, महेश भाउका, रोहित अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, दीपक गर्ग, अअभिषेक अग्रवाल (गुड्डू) गौरव अग्रवाल, विनोद विधार्थी, गुड्डु सिंह, कौशिक मोदी, निधि मोदी, प्रकाश सिंह, कुणाल महतो, कमल किशोर अग्रवाल, लिप्पु शर्मा, अजय भालोटिया, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के काटने से वृद्ध की मौत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरी चराने के दौरान एक वृद्ध को मधुमक्खियों ने काट लिया। इससे वृद्ध की सोमवार देर रात मौत हो गई। मृतक 70 वर्षीय रामकिष्टें महतो उर्फ धाधुर मनोहरपुर थाना अंतर्गत ढिपा पंचायत के ग्राम बड़पोष टोला केंदुसाई का रहने वाला है।मिली जानकारी के अनुसार मधुमक्खी काटने की घटना दो दिन पूर्व की है। मृतक रामकिष्टें महतो घर के समीप जंगल में बकरी चराने के लिए गया हुआ था। तभी उन पर अचानक मधुमक्खियों उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने उसके चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों में बुरी तरह से काट लिया था।

## लावा में लंगूर की बनी समाधि, बजरंगबली मानकर ग्रामीणों ने किया पूजा-पाठ

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र के लावा गांव में रामकृष्ण मंदिर के बगल में युवा कमेटी की ओर से एक लंगूर की समाधि बनाने के पश्चात बजरंगबली मानकर मंगलवार को पूजा-पाठ किया गया। इसमें जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार, मुखिया गंगाधर सिंह, मृत्युंजय महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, अश्विनी दास व प्रभारी वनपाल समित कुमार पाठक समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग ग्रहण किया।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त अध्यक्षता में जेजे, पोक्सो एक्ट के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

# बच्चों के साथ संवेदनशील होकर सेंसेटिव पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करें : एसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा किए जा रहे अपराध एवं बच्चों पर हो रहे अत्याचार पर बाल अधिकार अधिनियम के तहत प्रोटोकोल फॉलो करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा बच्चे समाज की अगली पीढ़ी होते हैं, इनके साथ संवेदनशील होकर सेंसेटिव पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत करें। ताकि बच्चे पुलिस से डरें नहीं बल्कि भरोसा करें कि पुलिस हमारी मदद करेगी। पुलिस उपाधीक्षक ने जेजे एक्ट के प्रवधान एवं लगाए जाने वाली धाराओं सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। डालसा सचिव ने पोक्सो अधिनियम 2012 पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि सीडब्ल्यूसी बोर्ड के सदस्यों की अनुशंसा पर डालसा द्वारा कानूनी सहायता, मुआवजा और सहायता प्रदान की जाएगी। एफआईआर और मेडिकल रिपोर्ट जमा होने के बाद अदालत में अंतरिम मुआवजे के लिए आवेदन किया जा सकता है। कार्यशाला मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, पुलिस उपाधिक्षक चन्दन कुमार वत्स, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ सुधा वर्मा एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमित बने आशियाना आदित्य के रेजिडेंशियल कॉलोनी के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आशियाना आदित्य के रेजिडेंशियल कॉलोनी के सोसायटी की एक बैठक गम्हरिया स्थित होटल पर्ल में हुई। बैठक में सोयायटी का चुनाव कराया गया। इस मौके पर अमित कुमार नागेलिया आशियाना आदित्य सोसायटी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा अलोक कुमार चौधरी को सचिव, श्यामेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार को संयुक्त सचिव, दीपेन सरकार को कोषाध्यक्ष और पुष्कर कुमार को सह कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। साथ ही,कार्यकारिणी कमेटी में नीरज नागेंद्र, सविता देवी, डॉ सिकंदर प्रसाद, डॉ राजेश महंथी, शिवकुमार अग्रवाल, सुनीता पांडे, श्वेता भौमिक, राजेश कुमार मिश्रा, परमदीप सिंह, ऋषभ अग्रवाल, विद्याभूषण झा, वंदना रानी, के.वी. पुनीता को रखा गया है। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित थे।

## रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी मानसिंह मार्डी का निधन, गांव में ही हुआ अंतिम संस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के एदेलबेड़ा निवासी 45 वर्षीय रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी मानसिंह मार्डी का निधन ब्रेन हेमरेज होने के कारण हो गया है। जिसे परिजनों ने उन्हें आनन फानन में जमशेदपुर स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल ले गए। जहां परिवार वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मानसिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। 2014 में मानसिंह मार्डी रांची लोकसभा से चुनाव भी लड़ा था। मानसिंह के मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री मंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई कपूर बाघी ,अनूप टुडु आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के अनुज रुद्रप्रताव महतो के साथ आजसू के प्रखंड अध्यक्ष दूर्यधन गोप, उपाध्यक्ष शिब प्रसाद महतो,बासुदेव प्रामाणिक, सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक शो यात्रा में पार्थिव शरीर को चिल्गू व आसनबनी पंचायत में किया गया। उसके वाद वापस लौट कर उनका अंतिम संस्कार गांव में ही धार्मिक रीतिरिवाज से हुआ।



उपायुक्त ने की राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक, विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के दिए निर्देश

# बैठक से नदारत रहे निरीक्षक को शो कॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया है। विभागवार राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण हो सके। कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। आंतरिक संसाधन से राजस्व संग्रहण को बढ़ाएं । बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण को लेकर किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली गई । बैठक से अनुपस्थित रहने पर निरीक्षक माप तौल को शो कॉज किया गया । राजस्व संग्रहण के सालाना लक्ष्य के विरूद्ध अबतक 4 महीनों में राज्य कर के शहरी अंचल द्वारा 26 फ़ीसदी, जमशेदपुर अंचल ने 32 फ़ीसदी, सिंहभूम अंचल 28 फ़ीसदी, आदित्यपुर अंचल 27 फ़ीसदी, उत्पाद विभाग 29 फ़ीसदी , खनन विभाग 7 फ़ीसदी, कृषि विभाग का 54 फ़ीसदी वहीं नगर निकायों में जेएनएसी 24 फ़ीसदी, मानगो नगर निगम 55 फीसदी, जुगसलाई नगर परिषद 59 फ़ीसदी, चाकुलिया नगर पंचायत द्वारा 47 फीसदी लक्ष्य प्राप्त किया गया है। वहीं विद्युत प्रमंडल जमशेदपुर ने 47 फीसदी, विद्युत प्रमंडल मानगो 42 फीसदी, विद्युत प्रमंडल घाटशिला ने 40 फीसदी राजस्व संग्रहण किया है। नगर निकायों के आतंरिक संसाधन की जानकारी ली गई तथा आंतरिक संसाधन में किस प्रकार बढ़ोत्तरी किया जाए कि राजस्व संग्रहण बढ़ाया जा सके इसपर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय बचत, मत्स्य, माप तौल विभाग, नीलाम पत्र, कृषि उत्पादन बाजार, मोटरयान निरीक्षक, भू राजस्व, कृषि सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को नीलाम पत्र अतिशीघ्र दुरुस्त कर लेने का निर्देश दिया गया । बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एसओ जेएनएसी संजय कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि, मत्स्य, विद्युत समेत अन्य सभी संबधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नामांकन पत्रों की जांच आज, नाम वापसी कल

मुमताज, तजम्मुल, अशरफ, इम्तियाज, अरशद, तौसीफ, सफदर, तौकीर ने भरे अंजुमन इस्लामिया चुनाव का परचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर का चुनाव काफी दिलचश्प मोड़ पर पहुंच गया है। पांच पदों के लिए अब तक 24 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र की खरीदारी कर चुके हैं। जबकि 16 ने नामांकन परचा दाखिल कर लिया है। इस चुनाव की सबसे दिलचश्प पहलू यह है कि विधान सभा और लोक सभा चुनावों की तरह प्रत्याशी नामांकन करने जुलूस के साथ आ रहे हैं। चुनाव आयोग अंजुमन इस्लामिया के समक्ष नाम निर्देशन करने वालों में कोषाध्यक्ष पद के लिए मो तौकीर, अध्यक्ष पद के लिए मो अशरफ, उपाध्यक्ष पद के लिए सफदर अली, सह सचिव पद के लिए तौसीफ अख्तर (जॉनी), अध्यक्ष पद के लिए मो मुमताज़ अंसारी, अध्यक्ष पद के लिए मो तजम्मुल हुसैन (जॉनी), कोषाध्यक्ष पद के लिए हाजी अरशद अहमद खान, उपाध्यक्ष पद के लिए मो इम्तियाज ने नामांकन का परचा दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 24 अगस्त को नाम वापसी की तारीख तय है। 26 अगस्त को चुनाव चिंह आवंटित किये जायेंगे। जिसके बाद चुनाव का माहौल और परवान चढ़ेगा। 16 सितंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है।

## कंपनी की सफलता में डेटा एनालिटिक्स की है अहम भूमिका : सयानदेब बनर्जी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम जीएम के विद्यार्थियों की ओर से फायरसाइड चैट 2023 का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में द मैथ कंपनी के सीईओ सयानदेब बनर्जी उपस्थित थे. इस अवसर पर श्री बनर्जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में डेटा की शक्ति से हर कोई अवगत है. बड़ी से बड़ी कंपनियां निवेश करने से लेकर अपने प्रोडक्ट को तैयार कर उसकी मार्केटिंग में भी डेटा का ही इस्तेमाल करती है. आज के दौर में विभिन्न एजेंसियों द्वारा डेटा का इस्तेमाल कर किये जाने वाले सर्वे पर भी अपनी बातों को रखा. उन्होंने डेटा के एथिकल इस्तेमाल पर भी बल दिया. कहा कि कई बार डेटा लीक की बातें भी सामने आती है, यह गलत है. किसी भी हाल में अनैतिक तौर पर डेटा का इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया. इस दौरान उन्होंने द मैथ कंपनी के बेसिक्स से जुड़ी बातें भी सभी के बीच रखी. इस दौरान सौविक रॉय ने श्री बनर्जी को स्मृति चिन्ह देकर जहां उन्हें सम्मानित किया ।

## अनियमित स्कूल जाने वाले बच्चों के परिजनों से मिले स्कूल के शिक्षक, नियमित भेजने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोड़सा के सहायक शिक्षक रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक टीम मंगलवार को प्रयास कार्यक्रम के तहत जोड़सा सबर टोला पहुंचे। अनियमित रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों के परिजनों से मिलकर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। टीम में वार्ड सदस्य देवेंद्र कुंभकार, बाल सांसद के जयंती सिंह व त्रिलोचन टुडू शामिल थे। इस दौरान कुछ नहीं बच्चों से मिलकर भी नियमित स्कूल जाने के लिए राजी करवाया गया। शिक्षक रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि सरकारी नियमानुसार छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।

# चांडिल डैम का जल स्तर कम करने की मांग की सजा में गुरुचरण को जेल, आजसू ने की निंदा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** विस्थापन आयोग बनाने के नाम पर वोट लेने वाली झामुमो सरकार द्वारा अब बारिश में डैम का जलस्तर बढाने का काम कर रही है। डैम का जलस्तर बढ़ने से गरीब ग्रामीणों का खेत, खलिहान डूब रहे हैं और यहां के जनप्रतिनिधि बड़े चैन की नींद से सो रहे हैं। उक्त आरोप चिलगु प्रधान कार्यालय में आयोजित आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने प्रेस वार्ता कर लगाया। उन्होंने कहा आंदोलनकारी विस्थापित गुरुचरण साव को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया। यदि कोई विस्थापित अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जा रहा है। गुरुचरण साव डैम का जलस्तर कम रखने का मांग किया था जो की जायज है। गुरुचरण साव निर्दोष है, बेवजह जेल भेज देना गलत है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। गुरुचरण साव ही नहीं बल्कि ईचागढ़ विधानसभा के अनेकों निर्दोष लोगों को कहीं न कहीं सत्ता के इशारे पर जेल भेजा गया है और आम जनता के आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष बासुदेव प्रामाणिक, जिला सचिव परवीन महतो, प्रखंड संगठन सचिव प्रदीप गिरी, गोविंदा धीवर, पंचायत उपाध्यक्ष गुरुपदो सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए टाटा स्टील ने चाईबासा में खोला मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने सोमवार, 21 अगस्त, को विकास भवन, चाईबासा में मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एमएसडीसी) का उद्घाटन किया, जिसमें झारखंड की महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा माझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उद्घाटन में चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ, पश्चिम सिंहभूम के एसडीएम शशींद्र कुमार बड़ाइक, पश्चिम सिंहभूम के डीसी अनन्या मित्तल, क्रेस कॉर्प लिमिटेड के वाईस प्रेसिडेंट राजश्री 4, अतुल भटनागर, जीएम, ओर माइंस एंड क्वैरीज़, टाटा स्टील, और झारखंड सरकार और टाटा स्टील लिमिटेड के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री जोबा माझी ने पश्चिमी सिंहभूम के युवाओं के लिए फाउंडेशन और जिला प्रशासन के समर्पित प्रयासों में अपना विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने निकट भविष्य में एमएसडीसी युवाओं को दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल करते देखने की उम्मीद जताते हुए इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में, फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सौरव रॉय ने कहा, एमएसडीसी चाईबासा युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों तक पहुंच को सक्षम करने में हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जहां उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत है। यह सुविधा और इसकी पाठ्यक्रम संरचना आने वाले समय में झारखंड राज्य में युवाओं को कौशल प्रदान करने की हमारी योजना में आदर्श बदलाव लाने के लिए तैयार है। हम जिला और राज्य-स्तरीय प्रशासनों का हम पर भरोसा करने और इसे संभव बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। परियोजना के लिए, विकास भवन को फिर से डिजाइन किया गया है और एक समय में 500 छात्रों को समायोजित करने के लिए सुसज्जित किया गया है। यह केंद्र, सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के अनुसार सप्लाई चेन में वेयरहाउस पैकेजिंग, ऑटो सेवा तकनीशियन, सहायक तकनीशियन और मोबाइल असेंबली सहित चार पाठ्यक्रमों की शुरुआत करेगा। ये सभी तीन से छह महीने के पाठ्यक्रम हैं, जिनकी पहचान क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन के माध्यम से की गई है। नियमित रखरखाव के अलावा, फाउंडेशन प्रारंभिक बुनियादी संरचना को मजबूत करने का कार्यभार संभालेगा। इसके अलावा, प्रशिक्षण साझेदारों, प्रशिक्षकों और उपकरणों की व्यवस्था में भी टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा सहयोग किया जाएगा।

## भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा के नरेंद्र सिंह का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा के गम्हरिया पूर्वी प्रखण्ड अध्यक्ष नरेंद्र सिंह (45) का मंगलवार को निधन हो गया। विगत कई दिनों से वे बीमार चल रहे थे। मंगलवार की सुबह छोटा गम्हरिया स्थित निवास स्थल पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर पाकर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और शुभचिंतक उनके घर पहुंचकर अंतिम दर्शन किया। उनका अंतिम संस्कार पार्वती घाट में कर दिया गया जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। अपने पीछे वे पत्नी, दो पुत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## संपादकीय

# 'इंडिया' में अविश्वास!

**विपक्षी** गठबंधन 'इंडिया' में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। देश की मौजूदा राजनीति के मद्देनजर यह गठबंधन बेहद जरूरी और प्रासंगिक है, लिहाजा किसी भी दरार के उभरने पर उसका विश्लेषण भी अनिवार्य है। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी 'स्थायी भाव' नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने संभावनाओं का पिटारा ही खोल दिया कि अजित के जरिए शरद पवार भाजपा-एनडीए में जा सकते हैं। उन्हें केंद्रीय कृषि मंत्री या नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनाने की पेशकश दी गई है। शरद की सांसद-पुत्री सुप्रिया सुले को भी केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि शरद और सुप्रिया ने पेशकश की अफवाहों का खंडन किया है और भाजपा को 'सांप्रदायिक और दरारें पैदा करने वाली' पार्टी करार देकर उसके खिलाफ 'राजनीतिक संघर्ष' का संकल्प भी दोहराया है, लेकिन शरद पवार फिर भी सवालिया हैं। दरअसल पार्टी में दोफाड़ होने के बाद शरद पवार की ताकत भी विभाजित हुई है। उनकी पार्टी का नाम और निशान का मामला चुनाव आयोग के विचाराधीन है, लेकिन जिन नेताओं के प्रयासों से 'इंडिया' गठबंधन अस्तित्व में आया है, उनमें शरद पवार भी शामिल हैं। उन्हें कमोबेश महाराष्ट्र की राजनीति का 'पुराना चाणक्य' माना जाता है। यदि भ्रम और पालाबदल के सवाल और संदेह पैदा होते रहेंगे, तो विपक्ष का कोई भी गठबंधन लामबंद कैसे रह सकता है? जहां तक 'आप' का सवाल है, तो उसका उदय ही कांग्रेस का जनाधार छीनने की राजनीति के साथ हुआ है। 'आप' और कांग्रेस का किसी भी स्तर पर गठजोड़ 'अप्राकृतिक' है। बंगाल और तमिलनाडु में भी 'इंडिया' के आपसी अविश्वास उभरने लगे हैं। बहरहाल मुंबई बैठक की प्रतीक्षा की जाए।

शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि 'इंडिया' की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं।

## कुछ अलग

# कांगड़ा को नेता की तलाश

**सत्ता** में अभिशप्त होता आ रहा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला कांगड़ा और इसके अधिकांश नेताओं के लिए अब खुद को साबित करने की नौबत आ गई है। हम इसे केवल एक पार्टी तक नहीं देख सकते, बल्कि यह मर्ज इस घर की दीवारों पर पूरी सियासत के लिए चस्पां है। दोषारोपण कांगड़ा पर भी है और यहां की जनता पर भी कि उसे नेता और विधायक में फर्क नज़र नहीं आता। भले ही हर सरकार में सबसे अधिक विधायक बनाने की निपुणता में कांगड़ा मेहनत कर लेता है, लेकिन सत्ता का नेता बनाने में यह जिला पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। अन्य जिला विधायक से कहीं अधिक नेता बना रहे हैं। मंडी ने जयराम ठाकुर को नेता बनाया तो पिछले विधानसभा चुनाव में पूरा जिला भाजपा के पक्ष में खड़ा हो गया। हमीरपुर ने लगातार तीसरी बार और शिमला ने बार नेता बनाकर मुख्यमंत्री का पद सौंप दिया। कांगड़ा ने सबसे अधिक विधायक सौंपे न कि नेता बनाकर किसी को मुख्यमंत्री बनाने का श्रम किया। यह समझने की जरूरत है कि पिछली बार अगर प्रेम कुमार धूमल को सुजानपुर की जनता नेता के रूप में चुन लेती, तो राज्य की राजनीति का श्रृंगार क्या होता। प्रदेश की राजनीति अब इस कोशिश में है कि कांगड़ा में भले ही विधायक बढ़ जाएं, लेकिन किसी को नेता न बनने दिया जाए। इसके लिए अतीत से लेकर वर्तमान की साजिशें मशरूफ रही हैं। एक समय ऐसा भी आया जब कांगड़ा को तोडऩे के लिए विधायकों को मोहरा बना दिया, जबकि उन चेहरों को लगा कि वे इस बहाने नेता बन जाएंगे। आज देहरा को जिला बनाने वाले रमेश धवाला कहां हैं। नूरपुर का झंडा उठाने वाले राकेश पठानिया कहां हैं। पालमपुर का ताज पहनकर कांगड़ा के टुकड़ों में राज करने वाले रविंद्र सिंह रवि कहां हैं। क्या ये लोग सत्ता की भागीदारी में नेता बन पाए या खुद को सहेज पाए। हैरानी यह कि आज तक जो कांगड़ा का नेता साबित होकर, सियासत का वजनदार चेहरा माना गया, वह शांता कुमार भी पालमपुर की गलियों में नगर निगम या विधायक के चयन में ही हार गए। ऐसा नहीं है कि कांगड़ा में नेता नहीं हो सकते थे, लेकिन कई सत्ता के चमचे और कई व्यक्तिगत उत्कंठा के सदके खत्म हो गए। विडंबना ऐसी हो गई कि कांगड़ा की संपूर्णता में कोई विधायक या मंत्री बनकर भी साबित नहीं हुआ। यह ऐसा जिला है जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय को बांट कर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कोई 'नेता' बनता गया। अगर ऐसा न होता, तो सबसे पहले प्रदेश की फोरलेन इसे जोड़ती, बीबीएन की तरह औद्योगिक नगर यहां होता, अब तक गगल एयरपोर्ट का विस्तार हो गया होता या आजादी से पहले की रेल पटरी अब तक ब्रॉडगेज हो गई होती। विडंबना यह है कि अब फिर कांगड़ा के विधायक खुद में 'नेता' नहीं ढूंढ रहे, बल्कि विधायकों के रूप में एक-दूसरे को गिरा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सुजानपुर के विधायक राजिंद्र राणा की अभिव्यक्ति पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा की दाद पर खुजली अगर कांगड़ा को ही होने लगेगी, तो यह समझ लेना होगा कि यहां 'नेता' होने के लिए अभी सदियां लगेंगी। जिस तरह लगभग फटकार देते हुए मंत्री चंद्र कुमार ने एक छोटा सा पटाखा फोड़ा, उसके मायनों में वह कम से कम कांगड़ा का नेता होने का भ्रम नहीं पाल सकते।

## अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई की स्वीकार्यता भारतीय रुपए को मजबूती प्रदान करेगी

**प्रहलाद सबनानी**

भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा।

**भारतीय** यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस को कई देश अपनाने को तैयार हो गए हैं। भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रान्स, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहिले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहिले अमेरिकी डॉलर में बदलकर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था। परंतु, कालांतर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनने के चलते अमेरिकी डॉलर ने ब्रिटिश स्टर्लिंग पोंड का स्थान ले लिया है, जो आज भी जारी है। आज भी अमेरिकी डॉलर पूरे विश्व में एक मजबूत मुद्रा बना हुआ है और विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज 82 रुपए का हो गया है। दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्रायः समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांडस पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे है एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों से अपना निवेश निकालकर



अमेरिकी बांडस में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रूपए की कीमत इन अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जो कि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर का लगातार इस प्रकार मजबूत होते जाना एवं अन्य देशों की मुद्रा की कीमत गिरते जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि, जैसे यदि भारत का ही उदाहरण लें, भारतीय रुपए की कीमत लगातार अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरते जाने के मायने यह है कि भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं का महंगा होते जाना एवं भारत द्वारा अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना। इसके परिणाम स्वरूप भारत में भी मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो रही है एवं इसे आयातित महंगाई भी कहा जाता है। इस प्रकार भारत सहित विश्व के अन्य देशों की विदेशी व्यापार करने पर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि विश्व के समस्त देश वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार करने के लिए विदेशी मुद्रा, जैसे डॉलर, यूरो, येन, पाउंड आदि का उपयोग करते रहे हैं, और अब चीन की मुद्रा युआन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। परंतु, अमेरिकी डॉलर अभी भी विदेशी व्यापार के लिए सबसे प्रभावी मुद्रा बना हुआ है और इसीलिए पूरी दुनिया में अमेरिका की बादशाहत भी बरकरार है। परंतु, अब विदेशी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारतीय रुपए को विदेशी व्यापार में भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार्यता प्रदान की है। विशेष रूप से रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के बाद रूस और इसके पूर्व ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते भारत को इन देशों से कच्चे तेल के आयात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए इन देशों द्वारा कच्चे तेल के भुगतान के रूप में भारतीय रुपए को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दे दी गई थी। अतः अब न केवल रूस और ईरान बल्कि कई अन्य कई देशों यथा श्रीलंका, बंगलादेश एवं अरब राष्ट्र भी भारत से आयात और निर्यात करने पर भारतीय रुपए में भुगतान कर सकेंगे एवं भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। इससे अमेरिकी डॉलर की मांग भारत के लिए कम होगी। इससे भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो जाएगी और रुपए की कीमत पर दबाव भी कम होगा। जो अंततः भारत में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में भी सहायक होगा। इससे भारत के साथ विदेशी व्यापार करने वाले देशों को भी लाभ होगा क्योंकि इन देशों द्वारा भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी भारतीय रुपए में ही किया जा सकेगा। अतः इन देशों की निर्भरता भी अमेरिकी डॉलर पर कम होगी और इन देशों को भारत से निर्यात और अधिक मात्रा में होने लगेंगे।

अभी तक भारत की 18 देशों के साथ वोस्ट्रो खाता के माध्यम से व्यापार करने पर सहमति बन गई है, इन 18 देशों के 60 स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खाते भारत में खोले जा चुके हैं। ये 18 देश हैं, बोत्वसाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजराईल, केन्या, मलेशिया, मारीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका। 15 जुलाई 2023 को भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच भी वदिेशी व्यापार का निपटान रुपए में करने हेतु समझौता सम्पन्न हुआ है। कुल मिलाकर, वश्वि के 34 देशों ने भारत के साथ अपना वदिेशी व्यापार भारतीय रुपए अवथा उन देशों की अपनी मुद्रा में करने की इच्छा व्यक्त की है। जबकि 64 अन्य देश, जिसमें इटली एवं जर्मनी जैसे वकिसित देश भी शामिल हैं, इस सम्बंध में अपनी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ा रहे हैं एवं भारत से उनकी चर्चा भी चल रही है।

# अक्षुण्ण एकता का द्योतक है मेरी माटी मेरा देश

देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वेदशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन–आवश्यकताओं तथा जन–आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है।

**अपनी** मिट्टी से लगाव रखने वाला व्यक्ति ही स्वदेशी होता है। स्वदेशी होने के लिए स्वतंत्र होना जरुरी है। अतएव किसी भी देश की मिट्टी का जुड़ाव उस देश की स्वतंत्रता से होता है। देश स्वतंत्र होगा तभी हम स्वदेशी कहलाएंगे। स्वतन्त्रता को बनाए रखने के लिए स्वेदशी ,स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान समय में रामराज्य का प्रयोग सर्वोत्कृष्ट शासन या आदर्श शासन के रूप (प्रतीक) के तौर पर किया जाता है। रामराज्य, लोकतन्त्र का परिमार्जित रूप माना जा सकता है। वैश्विक स्तर पर रामराज्य की स्थापना गांधीजी की चाह थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी शासन से मुक्ति के बाद ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाता है। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। आत्मनिर्भरता स्वतन्त्रता का मूल है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि रामराज्य वो शासन है जिसमे सभी स्वतंत्र होते हैं। ऐसी स्वतंत्रता जिसमे धर्म और रंग भेद के आधार पर विषमता न पैदा की जाए। यही स्वतन्त्रता गाँधी का रामराज्य कहलाया। गांधी का रामराज्य सत्य और अहिंसा पर आधारित था। गांधी के रामराज्य को व्यवहार में उतारना होगा। सत्य और अहिंसा को आचरण में उतारने की जरुरत है। गांधी की विशेषताओं को रामराज्य का आधार बनाना होगा। रामराज्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। अभियान लोगों में जागरूकता पैदा करता है। मेरी माटी मेरा देश अभियान का लक्ष्य देश प्रेम के प्रति जागरूक होना है। पूरे देश में 9 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक चलाया जा रहा है। जिसमें पूरे भारत के अलग-अलग जगहों पर शहीदों को सम्मान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पिछले साल 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान को जारी किया था और इस साल मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया है। मोदी जी द्वारा उठाए जा रहें इन कदम से आने वाली पीढ़ी के मन में भी अपने देश के प्रति कुछ करने की इच्छा उत्पन्न होगी। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी का राष्ट्र के प्रति प्रेम को दर्शाता है। मेरी माटी मेरा देश अभिया के तहत 7500 कलशों को माटी और पौधे के साथ-साथ देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंचाया जाएगा। इन सभी कलश और मिट्टी के पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास रोपड़ (रोपा) किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में "अमृत वाटिका" के नाम से जाना जाएगा। कहने का तात्पर्य मेरी माटी मेरा देश अभियान, भविष्य की अमृत वाटिका होगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। इस अभियान के अंतर्गत पूरे भारत के लाखो ग्राम पंचायतों में एक विशेष प्रकार का शिलालेख (शिलाफलकम) भी स्थापित किया जाएगा। जिसमे स्वतंत्रता सेनानियों और वीरगति को प्राप्त सैनिकों के नाम होंगे। पंच प्रणों जो मेरी माटी मेरा देश के तहत लिए वो इस प्रकार हैं 1. देश की रक्षा करने वाले शहीदों को सम्मान देना है। 2. हमारे मन में बसी गुलामी की मानसिकता को जड़ से बाहर निकालना। 3. देश के प्रत्येक नागरिक को एकजुट एवं एकता के साथ कर्तव्यबद्ध रहना। 4. भारत देश को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करना है। 5. हमारे देश के नागरिक होने के कर्तव्य को निभा कर देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करना है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के नाम से 1967 में आई उपकार फिल्म का गाना याद आता है कि मेरे देश की मिट्टी सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की मिट्टी। वाकई में विश्व में भारत देश जैसा देश कोई और नहीं। जहां की मिट्टी और हवा जड़ी और बूटी का काम करते हैं। तभी तो भारत कोरोना जैसी स्थिति से भी निपटने में सक्षम रहा। अतएव हम कह सकते हैं कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अक्षुण्ण एकता की मिसाल है। हिंदुस्तान संस्कृति और संस्कारों की धरती रही है। यहां 2500 ईसा पूर्व ऋग्वेद की रचना हुई। योग के जनक महर्षि पतंजलि थे। योग हजारों वर्षों पुरानी पद्धति है। आज कल के जनप्रतिनिधि धर्म की आड़ में इन पुरानी संस्कृतियों का दुरूपयोग कर भारतीय संस्कृति को राजनीति का हिस्सा बना दिए हैं। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राजनैतिक पार्टिया वोट को साधने के लिए राम राज्य का सहारा लेती हैं। राम राज्य भगवान् राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान् राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज राजनैतिक पार्टियों ने भगवान् राम, कृष्ण, हनुमान, मोहम्मद पैगम्बर, ईसा मसीह आदि को वोट बैंक का आधार बना लिया है। अतएव अब राम राज्य का पतन हो चुका है। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीँ दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है।

## दृष्टिकोण

# जोशीमठ के बाद शिमला, तो फिर उसके बाद कौन?

**कभी** जम्मू-कश्मीर तो कभी हिमाचल प्रदेश और कभी उत्तराखण्ड में दैवी आपदाओं की होड़ लगी है। ये आपदाएं प्रकृति की नाराजगी के स्पष्ट संकेत हैं जिन्हें हम पढ़ नहीं पा रहे हैं। यहां तक कि अपने ही वैज्ञानिकों और पार्यवरणविदों की चेतावनियों की अनदेखी की जा रही है, जिसका दुष्परिणाम हम जोशीमठ और शिमला में देख रहे हैं। इससे पहले प्रकृति का रौद्र रूप हम 2013 में केदारनाथ में देख चुके हैं। अमरनाथ में भी 1996 और 2012 में देख चुके हैं। नैनीताल में सन् 1880 में आए भूस्खलन में 151 लोगों के कालग्रस्त होने का इतिहास हम नहीं भूले हैं। अब वहां बनियानाला लोगों को बेचैन कर रहा है। भूस्खलन की जो भयावह तस्वीर शिमला की नजर आई वैसी ही आशंका पहाड़ों की रानी मसूरी में भी नजर आ रही है। सन् 1864 में जब अंग्रेजों ने जाखू पर्वत पर अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई थी तो उसकी आबादी मात्र कुछ सैकड़ों में थी। आजादी के बाद हुई जनगणना में वहां की आबादी 46,150 दर्ज हुई जो कि हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्य घोषित होने पर 1971 में 56,032 हो गई। अब तक की नवीनतम 2011 की जनगणना में वहां की जनसंख्या 1,69,578 हो गई। सन् 2011 में मात्र 36 वर्ग किमी में फैले शिमला शहर का जनसंख्या घनत्व 4,800 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी हो चुका था। शिमला नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार इस छोटे से क्षेत्रफल में 32 वार्ड और 46,306 घर हैं। फिलहाल देश में नई जनगणना तो नहीं हुई मगर शिमला की वर्तमान जनसंख्या 2.32 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। अब आप अनुमान लगा सकते हैं कि एक छोटा सा शिमला इतने अधिक लोगों और उनकी असीमित जरूरतों के बोझ को कब तक ढो सकेगा? आबादी बढ़ने के साथ ही नगर का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए हरियाली और खास कर वृक्षों का पातन और उनकी जगह इमारतों के जंगल उग रहे हैं। नतीजतन अत्यधिक बोझ के बारण जमीन मकानों समेत खिसक रही है। संकट केवल शिमला का नहीं है। हिमालय के लगभग सभी शहरों की स्थिति शिमला जैसी ही है। जोशीमठ हमारे सामने शिमला से भी ज्वलंत उदाहरण बन कर सामने आ गया था। इसरो और रिमोट सेंसिंग ऐजेंसी द्वारा इसी साल फरवरी में भूस्खलन की दृष्टि से भारत के जिन 147 जिलों का एटलस जारी किया है उनमें 108 जिले केवल हिमालयी राज्यों के हैं जिनमें सभी 13 जिले उत्तराखण्ड के तथा हिमाचल प्रदेश के 12 में से 10 जिले हैं। इसी तरह जम्मू-कश्मीर के भी 8 जिले संवेदनशील जिलों की सूची में इसरो ने शामिल किए हैं। संवेदनशीलता की दृष्टि से शिमला जिला 61 वें नम्बर पर है। जबकि उससे कहीं अधिक संवेदनशील मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, चम्बा और किन्नोर जिले हैं। जब ये स्थिति हम शिमला की देक्ष रहे हैं तो उसी हिमाचल के बाकी संवेदनशील जिलों पर मंडराते खतरे की कल्पना की जा सकती है। इसरो और रिमोट सेंसिंग के नवीनतम भूस्खलन संवेदनशीलता एटलस पर गौर करें तो उत्तराखण्ड की स्थिति बेहद चिन्ताजनक नजर आती है। भूस्खलन की दृष्टि से देश के सर्वाधिक संवेदनशील जिलों में उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले हैं, जिन्हें नम्बर एक और दो पर रखा गया है। सन् 1998 में केदारघाटी के मनसूना और गौंडार क्षेत्र में कई गांव खिसक गए थे। उसी साल 18 अगस्त को पिथौरागढ़ के मालपा में हुए भूस्खलन में प्रोतिमा बेदी समेत लगभग 200 मानसरोवर यात्री और अन्य लोग मारे गए थे। शिमला और जोशीमठ भविष्य के लिए प्रकृति की गंभीर चेतावनी है। इन दो नगरों की ही जैसी बाकी पहाड़ी नगरों की कहानी है। आर्थिक गतिविधियों के कारण पर्यटन, तीर्थाटन के महत्व के छोट से कस्बों में आस पास के गावों की जनसंख्या आकर्षित होने लगी और ये कस्बे धीरे-धीरे नगरों में बदलने लगे। प्रशासनिक दृष्टि से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालयों में जन सुविधाओं और आर्थिक कारणों से जनसंख्या बढ़ने लगी तो ये छोट कस्बे भी नगर और महानगर बनने लगे। लेकिन इस तेजी से हो रहे नगरीकरण पर शासन-प्रशासन आंखें मूंदता गया और नगरों के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान या नगर नियोजन की जरूरत नहीं समझी गई।

## देश दुनीया से

# अंग्रेजों की धरती पर राम कथा के मायने

**ब्रिटेन** के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में आजकल रामकथा हो रही है। इसमें ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका के अतिरिक्त अन्य अनेक देशों से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा शायद पहली बार हो रही है। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि जिस संस्थान में कथा हो रही है उसका नाम यीशु कालेज है। 12 अगस्त से शुरू हुई यह रामकथा 19 अगस्त तक चलेगी। कथा मोरारी बापू कर रहे हैं। मोरारी बापू अपनी राम कथा के लिए भारत भर में जाना पहचाना नाम है। पन्द्रह अगस्त को उनके श्रोताओं में एक ऐसा श्रोता भी आया जिसकी किसी ने आशा नहीं की थी। मोरारी बापू की राम कथा सुनने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैठे थे। सुनक का मोरारी बापू ने स्वागत किया और उन्हें प्रसाद दिया। उन्हें सोमनाथ का शिवलिंग दिया, जिसे सुनक ने श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर माथे पर लगाया। सुनक ने स्वयं तो प्रसाद लिया ही, वहां बैठे लोगों को प्रसाद बांटा भी। सुनक ने उपस्थित श्रोताओं को जय सिया राम सम्बोधन से सम्बोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू आस्था मेरा व्यक्तिगत मामला है। यही आस्था मुझे मेरे जीवन के विभिन्न पड़ावों पर दिशा देती है। ब्रिटेन का प्रधानमंत्री होना मेरे लिए गौरव की बात है। लेकिन यह पद अनेक चुनौतियों से भी भरा हुआ है। कई बार कठिन निर्णय लेने होते हैं। लेकिन ऐसे समय में मेरी आस्था ही मुझे सम्बल देती है। उन्होंने कहा कि 2020 का वह दिन मेरे लिए आज भी अविस्मरणीय है जब मैंने दिवाली के दिन प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 10 डाऊनिंग स्ट्रीट के बाहर दीये जलाए।

ऋषि सुनक को उनकी पार्टी के किसी नेता ने नहीं कहा कि आप मुरारी बापू की कथा में क्यों गए थे? विपक्षी दलों की ओर से नरेन्द्र मोदी पर सबसे बड़ा आरोप यही है कि वे मंदिरों में जाते हैं। सबसे बढ़ कर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए किए गए शिलान्यास में भाग लेने के लिए जाने पर उन्हें घेरा गया। नेहरु सरदार पटेल से खफा थे कि वे महमूद गजनवी द्वारा ध्वस्त किए गए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण क्यों करवा रहे हैं। इतने साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस उसी स्थान पर खड़ी है।

यह संयोग था कि सुनक जिस दिन रामकथा सुनने पहुंचे वह दिन भारत का अंग्रेजों की दासता से मुक्ति का दिन था। अनेक श्रोता तिरंगा झंडा फहरा रहे थे। मोरारी बापू अपनी कथा में व्यास आसन के पीछे हनुमान जी की सुनहरी मूर्ति रखते हैं। सुनक ने बताया कि मैं भी अपने कार्यालय में अपने मेज पर सदा गणेश जी की मूर्ति रखता हूं। इससे मुझे प्रेरणा मिलती है। सुनक ने कहा कि मैं यहां प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि एक सनातनी हिन्दू के तौर पर आया हूं। उन्होंने कहा मैं सदा राम कथा स्मरण रखूंगा। मैं सदा भगवद्गीता और हनुमान चालीसा भी स्मरण रखता हूं। संकट का साहसपूर्वक सामना करने, नम्रता से सरकार चलाने और निस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा मुझे राम से ही मिलती है। कार्यक्रम के अन्त में सुनक ने आरती में भाग लिया। ऋषि सुनक हवन करते हैं, मंदिरों में जाते हैं और अपने प्रैकटाजिंग हिन्दू होने को कभी छिपाते नहीं हैं। सामान्य तौर पर कहा जा सकता है किसी व्यक्ति के हिन्दू होने और मंदिर वगैरह में जाने में ऐसी क्या बात है जिस पर इतना आश्चर्य चकित हुआ जाए। दरअसल ऋषि सुनक जिस देश के प्रधानमंत्री हैं वह ईसाई देश है। उस देश में हिन्दुओं की संख्या आटे में नमक के बराबर है। वहां के लोग केवल ईसाई ही नहीं हैं बल्कि जिसको आज की भाषा में पोंगापन्थी ईसाई कहा जाता है, उसी किस्म के ईसाई हैं। वहां का राजा ईसाई ही हो सकता है। यदि राजा के आसन का उत्तराधिकारी अपना मजहब बदल लेता है तो वह राजा नहीं बन सकता। जिस लोकसभा सीट से सुनक जीत कर आते हैं, वह तो है ही ईसाई बहुल सीट। लेकिन इस सबके बावजूद इंग्लैंड में ऋषि सुनक के राम कथा में जाने पर कोई हो-हल्ला नहीं मचा। किसी ने ऋषि सुनक के पूजा पाठ करने पर एतराज नहीं किया। लेकिन भारत में स्थिति इसके विपरीत है। यदि यहां के प्रधानमंत्री किसी मंदिर में जाते हैं तो अन्य दल हो-हल्ला मचाना शुरू कर देते हैं। उनके मुताबिक इससे सेक्लुरिजम खतरे में पड़ जाता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु इस प्रकार की आस्थाओं और सार्वजनिक रूप से उनका निर्वाह करने की सार्वजनिक रूप से निन्दा किया करते थे। इस प्रकार की दो घटनाएं तो इतिहास का हिस्सा बन गई हैं। भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद कुम्भ के मेले में भाग लेने के लिए गए थे। नेहरु ने इसके लिए उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद नहीं रुके। तब नेहरु ने उनकी सार्वजनिक रूप से भत्र्सना की। दूसरी घटना भी नेहरु और डा. राजेन्द्र प्रसाद से ही ताल्लुक रखती है।

## डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 का हुआ समीक्षा

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 की तैयारी को लेकर बैठक की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्य की प्राप्ति करने को लेकर अभियान में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया।जिला वीबीडीसी अभिमन्यु कुमार ने जानकारी दिया कि चतरा जिला में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चल रहा है। इसमें 10 अगस्त को बूथ स्तर पर कार्यक्रम किया गया है। उस दिन सभी महत्वपूर्ण जगहों पर बूथ लगाकर लोगों को दवा का सेवन कराया गया। इसके बाद 11 से 25 अगस्त तक घर घर जाकर आम लोगों को दवा का सेवन करा रही है ।अभी तक चतरा जिला में 71 प्रतिशत लोगो को दवा का सेवन कराया जा चुका है। चतरा जिला की लक्षित आबादी 1098283 है इसके विरुद्ध कल तक 779780 लोगो को दवा का सेवन करा दिया गया है।बचे हुए 4 दिनों में लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद , सभी एमओआईसी, बीपीएम, एमटीएस, डीईओ मलेरिया रंजित मिश्रा, प्रदीप कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## डा. राजीव का कृष्ण काव्य लंदन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के + 2 गंगा स्मारक उ. वि. गिद्धौर चतरा के हिन्दी शिक्षक डा. राजीव कुमार दास ने दूसरी बार अपनी कलम की ताक़त से विश्व कीर्तिमान हासिल किया है।अंतरराष्ट्रीय साहित्योदय कला संस्कृति न्यास के तत्वावधान में 29 जुलाई23 से 30 जुलाई23 तक अनवरत् चलने वाले कृष्ण काव्य में विश्व के लगभग 171 देशों के 300 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों ने शिरकत किया।कार्यक्रम में प्रख्यात गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र हास्य सम्राट अरूण जैमिनि अंतरराष्ट्रीय कवयित्री गौरी मिश्रा जैसे कई सेलिब्रिटी कलाकारों ने कृष्ण काव्य में 25 घंटे तक समां बाँधा ।जिसमें डा. राजीव ने भगवान कृष्ण के 108 नाम का प्रयोग करते हुए एक लम्बी रचना से विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया।इसे लंदन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल कर लिया गया है।इसका भव्य लोकार्पण वृंदावन आयोजन में किया जाएगा।इसके पूर्व भी इन्हें राम काव्य पर विश्व कीर्तिमान हासिल करने का गौरव हासिल हुआ है।डा. राजीव अपनी लेखन से भारत ही नहीं विश्व में अपनी पहचान स्थापित कर रहे हैं।इसी का परिणाम है कि डा. राजीव कुमार दास,भारत सरकार के साथ-साथ कई बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से भी सम्मानित होते रहे हैं।

## आरोग्य दूतों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, लातेहार में आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण 22 अगस्त मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर ट्रेनर अभिमन्यु कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम जेसीईआरटी व डायट सीमरिया के मार्गदर्शन व सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से जिले में चलाया जा रहा है।संस्थान प्रभारी प्राचार्य शंकर कुमार ने समापन सत्र में सभी आरोग्य दूतों को विद्यालय स्तर तक इस कार्यक्रम को लागू करने को कहा।बताया कि आरोग्य दूत के रूप में प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष और एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे थे. इस प्रशिक्षण में बताया कि किशोर-किशोरियों को उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व जीवन कौशल संबंधी जानकारी देकर उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। मौके पर सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के जिला प्रतिनिधि प्रिंस कुमार, प्रशिक्षक अभिमन्यु कुमार सहित डाइट के लोग मौजूद थें।

## लातेहार जिला सहित पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित किया जाए : कन्हाई सिंह

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र पिछले साल के माफिक इस साल भी सुखाड़ के साथ अकाल के दहलीज पर खड़ी है। जहां लगातार बरसात में बारिश की कमी ने क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ दिया है वहीं बारिश कम होने से पेयजल की विकराल समस्या की संभावना बढ़ गई है। वहीं इस मुद्दे पर जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने संज्ञान लेते हुए कहा कि वर्तमान में बरसात की स्थिति भयावह है। लातेहार जिला सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र सुखे और अकाल की चपेट में आ गया है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि वर्तमान सरकार तत्काल राहत कार्य शुरू करे और लातेहार जिला सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र को अकाल घोषित करे । उन्होंने लगातार कम बारिश से किसानों की मायूसी को देखते हुए उनके प्रति संवेदना जाहिर की।बता दें कि पिछले साल क्षेत्र में सुखाड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत क्षेत्र के कुछ किसानों के खाते में 3500 सौ रुपए का पैकेज दिया है हालांकि क्षेत्र के सैंकड़ों किसान योजना के तहत मिलने वाली राशि का बाट जोह रहे हैं।

## लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा प्रायोजित कई विद्यालयों में महिला शोषण पर बच्चों के बीच लेख प्रतियोगिता हुई

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कई विद्यालयों में लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के तहत बच्चियों से महिला उत्पीड़न एवं कम आयु में विवाह तथा बाजबरन शादी पर लेखन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें इचाक, तलसा, पिरि, पुंडरा, सिमरिया, बगरा, दुन्दवा, मनातू, देल्हो, लुतिडीह विद्यालय शामिल है। जहां किशोरियों द्वारा उत्पीड़न पर लेख, बाजबरन विवाह पर लेख कम उम्र में शादी पर लेख लेखन में प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया। वहीं अन्य सामान्य प्रतिभागी बच्चियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अधीन महतो, प्रतिमा देवी,अनिता मिश्रा,रानी कुमारी,सुचिता देवी,सरोज तिर्की, कविता देवी के अलावे बजरंगी गंझू का अहम भूमिका रहा।

## टंडवा पत्रकारों की बैठक संपन्न, अध्यक्ष कुन्दन व सचिव बने शैलेश

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुप्रसिद्ध चुंदरु धाम सूर्य मंदिर में टंडवा के युवा पत्रकारों की बैठक अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में टंडवा के युवा पत्रकार शामिल होकर पत्रकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दो पर विचार विमर्श के बाद सर्व समिति से युवा पत्रकार संघ टंडवा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कुंदन पासवान को अध्यक्ष, शैलेश को सचिव तथा कामेश्वर गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद के लिए चयनित कर मनोनीत किया गया। इसके अलावा टंडवा के पत्रकारों की सूची और नम्बर सरकारी,गैर सरकारी कार्यालय में सौपने का निर्णय लिया गया। जिसमें शैलेश कुमार, कुंदन पासवान, कामेश्वर गुप्ता, अबुल कलाम, मनोज गुप्ता, राहुल सिंह, नुरुल अंसारी का नाम शामिल है। वहीं संघ के द्वारा निर्णय लिया गया कि टंडवा में ऐसे पत्रकार हैं जो घर बैठे अधिकारियों को फोन करके दबाव बनाते हुवे खबर लेते हैं ऐसे पत्रकार से बचने की संगठन ने अपील की है।

# कुंदन कुमार हत्या कांड का पुलिस ने दो दिनों में किया उद्भेदन

### आठ नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चतरा/हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के सलैया के कुन्दन कुमार हत्या कांड का पुलिस ने दो दिनों में उद्भेदन करने में सफलता प्राप्त की है।इस बाबत एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की लाठी डंडा से मार पीट कर कुंदन की हत्या कर दिया गया था। उसी गांव के रामजीत भुईया एंव अन्य लोगो के द्वारा लाठी,डंडा से मारकर गंभीर रुप जख्मी किए जाने के उपरांत ईलाज के दौरान कुन्दन कुमार की मृत्यु हो हो गई। वहीं एक महिला गोली देवी गंभीर रुप से घायल है जिसका ईलाज मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इस संबंध में दुलारी देवी के लिखित आवेदन के आधार पर हंटरगंज थाना कांड सं0 168/23 धारा 341/342/323/325/307/302/504/506/34 भादवि के अन्तर्गत दर्ज किया गया।एसपी राकेश रंजन के द्वारा कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित करवाई तथा गिरफ्तारी करने हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड मे प्रयोग किया गया पलास का मुंगरा तीन पीस, गमछी एंव दो मोटरसाईकल भी बरामद किया गया है।कांड में गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। घटना में शामिल अन्यअपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है।बरामद सामानों में पलास का मुंगरा (डंटा) तीन पीस दो मोटरसाईकिल होंडा कम्पनी का सी0डी0 110 गाड़ी नं0 JH02BE92072, स्पलेंडर प्लस, गाड़ी नं0 JH13H0238, गमछी 01पीस, तीन मोबाईल, पुलिस बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में श्रवण कुमार उम्र 19 वर्ष पिता कैलू भारती ग्राम नवाखाप थाना इमामगंज जिला गया (बिहार) रामजीत भुईया उम्र 37 वर्ष पिता रक्षिया भुईया कांग्रेश भुईया उर्फ कांग्रेश भारती उम्र 22 वर्ष पिता राजेश भुईया ,रंजू देवी उम्र 35 वर्ष पति रामजीत भुईयां सविता देवी उम्र 30 वर्ष पति राजू भुईयां,शोभा देवी उम्र 26 वर्ष पति दुर्गेश भारती पांचो ग्राम सलैया ,सोमरी देवी उम्र 30 वर्ष पति दिलीप भुईयां,कमलेश भुईयां उम्र 20 वर्ष पिता दिलीप भुईयां दोनो ग्राम जावादोहर सातो थाना हंटरगज जिला चतरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

**छापामारी दल में**

पुलिस निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, एसआई सुशील टुडू नितेश कुमार दुबे एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अफीम कारोबारी कामेश्वर 2 किलो 100 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के हाहे गाँव से 2 किलो 100 ग्राम अफीम के साथ कामेश्वर गंझू, पिता नागेश्वर गंझू को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आलोक में एक टीम गठित किया गया। टीम ने शिला ओपी थाना क्षेत्र के हाहे गांव के कामेश्वर गंझू के मिट्टी के खपड़ैल घर में छुपा कर रखा गया दो किलो 100 ग्राम अफीम तथा अफीम में डालने वाला पॉउडर जिसे कट कहते है। 1 किलो 300 ग्राम बरामद किया गया। साथ हीं कामेश्वर गंझू को गिरफ्तार कर सिमरिया कांड संख्या 154/23 के तहत एन डीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गरफ्तारी टीम में शामिल खुद एसडीपीओ अशोक कुमार,पुअनि रामदेव वर्मा शिला ओपी प्रभारी, सअनी विद्यानन्द शर्मा के अलावे ओपी गार्ड शामिल थे। हलाकिं इन दिनों चतरा जिला क्षेत्र में अफीम और शराब का कारोबार बहुत ज्यादा फल फूल रहा है। इधर इसे रोकने के लिए जिला के एसपी राकेश रंजन ने पूरी तरह ठान लिया है कि यह कारोबारी नहीं चलने देंगे।

## 27 को जयराम माहतो के कार्यक्रम को सफल बनाने को ले आयोजित हुआ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित लोटार छठ तालाब के किनारे भास्कर क्लब में ग्रामीणों ने आगामी 27 अगस्त को टाइगर जयराम दा के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संघर्ष समिति के प्रदीप कुमार व संचालन दर्शन दाँगी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से उपस्थित लोगों से जनआह्वान किया गया। जितने लोग सभा में हैं।वे कमर कस कर गिद्धौर के लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में उक्त कार्यक्रम में शामिल कराने का संकल्प लें साथ ही इस बात पर ज़ोर दिया गया। झारखंड की इस लड़ाई को दलगत भावना से ऊपर उठकर लड़ने की ज़रूरत है। चाहें आप किसी भी दल से हों।आप इस लड़ाई का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला पर्यवेक्षक के रूप में उगन भुईयाँ, मुखिया निर्मला देवी महादेव दाँगी भूपेन्द्र पांडेय अभिमन्यु कुमार पिंटू कुमार राजकुमार भुइयाँ सुरेश दाँगी बसंत कुमार सरोज यादव सूरज प्रजापति इत्यादि उपस्थित थे।

## जंगली हाथी के झुंड ने तीन घरों को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शेरगडा पंचायत के हाही ग्राम में सोमवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त कर दिया ।और घर में रखा हुआ खाने पीने का सामान चट कर गए ।ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों के झुंड सोमवार की देर रात करीब 11~00 बजे गांव में आ गया और मीना मसोमात पति स्व0 भीखन गंझु,महेश्वरी गंझु पिता स्व0सोहन गंझु,बालेश्वर गंझु पिता चरकु गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया । और घर में रखा हुआ खाने पीने का सामान चावल, आलू, मकई, धान का बिहन इत्यादि खा गए ।पीड़ित परिवारों ने किसी तरह घर से निकलकर अपनी जान बचाई ।वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष अमित कुमार,शेरेगड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र उराँव ने पीड़ित परिवारों के घर जाकर नुकसान का जायजा लिया ।और इसकी सूचना वन विभाग को दी ।मौके बोलते हुए पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव ने कहा कि वन विभाग को जानकारी है कि इस क्षेत्र में लगातार हाथी के झुंड उत्पात मचा रहे हैं ।

## कांग्रेस अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का सिमरिया में भव्य स्वागत किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** कांग्रेस के अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी और उमैर खान का आगमन सिमरिया में सोमवार को हुआ। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बगरा रोड़ मुख्य सड़क पर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंजूर अंसारी और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी उमैर खान को स्वागत करते हुए माला पहना गर्मजोशी से स्वागत किया।

## उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता




**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष (आई एम आई 5.0) की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से पांच साल तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण जिनका टीकाकरण नहीं हो पाया है उसके कमी को पूरा करने हेतु एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मिशन इंद्रधनुष तीन चरणों में चलाया जा रहा है। पहला 7 अगस्त से 12 अगस्त जो की पूर्ण लिया गया है।वहीं दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर, तीसरा 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस मिशन की जो रिपोर्टिंग हैं वह ड्ढद्धह्व पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत वैसे बच्चे जिनका टीकाकरण अधूरा रह गया है उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर उप विकास आयुक्त ने पहले चरण 7 से 12 अगस्त तक के टीकाकरण कार्यक्रम का बिंदुवार समीक्षा कर कहा यह सुनिश्चित करें कि शेष बचे अभियान में शत प्रतिशत टीकाकरण का कार्य पूर्ण हो।आगे उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीकाकरण के कार्य में सभी संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराएं। साथ ही निर्देशित किया गया कि 30 अगस्त तक ट्रेनिंग का कार्य पूर्ण करा लें।

## कुलपति ने बनवारी साहू महाविद्यालय का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लातेहार :** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय मंगलवार को प्रो0 (डॉ) तवन कुमार शाण्डिल्य रांची से मेदनीनगर जाने के क्रम में बनवारी साहू महाविद्यालय का निरीक्षण किया। कुलपति महोदय के साथ झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डॉ0 त्रिवेणी प्रसाद साहू, महाविद्यालय के सचिव महोदया अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार तिवारी मौजूद थे। महाविद्यालय भ्रमण के दौरान इन्होंने क्लास रूम, लाईब्रेरी, परीक्षा विभाग, नामांकन विभाग सभागार, राष्ट्रीय सेवा योजना, गार्डन आदि स्थलों का निरक्षण कर प्रसन्नता जाहीर किया एवं और सुदृढ़ एवं अच्छा बनाने पर दिशा-निर्देश भी दिया। महाविद्यालय में विज्ञान एवं व्यवसायिक शिक्षा का सम्बद्धता लेने के लिए प्रपत्र विश्वविद्यालय भेजने का निर्देश दिया और आश्वस्त किया की मैं जितना जल्द हो सकेगा सम्वद्धता दिलाने का प्रयास करूंगा। झारखण्ड ओपेन यनिवर्सिटी के कुलपति प्रो0 डॉ0 टी0 एन0साहू जी ने कहा कि इस महाविद्यालय में ऑपेन यूनिवर्सिटी का शाखा खोलने का आवेदन दिजिए मैं यथाशिघ्र इस पर पहल कर यहाँ शाखा खोलने का प्रक्रिया पुरा कर कार्य प्रारम्भ करा दूंगा। इसके लिए झारखण्ड सरकार का भी बहुत जोर है कि हर जिला मुख्यालय में झारखण्ड ओपेन यूनिवर्सिटी का ब्रांच हो। इस अवसर में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें।

## सांसद के पत्र के आलोक में टंडवा शिष्टमंडल ने उप विकास आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** दिल्ली से लौटते ही टंडवा का शिष्टमंडल चतरा सांसद के पत्र के आलोक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन गाडिलौंग पंचायत भवन परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने, खधैया से सिसई वाया बुटखेता पथ व टंडवा प्रखंड में विकास कार्यो के लिए कुछ आवश्यक काम से संबंधित है। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने जनहित में ग्रामीणों के राहत के लिए दिनांक 19/ 8/ 2023 को उपायुक्त चतरा को अपने लेटर हेड में उल्लेख करते हुए शीघ्र निस्पादन हेतु उपायुक्त को पत्र लिखा है। उप विकास आयुक्त से मिलने वाले शिष्टमंडल में टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, गाड़ीलौंग के तिलेश्वर साव, संजीव कुमार पांडेय, जगदीश महतो व कुलदीप राम थे। उप विकास आयुक्त चतरा श्री गुप्ता ने शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उप विकास आयुक्त के त्वरित संज्ञान में विषयों को लेने पर शिष्टमंडल संतुष्ट हुए और इसके लिए चतरा सांसद एवम उपायुक्त व उप विकास आयुक्त के प्रति आभार प्रकट किया।

## थाना दिवस के मौके पर भूमि विवाद समेत अन्य मामलों का निपटारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर मंगलवार को छिपादोहर थाना परिसर में अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई।इस अवसर पर थाना क्षेत्र के भूमि विवाद संबंधी व अन्य 12 मामले आए जिसमें चिंता देवी बनाम गंगेश्वर भुइंया भूमि विवाद जो कोर्ट-कचहरी का मामला है। वहीं पंचायत लात निवासी रामजी राम बनाम अमल मोची जिसके विवादित भूमि के मापी का निर्देश दिया गया है।इस तरह हीरामन उरांव बनाम नरेश उरांव समेत अन्य मामलों का निपटारा किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि सप्ताहिक थाना दिवस आयोजन से आमजनों को काफी सहुलियत मिली है कई छोटे-बड़े विवाद को आपसी समन्वय स्थापित कर सुलझाया जा रहा है साथ ही क्षेत्र के गरीब कमजोर तबके के लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मानसिक दिव्यांग दो बच्चों को पाल रही मां, नहीं मिली सरकारी सुविधा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार) :** धरती पर भगवान का ही रूप होती है मां जो किसी भी स्थिति में अपने संतानों का लालन पालन करती है, चाहे जितनी भी परेशानियां हो अपने बच्चों का साथ कभी नहीं छोड़ती। महुआडाड़ प्रखंड अंतर्गत रेगाई पंचायत के जोरी ग्राम में एक ऐसी ही मां अपने मानसिक रूप से दिव्यांग दो बच्चों को पाल रही है। 4 साल पूर्व ही पिता की मृत्यु हो चुकी है। तारा देवी बताती है की अपने दो बच्चों पंकज कुमार 12 वर्ष एवं कनिका कुमारी 7 वर्ष जो कि मानसिक दिव्यांग है। दिव्यांग जनों को मिलने वाली सरकारी सहायता भी बच्चों को नहीं मिल पा रही है।

## सहायक शिक्षकों ने मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा संघगिद्धौर की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष रामकुमार यादव ने किया। संचालन पंकज कुमार राणा ने किया। बैठक में सहायक अध्यापक शहीद मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया गया।तथा प्रखण्ड गिद्धौर में 4त्र मानदेय वृद्धि कक्षा 6-8 में अविलंब लागू हो। इसपर विशेष रुप से चर्चा किया गया।विभाग के लापरवाही के वजह से 6-8 का 4त्र मानदेय वृद्धि का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है।इसे सहायक अध्यापकों ने खेद प्रकट किया है।संगठन मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया । बैठक में उपस्थित शिक्षक,अमरेश कुमार दांगी, विश्वनाथ यादव,ईश्वर रजक, उपेन्द्र नाथ दांगी, विजय शंकर दांगी, उमेश दांगी, दीपेश्वर यादव,पायल प्रिया, राकेश कुमार, श्रवण कुमार, विवेकानंद तिवारी, संजय तिवारी, त्रिलोकी दांगी दिनेश्वर दांगी, संदीप सिंह, दशरथ यादव,प्रदीप दांगी,इत्यादि शामिल थे।

## जमीन विवाद में मारपीट, महिला घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के लावागड़ा ग्राम में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरिया मसोमात 60 वर्ष पति स्व चूंदा भगत ग्राम लावागड़ा थाना हेरहंज निवासी का अपने पड़ोसी जीरामणि देवी पति पिंटू भगत के साथ वर्षो पुराना भूमि विवाद चला आ रहा है । मंगलवार को जिरामनी देवी और बरिया देवी के बीच विवाद को लेकर बहस हुई ।जिसके बाद जीरामनी देवी ने बरिया देवी हमला बोल दिया और उसे पीट-पीट कर अधमरा कर दिया ।वही घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया । परिजनों ने बताया की घटना की सूचना हेरहंज पुलिस को दी गई है ।जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

# प्रभात मंत्र

# रामगढ़/हजारीबाग

रांची, बुधवार, 23 अगस्त 2023 | पेज 8


## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग खिलाड़ी का सहारा बने हर्ष अजमेरा, खेल सामग्री भेंट कर बढ़ाया खिलाड़ी का हौसला

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है। शिक्षा के साथ खेल भी कैरियर संवार रहा है।शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने मंगलवार को कार्यालय परिसर में दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार से मुलाकात की।राजेश 26 एवं 27 अगस्त को तमिलनाडु के कोयंबटूर बोर्ड में आयोजित जिले की प्रीमियर लीग के तहत त्रिकोणीय सीरीज में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलेंगे। झारखंड के अलावा केरल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्य के कई खिलाड़ी जीत के लिए अपनी अपनी देवदारी पेश करेंगे।श्री अजमेरा ने इस दिब्यांग खिलाड़ी को खेल सामग्री उपलब्ध करवा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए , उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि किसी के लिए कुछ कर सकूं, इससे बड़ा मेरे जीवन में और कोई खुशी नहीं हो सकती। दिव्यांग खिलाड़ी राजेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण अभियान का समापन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रोड रेलवे स्टेशन के सामने स्थित ,श्री राधा कृष्ण मंदिर के समीप बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के सौजन्य एवं आशीर्वाद द वर्ल्ड वेलफेयर सोशल सोसायटी के तत्वावधान में दिनांक 16/03/2023 को आरंभित , महिला सशक्तिकरण हेतु सिलाई - कढाई का प्रशिक्षण अभियान आज समारोहपूर्वक पूर्ण हुआ। आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम निस्संदेह प्रशंसनीय है। आयोजन का शुभारंभ आगत बिहार फाउंड्री के अधिकारियों क्रमशः आशीष कटारिया , अभिषेक प्रसाद , सैबाल कुनार , संदीप कुमार , जनप्रतिनिधि विधायक सुनिता चौधरी , समाजसेवी अनुपमा सिंह , कमल बगड़िया , राजेश साह , नीरज पाठक सहित अन्य का स्वागत संबोधन कवि / लेखक राज़ रामगढी के द्वारा किया गया तथा आशीर्वाद द वेलफेयर सोसायटी के सेक्रेटरी सिंटू सिंह सलूजा के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनकी गरिमापूर्ण उपस्थिति के प्रति अनुराग एवं सम्मान प्रकट किया गया।समारोह का संचालन कर रहे राज़ रामगढी ने पुनः सभी की गौरवशाली उपस्थिति के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए एक स्वर्णिम उद्बोधन हेतु अतिथियों को आमंत्रित किया। क्रमशः विधायक बिहार फाउंड्री के अधिकारियों व अतिथियों ने इस अभियान , प्रसंग और प्रेरक संदेश की मुक्त कंठ से सराहना की एवं हर्ष व्यक्त किया। इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम की संचालिका मधु भारद्वाज , पूजा कुमारी , सुप्रिया कुमारी , पूजा मिश्रा , आकांक्षा कुमारी , भैरवी मानसाता , खुश्बू कुमारी , तनिषा कुमारी , सोनी देवी , लक्ष्मी देवी , आशा कुमारी , स्मृति देवी , प्रीति देवी , नीतू देवी , टुम्पा कुमारी , पायल कुमारी , निशा कुमारी , मीरा कुमारी सहित अन्य गणमान्य जन तथा भारी संख्या में आसपास की महिलाएं उपस्थित थीं। आयोजन के समापन पर आशीर्वाद वेलफेयर सोसायटी के सचिव सीटू सिंह सलूजा ने आभार ज्ञापित किया। इस तथ्य की जानकारी राज़ रामगढी ने दी है।

### मांडू चट्टी मुखिया ने किया बैग का वितरण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू प्रखंड में वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम वर्ग तक के लिए 111 बैंग का वितरण मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक और विद्यालय के अध्यक्ष उपस्थित थे । विद्यालय में छात्र नियमित और स्वच्छ पहुंचे साथ ही साथ विद्यालय से जो संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है इसका रखरखाव देखभाल छात्र-छात्र और अभिभावक भी करें उक्त बातें मुखिया ने कहा साथ ही मुखिया अनिता देवी ने यह भी कहा कि विद्यालय के रखरखाव और विद्यालय को सजाने संवारने में जिस भी तरह का सहयोग की अपेक्षा होगा हम हमेशा मदद करते रहेंगे इस अवसर पर समाजसेवी बालेश्वर भुईयां, प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप , शिक्षक शारदानंद शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष योगेश्वर भुइयां , गौतम कुमार गुप्ता , जेठू लाल मांझी और बाल संसद के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नवनियुक्त सीईओ को बुके देकर स्वागत किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के कैंटोनमेंट क्षेत्र के नवनियुक्त सीईओ को अनंत आकाश का स्वागत किया गया।नवनियुक्त युवा सीईओ रामगढ़ कैंट के अनंत आकाश का रामगढ़ के समाजसेवी कमल बगड़िया ने बुके देकर स्वागत किया। बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि रामगढ़ के विकास के लिए जो भी संभव होगा किया जाएगा। इस मौके पर कमल बगड़िया ने नवनियुक्त सीईओ के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### भाजपा नेता ने रामगढ़ उपायुक्त से की मुलाकात

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सांसद प्रतिनिधि ऋषिकेश सिंह ने बताया नए उपायुक्त चंदन कुमार का स्वागत अभिनंदन करते हुए रामगढ़ में भारी जन समस्या चरम सीमा पर है उन्होंने बताया कि रामगढ़ शहर में एकमात्र ट्रामा सेंटर जो पटेल चौक पर स्थित है समुचित व्यवस्था होने के बावजूद भी लोग एक्सरे करवाने के लिए नया सदर अस्पताल छत्तर मांडू जाना पड़ता है जबकि रामगढ़ से छत्तर मांडू आना-जाना 16 किलोमीटर लोगों को पड़ जाती है और इलाज करवाने वाले व्यक्ति सभी वर्ग के होते हैं अधिकतर गरीबी रेखा में रहने वाले ही सरकारी अस्पताल में इलाज करवाते हैं इसलिए एक्सरे की सुविधा ट्रामा सेंटर में करवाना चाहिए और अति शीघ्र ट्रामा सेंटर में एक्सरे टेक्नीशियन की बहाली कर किया जाए मरीजों को सुविधा मिले तथा रामगढ़ के पुराने सदर अस्पताल ब्लॉक अनुमंडल के समीप स्थित है यहां पर बच्चों के सभी टीके लगाए जाते हैं परंतु कुत्ता काटने पर जनता को सदर अस्पताल जाना पड़ता है और नहीं तो प्राइवेट हॉस्पिटल में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाना पड़ता है जो काफी महंगी होती है डॉग एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध कराया जाए तथा रामगढ़ बस स्टैंड सवारी से अधिक भाड़ा लिया जाता है जिसके कारण जनता त्रस्त है मजबूर है लाचार है सभी प्रदेशों में भाड़ा काफी कम लेकिन रामगढ़ में काफी भाड़ा लिया जाता आए दिन सवारी से नॉक झोंक होता हे बगल में बंगाल है वहा 80 पैसे किलो मीटर के दर से भाड़ा लिया जाता है जबकि यहां कोई दर निर्धारित नहीं है एंटी जिसे दर तय करके एक बोर्ड लगाया जाय जनता के हित के लिए सभी वाहन में दर का स्टीकर होना अनिवार्य होना चाहिए रामगढ़ शहर में छावनी क्षेत्र के 8 वार्ड पर जमीन की खरीद बिक्री बंद है रजिस्ट्री नहीं हो रहा रजिस्टर के द्वारा कई कागजात मांगे जाते हैं छावनी क्षेत्र के लिए जिसके लिए छावनी परिषद सक्षम नहीं है उन्होंने इनकार कर दिया है जिससे कि राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है तथा कई अन्य भारी समस्या को उन्हें बताया गया लगभग 10 मिनट उनके साथ बैठकर बात हुई रामगढ़ जिला के विभिन्न समस्याओं का निदान करने के लिए उन्हें ध्यान आकर्षित कराया गया उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 15 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा उन्हें उन्होंने सभी बातों को सुना इसके लिए उपायुक्त महोदय को ढेर सारा धन्यवाद और स्वागत अभिनंदन हम रामगढ़ के वासी आने वाले दिन में रामगढ़ में बेहतर कार्य करके दिखाएंगे ।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद कार्यालय की बड़ी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद कार्यालय रामगढ़ द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। मंगलवार को सहायक आयुक्त, उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा के गोबरदरहा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान विभिन्न ब्रांड के कुल 885 बोतलों में 272.925 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया वही स्थल से 50 कार्टून विभिन्न ब्रांड एवं साइज के खाली बोतल, 10 बंडल विभिन्न ब्रांड के लेबल, 3 कार्टून विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, 2 बंडल उत्पाद




आसंजक लेबल/ होलोग्राम एवं 1 तीन पहिया वाहन को जप्त किया गया वही स्थल से छलदेव महतो नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड, अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेस कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की, पुलिस बल सहित अन्य उपस्थित है।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा में विभिन्न सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया । सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए हैं इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों यथा मध्य विद्यालय भुरकुंडा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा, प्राथमिक विद्यालय नीचे दबदा भुरकुंडा, मध्य विद्यालय बड़ा सौंदा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों की उपस्थिति उनकी पाठ्यक्रम की सारणी, बच्चों की उपस्थिति पंजी, मध्यान भोजन की व्यवस्था व रोस्टर का जांच किया गया, विद्यालय



में अनुशासन, कक्षा का नियमित संचालन, स्मार्ट क्लास की स्थिति आदि का जांच किया, इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों से पूछताछ भी किए, वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक ने मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विद्यालय प्रभारी को परिसर की साफ-सफाई को लेकर कई दिशा निर्देश दिए वहीं प्राथमिक विद्यालय भुरकुंडा में अनुशासन व समय सारणी के अनुसार शिक्षकों को क्लास लेने को लेकर दिशा निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटना में गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के महासचिव की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी अस्पताल पहुंची हैं। गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड महासचिव क्रांतिकारी समाजसेवी एवं पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एतवा मरांडी का सड़क दुर्घटना में निधन हो चुका है।हाईवा के चपेट में आने से उनका निधन हो गया है। उनका पार्थिक शरीर गोला अस्पताल में रखी गई है। जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक ममता देवी पहुंची। इस दुःख की घड़ी में परिवार के परिजनो से मिलकर ढांढस बांधी। साथ ही परिवार के सदस्यो को आश्वस्त किया कि मुआवजा दिया जाएगा। हर सुख दुःख में उनके परिवार के साथ खड़ी रहूंगी। आज शाम 6ः00 बजे की लगभग इटवा मरांडी अपने मित्र के साथ मोटर साइकिल से जा रहे थे।

## केन्द्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर 2023 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केन्द्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर 2023 का आयोजन दिनांक 21.08.2023 से 25.08.2023 तक होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची मंडल के 29 केंद्रीय विद्यालयों के 158 स्काउट छात्र ने हिस्सा ले रहे है।उद्घाटन समारोह के में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने दीप प्रज्ज्वलन एवं लार्ड बाडेन पावेल के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कर राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर



2023 की अधिकारिक रूप से शुरुवात की. इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य के रंगारंग प्रस्तुति से हुआ।इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शिविर नायक के रूप में एस एस श्रीमाली को केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु.) नई दिल्ली नियुक्त किया गया है. उनके सहयोग हेतु जे पी मीणा, बी एस तिवारी, ए के चौधरी एवं ए के तिलक को अधिकारिक तौर पर रखा गया है. इस शिविर के सफल संचालन हेतु संयोजक के रुप में के के कुशवाहा को रखा गया है. कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे द्वारा छात्रों को स्काउट्स के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को अनुशासन के महत्व को बताते हुए जीवन में अनुशासित रहकर सफलता को पाने का गुर सिखाया। उन्होंने छात्रों को अगले 5 दिनों तक अनुशासित एवं स्वस्थ रहकर प्रशिक्षण को सफल बनाने की शुभकामना प्रदान की। विद्यालय के उप प्राचार्य ओम प्रकाश जोशी ने सभी आगंतुको का स्वागत किया एवं बच्चों की सफल प्रशिक्षण की शुभकामना प्रदान की।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में उत्कृष्ट बच्चों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के गया रोड में स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति बोर्ड परियोजना के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिशु विद्या मंदिर बरही, कैलाश राय विद्यालय, झुमरी तिलैया विद्यालय, चंदवारा शिशु विद्या मंदिर, जयनगर शिशु विद्या मंदिर, मदन गुंडी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने अलग-अलग विषयों में हिस्सा लिया। संकुल संयोजन, प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्ष, सदस्य, उप प्रधानाचार्य व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छह विषय संस्कृति बोध,



संस्कृत, वैदिक गणित, विज्ञान, संगणक और अंग्रेजी के साथ कथा, कथन और तत्काल भाषा, आचार्य, पत्र, वाचन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। संस्कृति बोध एवं अंग्रेजी में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के बच्चे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागी भैया बहनों को भी पुरस्कृत किया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा के मद्देनजर भाजपाइयों ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय अटल भवन में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान आगामी 9 सितंबर को हजारीबाग सदर विधानसभा एवं बड़कागांव विधानसभा मे होनेवाले सभा की सफलता हेतु मंडल स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई ।मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल द्वारा



कार्यक्रम को पंचायत से बूथ स्तर तक ले जाने की जरूरत पर बल देते हुए उनके बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी एवं भारत सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यो की पूरी जानकारी दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में मुख्य अमरदीप यादव ,प्रदेश अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा ,अनिल मिश्रा, बटेश्वर मेहता ,सुदेश चंद्रवंशी, भैया अभिमन्यु प्रसाद ,जिला पदाधिकारी दामोदर सिंह, राजेश गुप्ता उमा पाठक ,विनोद भगत, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, रेणुका साहू ,तनवीर आलम ,अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहार, विकास सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार समेत कई अन्य भाजपाई उपस्थित हुए।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## नगर परिषद रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद, रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बरसात के मौसम के मद्देनजर उपायुक्त ने बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ को नगर परिषद क्षेत्र में तत्काल रूप से फॉगिंग कराने का निर्देश दिया। वही छत्तरमांडू क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने को लेकर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सहित बैठक



में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की।

इस दौरान उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से शहर के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित कर पाथवे, पार्क, वॉल पेंटिंग आदि से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी का अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। रामगढ़ शहर में प्रतिदिन लगने वाले ट्रैफिक जाम व भीड़ भाड़ के मद्देनजर बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सह अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त के समक्ष बोंगावार क्षेत्र में बस स्टैंड निर्मित करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर परिषद, रामगढ़ द्वारा वार्ड नंबर 11, 16, 18 एवं 19 में बनाए गए मैरिज हॉल के सुचारू रूप से संचालन के मद्देनजर उपायुक्त ने मैरिज हॉल के संचालन हेतु महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्येक मैरिज हॉल एक कमिटी गठित करने के संबंध में कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल का संचालन जल्द से जल्द शुरू कर जिले वासियों को इससे लाभान्वित करने का निर्देश दिया। नगर परिषद द्वारा लाइवलीहुड क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रही महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ते हुए उन्हें सिलाई सहित अन्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा गया।

## महिला महाविद्यालय हिंदी विभाग ने मनाया विदाई समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महिला महाविद्यालय रामगढ़ के हिंदी विभाग में समसत्र छः की विदाई के लिए समसत्र पांच और समसत्र दो के छात्राओं द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ वक्तव्य के द्वारा अपना अनुभव साझा किया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि जीवन में जिनका कोई लक्ष्य नहीं होता, उनका जीवन व्यर्थ है। लक्ष्य विहीन व्यक्ति जीवन भर भटकता रहता है। अतः बगैर लक्ष्य निर्धारित किए आगे न बढ़ें। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। रामगढ़ महिला महाविद्यालय रामगढ़ की प्राचार्या प्रो सरिता सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के दिल व दिमाग में लक्ष्य प्राप्त करने की जुनून और छटपटाहट होनी चाहिए। यही जुनून और छटपटाहट उन्हें निरंतर प्रयास करने



और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो सरिता सिंह ने की और संचालन रानी कुमारी और अमीषा कुमारी ने किया। समारोह की समाप्ति पर छात्राओं ने हिंदी, भोजपुरी, नागपुरी और फिल्मी गीतों पर सामुहिक नृत्य में खूब थिरकीं जिससे माहौल आनंदमय हो गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ रत्ना पांडे, डॉ के सी दुबे, डॉ शालिनी प्रकाश, डॉ असीम खलखो, डॉ, नीतू मिंज, डॉ साजिद हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, डॉ भरत भूषण, शिक्षिका अर्चना कुमारी शामिल थे। इस अवसर पर श्री विजय कुमार, श्री दिलीप रॉबर्ट, सबिता कुमारी, रीता देवी के साथ सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थीं।

### उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय बादम में आक्रोशित ग्रामीणों ने जड़ा ताला, 4 वर्षो से छात्रों को नहीं मिली छात्रवृति

## ग्रामीणों ने सीआरपी और शिक्षकों के तबादले की मांग की

### जांच अधिकारी ने कहा व्यवस्था पूरी तरह निष्क्रिय, निश्चित रूप से होगी करवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप था के 4 साल से बच्चों को छात्रवृति नहीं मिल रहा है। शिक्षिकाएं 9 बजे बायोमेट्रिक हाजरी लगा कर अपने घर चली जाती हैं और फिर 11 से 12 बजे पुनः विद्यालय आती हैं जिसके कारण पठन पाठन नही होता है। विद्यालय में एक साल से पंखा नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों को न छात्रवृति



मिलता है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रहा है। कई बार प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को समझने का प्रयास ग्रामीण स्तर पर किया गया लेकिन स्तिथि जस की तस रही। अंत में ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय में ताला लगा कर हजारीबाग डीएसई को टेलीफोन के माध्यम से शिकायत किया गया।

हजारीबाग डीएसई ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए चुरचू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह और बड़कागांव अकाउंटेंट सुधीर कुमार शर्मा को जांच के लिए विद्यालय भेजा। जांच के दौरान प्रधानाध्यापक से प्रतिपूर्ति राशि का रजिस्टर, क्षात्रवृति का रजिस्टर, क्लास रूटीन का रजिस्टर, विद्यालय विकास का रजिस्टर आदि मांगने पर रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गया। विद्यालय विकास का पैसा कहां खर्च हुआ इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। विद्यालय में शौचालय है लेकिन साफ सफाई का पूरी तरह से अभाव है। विद्यालय में शिक्षा का स्तर कितने नीचे चला गया है इसका अनुमान इस बात से लगा के जब जांच अधिकारी के द्वारा पांचवी कक्षा के क्षात्र से पूछा गया के किस राज्य में रहते हो इसका जवाब भी छात्र नहीं दे सका। ग्रामीणों ने मांग किया के जल्द से जल्द सभी शिक्षकों को यहां से तबादला कर दिया जाए तभी विद्यालय की स्तिथि बेहतर हो सकती और छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग किया के सभी पारा शिक्षक और सीआरपी स्थानीय हैं इस लिए अपनी मनमानी करते हैं। सीआरपी की पत्नी भी विद्यालय में पारा शिक्षक है जिस कारण वो अलग दबंगई दिखाती है।

सीआरपी और विद्यालय के सभी शिक्षकों का जल्द से जल्द तबादला किया जाए। जांच के उपरांत जांच अधिकारी ने कहा के मैं सभी रिपोर्ट हजारीबाग डीएसई के सामने रखूंगा। विद्यालय की विधि व्यवस्था पूरी तरह से निष्क्रिय है निश्चित तौर पर करवाई होगी। ग्रामीणों ने कहा के अगर इस जांच पर करवाई नही हुई तो हम सभी ग्रामीण आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे। मौके पर बीआरसी धनंजय सिंह, सीआरपी तनवीर अख्तर, पंचायत समिति सदस्य शहाब अकबर, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सरकारी जमीन पर निर्माण किए जाने का जिप सदस्य ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने खलारी मौजा अंतर्गत बैंक चौक के निकट सरकारी जमीन पर निर्माण का विरोध किया है. जिप सदस्य ने बताया कि खलारी सीमेंट कंपनी के लोगों द्वारा सरकार की भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने इसकी सूचना अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को दी. सीओ ने काम बंद करने के लिए अंचलकर्मी को भी भेजा. परंतु खलारी सीओ के आदेश की अवहेलना कर दीवाल खड़ा कर दिया गया. सरस्वती देवी ने सीओ की मंशा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकारी जमीन की लूट की इजाजत खलारी की जनता नहीं देगी.खलारी में किए जा रहे जमीन घोटाले को लेकर वे उपायुक्त से मिलेंगी. जरूरत हुई तो मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल को भी अवगत कराएंगे।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार ने बस आओ फ्री में देखते जाओ कैंपेन शुरू किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंबे इंतज़ार के बाद एशिया कप 2023 का समय आ गया है, और इस उत्साह को बढ़ाने के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार बस आओ # फ्री में देखते जाओ कैंपेन लेकर आया है। यह कैंपेन फ्री ऑन मोबाइल' के प्रस्ताव पर आधारित है। यह प्लेटफ़ॉर्म एशिया कप और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप, दोनों के मैच इस साल मोबाइल और टैबलेट दर्शकों को निःशुल्क दिखा रहा है, ताकि क्रिकेट का खेल और अधिक विशाल जनसमूह तक पहुँच सके। एशिया कप क्रिकेट की शुरुआत 30 अगस्त से हो रही है, जिसमें क्रिकेट की दुनिया की कुछ सबसे बड़ी प्रतिद्वंदी टीमें इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को जीतने के लिए एक-दूसरे से कड़ी टक्कर करेंगी। ये सभी मैच दोपहर 3:00 बजे (IST) से डिज्नी+ हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सभी दर्शकों को लाइव देखने को मिलेंगे। एशिया कप 2023 के लिए डिज़्नी+ हॉटस्टार के नये कैंपेन ने एक सहज और मज़ेदार ट्विस्ट लेकर दर्शकों को ज़बरदस्त एक्शन के साथ ये मैच कहीं भी और कभी भी अपने मोबाइल पर देखने की सुविधा दी है। तन्मय भट्ट, देविया बोपन्ना और टीम मूनशॉट द्वारा निर्मित इस फ़िल्म में क्रिकेट के प्रति भारत के गहरे प्यार का चित्रण है। इस ऐड फ़िल्म का निर्देशन किशोर अय्यर ने किया है। इस कैंपेन के बारे में डिज़्नी+ हॉटस्टार के प्रवक्ता ने बताया, भारतीयों के दिलों में क्रिकेट का एक विशेष स्थान है, और हम अपने यूज़र्स के लिए इस खेल की उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं। हम आगामी एशिया कप और आईसीसी मेंस क्रिकेट विश्व कप 2023 मोबाइल पर फ्री में देखने का अवसर देकर क्रिकेट को देश के कोने-कोने पहुँचाने और डिजिटल-फर्स्ट दर्शकों के बीच पहुंचने के लिए तैयार हैं। इस कैंपेन फ़िल्म में दिखाया गया है कि भारतीय क्रिकेट को फॉलो करने के लिये किस हद तक जाते हैं, और क्रिकेट देखने का सर्वश्रेष्ठ व सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज्नी+ हॉटस्टार कितना प्रतिबद्ध है।

## 35 वर्षीय युवक का शव अपने ही घर के समीप फंदे से लटकता हुआ मिला

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी क्षेत्र के टुगंरी पहाड़ के समीप हरिजन मोहल्ला निवासी पिंटू स्वर्णकार 35 वर्षीय सोमवार की देर रात अपने घर के समीप फंदे से लटकता देखा गया।जानकारी के अनुसार मृतक रात को खाना खाकर घर के बहार चौंकी पर लेटा हुआ था। उनकी पत्नी बुनु देवी ने जब उसे देखने बहार निकला तो वह चौंकी पर नहीं था। थोडी देर नही लौटा तो उसकी खोजबीन करने लगे। फिर अचानक घर के ही सामने बने अर्धनिर्माण मकान के बहार रस्सी से झुलता देख चिल्लाने लगी तभी आसपास के लोग इक्कठा होकर उसे आनन फानन मे सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहाँ डॉ द्वारा जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की सुचना मुरी ओपी को दिया गया मुरी ओपी घटना स्थल पहुँच कर शव एवं गले मे लगा रस्सी को अपने कब्जे मे लिया और पुरी घटना की जानकारी ली एवं पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। पुलिस से पुछने पर उन्होंने बताया हत्या है या आत्महत्या इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। मृतक अपने बीबी बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता था उनके पांच बेटीयाँ है मृतक और उनकी पत्नी दोनों ट्रेन में चना,खिरा बेच कर अपना परिवार का पालन पोषण करते थे। इस घटना से पूरा हरिजन बस्ती मे मातम छा गया।उनकी बेटियों का भी रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## लापता बालक बोकारो से बरामद हुआ



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम स्थित गुरुकुल से विगत 17 अगस्त को सागर मंडल नामक बालक जिसकी उम्र 11 वर्ष पिता नयन मंडल लापता हो गया था। गुरुकुल के शिक्षक एवं परिजनों ने मुरी ओ पी थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। इधर राजकीय रेल थाना बोकारो के द्वारा बालक को सुरक्षित रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया तथा उनके परिजनों को खबर किया गया। खबर पाकर उनके परिजन राजकीय रेल थाना बोकारो पहुंचे तत्पश्चात थाना के द्वारा बालक को उनके परिजन को सौंप दिया गया। पुनः परिजनों ने बालक को लेकर मुरी ओपी पहुंचे एवं दिए गए गुमशुदगी का सनहा को वापस ले लिया।

## करंट से मृत रंजीत हजाम के परिजनों से मिले बंधु तिर्की, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा




**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को पूर्व मंत्री झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने आज चान्हो प्रखण्ड के कमाती गांव में करंट लगने से मृत 35 वर्षीय अखबार विक्रेता रंजीत हजाम के परिजनों से मिले और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया. तिर्की ने कहा कि वे इस बात का पूरा प्रयास करेंगे कि बिजली विभाग चुस्ती फुर्ती से काम करें और ऐसी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना को रोका जा सके. उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं की स्थिति में मृतकों के परिजनों को मिलने वाली मुआवजा राशि एवं अन्य सहायता और सभी सुविधाएं मृतक के परिजनों को जल्दी से जल्दी उपलब्ध करवाने का वे पूरा प्रयास करेंगे. साथ ही इसके लिये विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगे। श्री तिर्की ने मृतक के परिवार को अपने स्तर से सहायता राशि दिया और कहा कि विभागीय स्तर से भी प्रखण्ड कार्यालय से प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा मिलेगा।आज श्री तिर्की के साथ प्रमोद सिंह, अरविन्द सिंह, गंगा सिंह, दीपेश्वर सिंह, मंगरा उरांव, एनुल अंसारी, भूषण बाड़ा, जुल्फेकार अली, दिनेश ठाकुर, उमेश ठाकुर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## चान्हो एनएच 75 पर देर रात ऑक्सीजन सिलेंडर लदा ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीती देर रात चान्हो थाना के समीप एन एच 75 पर अनियंत्रित होकर ऑक्सीजन सिलेंडर लदा हुआ एक ट्रक सड़क किनारे दुकानों में दुर्घटना ग्रस्त हो गया हालांके देर रात होने के कारण इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई मगर इस दुर्घटना में पांच दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच का हुआ समापन विधायक हुए शामिल

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कैम्बो पंचायत के मुरजूली स्थित मैदान मे शहीद करमा उरांव फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच का आयोजन क्या गया इस टूर्नामेंट में दो टीम रानीखटंगा और नाईट राइडर कोलकत्ता के बीच खेला गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य रूप से शामिल हुए इस दौरान प्लेंटी शूट आउट में नाईट राइडर कोलकत्ता ने खिताब अपने नाम क्याफाइनल मैच के बाद अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी वितरण किया गया

## 30 अगस्त को बेड़ो में होगा टाना भगत मुक्ति दिवस राजकीय समारोह का भव्य आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय समारोह के आयोजन को लेकर प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टाना भगत विकास प्राधिकार का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से टाना भगत मुक्ति दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को बेड़ो प्रखंड में राजकीय समारोह की आयोजन का निर्णय लिया गया साथ ही इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई जिसके तहत सर्वप्रथम खाक्सी टोली में 9.00 बजे 76 थाना भगत स्मारक स्थल में माल्यार्पण, झंडोत्तोलन एवं प्रार्थना कार्यक्रम होगा । उसके उपरांत 11रू30 बजे पुराने प्रखंड परिसर में शहीदों के सिलपत शहीदों के शिलापट्ट में माल्यार्पण झंडोत्तोलन सहित अन्य कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके उपरांत 12.30 बजे से बेड़ो स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि यह राजकीय समारोह का आयोजन हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हर साल की तरह इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन टाना भक्तों के बलिदान और जज्बे को समर्पित होगा। ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित होने वाले इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र की जनता प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी कोशिश करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक (मांडर विधानसभा) श्री गंगा टाना भगत, उप प्रमुख मुदस्सिर हक सहित अन्य भी अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, फारूक नदीम गुमला जिला से बिशनपुर, घाघरा, सिसई, बसिया, कामदारा आदि प्रखंडों से टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि गण, लोहरदगा एवं खूंटी जिले के टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि, बेड़ो प्रखंड टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि गण व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डा.राहुल विश्वास के कारण डकरा अस्पताल पर लोगों का विश्वास बढ़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** हमेशा समस्या और नाकारात्मक खबरों के लिए चर्चा में रहने वाला डकरा अस्पताल से इन दिनों एक साकारात्मक और उम्मीद भरी खबर क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचा रही है.पिछले महीने छह जून को अस्पताल में योगदान देने वाले युवा जेनरल फिजिशियन डा.राहुल बिश्वास के कारण इस अस्पताल पर लोगों का बिश्वास बढ़ रहा है और हर आम-खास लोग उनसे इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं.बांकुड़ा मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई करने वाले डा.बिश्वास अपने युनिवर्सिटी में टॉपर रहे हैं और सबसे पहले एक साल एक महीने तक चितरंजन में रेलवे के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में सेवा दिए इसके बाद रेलवे के ही डिविजनल अस्पताल आद्रा में सात महीने तक काम करने के बाद इस वर्ष 29 मई को कोल इंडिया में चयन के बाद डकरा अस्पताल भेजे गए हैं.डा.बिश्वास डकरा में एसे समय पर योगदान दिए हैं जब इस अस्पताल को लेकर क्षेत्र में सिर्फ नाकारात्मक बातें प्रचलित थी.जो भी मरीज या जानकार उनसे मिल रहे हैं उनके प्रतिभा और चिकित्सा सेवा को लेकर उनकी जानकारी का कायल हो जा रहे हैं.विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के कई संस्थानों के लोग उनसे मिलकर अस्पताल को और बेहतर बनाने में अपना योगदान देने का आग्रह किया है.डा.राहुल बिश्वास ने कहा कि वे यहां की चिकित्सकीय जरुरतों को समझते हैं और जो कुछ अपने पढ़ाई और अनुभव से सीखा है उससे लोगों की सेवा करने का प्रयास में लगे हुए हैं.कहा कि अस्पताल में समय के साथ कुछ बदलाव की आवश्यकता है वह अपने सीनियर के साथ बातचीत कर उनके सहयोग से ठीक करने का प्रयास में भी लगे हुए हैं।

**एक दर्जन चिकित्सक नौकरी छोड़ चले गए**

डकरा.डकरा अस्पताल में योगदान देने के बाद पिछले पांच साल में एक दर्जन से अधिक चिकित्सक नौकरी छोड़ कर चले गए हैं.जानकार लोग बताते हैं कि अस्पताल के भीतर एक लॉबी सक्रिय है जो किसी भी नए चिकित्सक को टिकने नहीं देते हैं।

## विकास कार्यों में सहयोग करें ग्रामीण : राजेश कच्छप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को सिकिदिरी के कुच्चू पंचायत अंतर्गत बुटगोड़ा गांव से टाटी सिंगारी गांव तक पथ निर्माण विभाग रांची पथ प्रमंडल के तहत बनने वाले लगभग सात किमी लंबी सड़क की चौड़ीकरण, मजबूतीकरण व पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।मौके पर निर्माण कार्य से संबंधित संवेदक और अभियंता को विधायक ने कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ समय सीमा के अंदर ही निर्माण कार्य कराने की हिदायत दी। शिलान्यास के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण विकास कार्यों में सहयोग करें।विकास कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है।वर्तमान गठबंधन की सरकार में झारखंड राज्य की विकास बहुत तेजी से हो रही है।सभा के बाद विधायक ने फुटबाल टीम के खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया।मौके पर अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा,नवागढ़ पंचायत समिति फाल्गुनी शाही शिक्षा प्रतिनिधि साकिर अंसारी गेतलसूद श्रद्धा सरना समिति अजय उरांव फारूक खान,महेश गंझू,एतवा उरांव, कुचु मुखिया सहदेव बेदिया, शिवदास गोस्वामी सरिता देवी,शफीक अंसारी, छोटेलाल महतो,बालेशवर बेदिया,अजगुत करमाली, नईम अंसारी,जान तिग्गा,शनिचरवा बेदिया यूनुस अंसारी रोहित नायक ,रेशमा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा के राज्य स्तरीय टीम ने नेहालू पंचायत के रोगो गांव में किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेडो :** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में मंगलवार को राज्य स्तरीय मनरेगा के 40 सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया गया। टीम ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के गड्ढे, जल कुंड व पौधों के रोगों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात लाभुक उमेश उराँव के प्रथम वर्षीय आम बगवानी स्थल में लाभुकों और ग्रामीणों के बीच विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित लाभुक और ग्रामीणों के उत्साह पूर्वक बात सुनते हुए सभी पदाधिकारी काफी खुश हुए। मौके पर मुखिया बिरेन्द्र भगत ने कहा कि हमारे पंचायत के किसान आम बगवानी के क्षेत्र में बहुत बढ़ियां काम कर रहे हैं। इससे लाभुक के परिवार की आमदनी में वृद्धि हो रही है और रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं। आम बगवानी के लाभ को किसान अच्छी तरह समझा चुके हैं।

## राजी पड़हा सरना लुरकुड़िया के द्वारा रात्रि पाठशाला किया गया आयोजन



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत गढ़गांव पंचायत स्थित राजी पड़हा सरना लुरकुड़िया, रात्रि पाठशाला मे तृतीय वर्षगांठ एवं खेल कूद प्रतियोगिता समारोह का किया गया आयोजन । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची।कार्यक्रम मे बच्चों ने पुष्प माला पहनाकर विधायक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम मे विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के सामान होते है. जिस प्रकार से मिट्टी को आकार देंगे , गीली मिट्टी आपको को वैसा आकार देगी, उसी प्रकार बच्चों को जैसा वातावरण और शिक्षा देंगे , वैसा अपने आप को ढालते है।। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को अच्छा वातावरण और शिक्षा देने का प्रयास करे ताकि बच्चों का जीवन जीने का तरीका और भविष्य अच्छा बन सके।साथ ही साथ विधायक ने सम्बोधित करते हुए यह भी कहा कि समाज को बदलने के लिए और ठीक करने के लिए बौद्धिक ज्ञान की भी आवश्यकता है। तब आप सभी लोग अपने समाज को बदल सकते है। विधायक ने सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे मे भी बताया एव उसका लाभ लेने के लिए कहा। अगर आप को कोई योजना का लाभ लेने मे दिक्क़त हो रही है तो हम से सीधा संपर्क करे । मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, विधायक प्रतिनिधि राजन किसपोटा, भोमा सिंह, अनमोल लकड़ा, अलोक कुमार, सहित शिक्षक गण एवं अन्य उपस्थित थे।



## कार्यालय,जिला परिषद्, कोडरमा

**कोटेशन आमंत्रण के संबंध में–Third Call**

जिला परिषद अध्यक्ष, कोडरमा के लिए सरकारी वाहन क्रय करने हेतु स्थानीय वाहन विक्रेताओं से मुहर बंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2255/रांची दिनांक 26.10.2022 एवं पत्रांक 2440/रांची दिनांक 28.11.2022 के निदेशानुसार क्रय किये जाने वाले वाहन का सभी कर सहित अधिकतम मूल्य 14.0 (चौदह) लाख रुपये से अधिक का नहीं होगा।

क्रय किये जाने वाले वाहन की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | वाहन कंपनी | वाहन का मॉडल | कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | कोटेशन जमा करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | महेन्द्रा एंड महेन्द्रा | स्कॉर्पियों क्लासिक (बेस मॉडल) श्वेत वर्ण | 31.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक | जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा। |
| 02 | | बोलेरो नियो (सभी मॉडल)श्वेत वर्ण | | |

2. इच्छुक विक्रेता निम्न दस्तावेज के साथ जिला परिशद कार्यालय में अपना कोटेशन निर्धारित तिथि एवं समय पर जमा कर सकते है:–

**A) तकनीकि बीड**

क) जी0एस0टी0 एवं जी0एस0टी0 अद्यतन प्रमाणपत्र
ख) आयकर प्रमाणपत्र (तीन वर्श)
ग) काली सूची मेंन हीं डाला गया है से संबंधित प्रमाणपत्र
घ) वाहन के मॉडल की विस्तृत विवरणी

**B) वित्तीय बीड**

क) कोट किया हुआ दर (मुहरबंद लिफाफा में)

3. इच्छुक विक्रेताओं से प्राप्त तकनीकि एवं वित्तीय बीड को वाहन क्रय करने के लिए गठित क्रय समिति के समक्ष दिनांक 31.08.2023 के अपराह्न 03:30 बजे खोला जायेगा।

विज्ञापन की सूचना www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.305197 Panchayati Raj(23-24):D

## कार्यालय -जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

**पशुपालकों के लिए आम-सूचना**

विभागीय राज्यादेश संख्या 02 रा० (विभाग) दिनांक 04.05.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजन के लिए पशुपालन प्रभाग सिमडेगान्तर्गत पंचायतवार तिथि निर्धारण की विवरणी –

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | आयोजनस्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर | बांसजोर | बांसजोर | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ० जॉनसन भेंगरा | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बांसजोर | 9905177660 | |
| 2 | बांसजोर | तरगा | तरगा | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 3 | बांसजोर | उरते | उरते | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |
| 4 | पाकरटांड़ | कैरबेड़ा | कैरबेड़ा | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ० सिपिरियन गुड़िया | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, पाकरटांड़ | 8825101285 | |
| 5 | पाकरटांड़ | केशलपूर | पंचायत भवन | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 6 | पाकरटांड़ | पाकरटांड़ | बाजारटाँड़ | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |
| 7 | कुरडेग | कुरडेग | छोटकीबिउरा | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कुरडेग | 7903912732 | |
| 8 | कुरडेग | खिण्डा | सलयाटोली | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 9 | कुरडेग | हेठमा | झारेन | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |
| 10 | केरसई | बासेन | बखरीबासेन | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ० राखी टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, केरसई | 9905749444 | |
| 11 | केरसई | किनकेल | पाकरबहार | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 12 | केरसई | बाघडेगा | बाघडेगा नवाटोली | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |
| 13 | कोलेबिरा | अधरमा | शिवनाथ पूर गिरजा टोली | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ० अर्चना मिंज | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कोलेबिरा | 9798614128 | |
| 14 | कोलेबिरा | कोलेबिरा | कालोटोली | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 15 | कोलेबिरा | नवाटोली | सरंगापानी | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |
| 16 | बानो | पबुड़ा | पबुड़ा | 23.08.2023<br>24.08.2023 | डॉ० दुलमु बुड़ीउली | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बानो | 9431380993 | |
| 17 | बानो | कानारोवा | कानारोवा | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | | | |
| 18 | बानो | सोय | सोय | 28.08.2023<br>29.08.2023 | | | | |

शिविर के आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है, जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सके और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।**शिविर का समय –सुबह 08.00 बजे से 03.00 बजेतक**विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं निम्नवत होगी :–

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. कुक्कुट, भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार टीका करण कार्य करना है।
3. भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
4. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्सचर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
5. विभिन्न बिमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
6. पशु रोगों की जाँच।
7. बांझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
8. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
9. विभिन्न प्रकार के सैम्पल यथा– खुन, गोबर, मुत्र आदि जमा कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान काँके, राँची से विशेष जाँच करवाना।

पशुपालकों से अनुरोध है कि आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित इलाज करावें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे।

निवेदकजिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 305244 (Animal Husbandry) 23-24 (D)

## धनबाद पुलिस के हत्थे चढ़े 7 फर्जी आईबी अधिकारी, वाहन रुकवा कर करते थे लूटपाट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने ऐसे सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी आईबी अधिकारी बन कर जीटी रोड पर लूटपाट किया करते थे। इन अपराधियों के पास से रुपए, पिस्टल, मोबाइल व फर्जी आई कार्ड भी बरामद किया है। निरसा के नया गोपालगंज थाना के समीप जीटी रोड से इन अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस ने की है। बिहार के भोजपुर आरा जिला के रहने वाले प्रमोद कुमार पासवान का वाहन रुकवा कर इनके द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। लूटी गई रकम व अन्य दस्तावेज पुलिस ने उनके पास से बरामद किया है। पुलिस ने उस वाहन को भी जप्त किया है जिसमे सरकार की विजिलेंस की बोर्ड लगी है।

## बीएड में फेल छात्रों का आमरण अनशन, 60 फीसदी अंकों के साथ पास करने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बीएड सेमेस्टर वन और सेमेस्टर टू में प्रमोट और फेल हुए छात्र बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से 60 फ़ीसदी अंकों के साथ पास करने की मांग की है। छात्रों के मुताबिक 27 सौ में से करीब 14 सौ छात्र फेल हो चुके हैं। आमरण अनशन पर बैठे छात्रों ने इसके लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। आमरण अनशन पर बैठी छात्रा प्रतिभा का कहना है कि वोकेशनल कोर्स में काफी बच्चे फेल हुए हैं। वोकेशनल कोर्स में इतने बच्चों को फेल नहीं किया जाता है। एक सेमेस्टर की परीक्षा 6 महीने में होती है। लेकिन महज 3 महीने में ही एक सेमेस्टर की परीक्षा ली गई है। सभी कॉलेजों में पढ़ाई रेगुलर चल रही है। छात्र भी कॉलेजों में रेगुलर अध्ययन कर रहे हैं। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का भी जवाब सही-सही छात्रों ने दिया था। जितने भी छात्रों को प्रमोट या फेल किया गया है। उन सभी छात्रों को 60 फ़ीसदी अंक के साथ पास करने की मांग आमरण अनशन पर बैठे छात्रों ने की है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही है।

पिछले 2 सालों में विश्वविद्यालय की तरफ से काफी अच्छा रिजल्ट दिया गया था। लेकिन इस बार का रिजल्ट अच्छा नहीं है। जिस कारण हमें कठिनाई हो रही है। छात्र नसीम ने कहा कि विश्वविद्यालय के वीसी हमारे ऊपर अत्याचार कर रहे हैं। हमारे मनोबल को तोड़ने का काम किया जा रहा है। जितने भी छात्र प्रमोट और फेल हुए हैं। उन सभी छात्रों को पास करने की मांग की।

## डुमरी उपचुनाव को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र में डुमरी उप चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर टाटा नगर से रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन के जवान गिरिडीह पहुचे। वही जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के साथ रैप के दंगा नियंत्रण वाहन भी साथ था। वही मौके पर डीएसपी संजय राणा, ओर नगर थाना के अधिकारियों भी मौजूद थे। इस दौरान रैपिड एक्शन फ़ोर्स के जवानो ने संदेश देते हुए कहा कि वो शांति पूर्ण तरीके से रहे, ओर अफवाहों से दूर रहे । रैपिड एक्शन फोर्स के जवान हर नागरिक के साथ है । इधर रॉइड एक्शन फ़ोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट दिलीप बेहरा ओर चंदन सिंह के साथ पूरे बटालियन इस दौरान शहर के मोदी धर्मशाला से निकलकर शहर के कई इलाके का भृमण करते हुए टॉवर चोक पहुँची ।

## पेड़ से झूलता हुआ मिला शव



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र में स्थित बारुडीह बस्ती में मंगलवार को अजय साव का शव घर के बाहर नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे झूलता हुआ मिला। मृतक के पिता शंभू साव ने बताया कि उनके पुत्र की दिमागी हालत खराब थी और उसका इलाज रांची के कांके अस्पताल से चल रहा था। अजय प्रतिदिन रात में घर के बाहर दरवाजे में ताला बंद कर सोता था। मंगलवार की सुबह परिजन बाहर निकले तो देखा कि वह नीम के पेड़ से झूल रहा है। शव को परिजनों ने फंदे से उतारकर बलियापुर पुलिस को सूचना दी। बलियापुर पुलिस ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। वहीं बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानस प्रचार समिति के तत्वाधान में मनाई जा रही गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर धनबाद जो कि एक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था है के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई जा रही है। 22 अगस्त मंगलवार से अखंड हरी कीर्तन की जा रही है जो 23 अगस्त बुधवार तुलसीदास जयंती के दिन 11.00 बजे समाप्त होगी एवं संध्या5.30 से तुलसीदास जी को स्मरण में रखते हुए कवि सम्मेलन एवं शास्त्रीय संगीत का आयोजन होगा। जिसमें कोयलांचल के कवि एवं गायक इस आयोजन में भाग लेंगे।

## किसान मंच ने अपनी मांगों को लेकर किया सड़क जाम, एसडीओ से वार्ता के बाद जाम हटाया



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह के टावर चौक के पास किसान मंच के दर्जनों महिला व पुरुष कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य सड़क घंटो तक जाम कर दिया जिसके बाद पूरे शहर में जाम लग गया।देखते ही देखते गाड़ियों की कतार लग गई। वहीं घंटो तक राहगीरों को इस उमस भरी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन स्थल पर सदर एसडीओ विशालदीप खलको, डीएसपी संजय कुमार राणा और एसडीपी अनिल कुमार सिंह पहुंचे और सड़क जाम कर बैठे लोगों को भारी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर जाम हटाया।

## प्रेक्षकों ने डुमरी उपचुनाव के उम्मीदवारों के साथ किया बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र सवांददाता

**गिरिडीह :** 33-डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज दिनांक 22.08.2023 को निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के साथ सामान्य प्रेक्षक, टी.जी. विनय, आईएएस, व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना प्रमोद दातार, आईआरएस तथा पुलिस प्रेक्षक, श्री सतिश गजभिए, आईपीएस के द्वारा बैठक अनुमण्डल कार्यालय प्रकोष्ठ, डुमरी में किया गया। जिसमें सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक उपस्थित रहे। उपस्थित प्रेक्षक महोदय के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों से निम्न बातें कही :-



1. पुलिस प्रेक्षक के द्वारा सभी उपस्थित निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को बताया गया कि वे आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सख्ती से करने हेतु अनुरोध किया गया। किसी भी परिस्थिति में मतदताओं को प्रलोभन देने, नकदी बांटने, किसी प्रकार का उपहार देना, मतदाताओं को धमकी देना इत्यादि कृत्य अभ्यर्थियों के द्वारा नहीं किया जाएगा। ऐसा पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी पर प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। बोगस मतदान का प्रयास भी उम्मीदवारों को नहीं किया जाना है, ऐसा किए जाने पर कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ अभ्यर्थिता पर प्रतिबंध भी निर्वाचन आयोग के द्वारा लगाया जा सकता है।

2. पुलिस प्रेक्षक के द्वारा बताया गया कि मतदान केन्द्र के अन्दर उम्मीदवार नहीं जा सकते है यदि वे उस मतदान केन्द्र में निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति किए हैं। मतदान केन्द्र में मतदाताओं का तीन लाइनें लगेंगी पहला लाईन दिब्यांग जनों के लिए, दूसरा लाईन महिलाओं के लिए तथा तीसरा लाईन पुरूष मतदाताओं के लिए लगाया जाएगा। पहले लाईन को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सर्वप्रथम मतदान करने देना है उसके बाद 2 महिला एवं 1 पुरूष मतदाताओं को मतदान हेतु जाने देना है। इसका अनुपालन सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा।

## गैंगस्टर प्रिंस खान का गुर्गा लक्की खान को एटीएस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** संगठित अपराधिक गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों अपराध से अर्जित किए हुये संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करने के संदर्भ में पुलिस मुख्यालय के द्वारा दिये गये आदेश के निमित दिनांक-20.08.2023 को ए0टी0एस0 एवं धनबाद पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा लक्की खान पे0 स्व0 नईमुल हक उर्फ नामू खान, उम्र 30 वर्ष, पता-न्यू इस्लामपुर नीयर ईदगाह पान्डरपाला, थाना- बैंकमोड़ (भूली ओ0पी0), जिला - धनबाद को धनबाद से गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त को बैंकमोड़ थाना काण्ड संख्या-147/2023, दिनांक-02.07.2023 धारा-25 (1-बी) (ए)-25 (6) / 26 / 35 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त अभियुक्त प्रिंस खान गिरोह




का सक्रिय सदस्य था एवं प्रिंस खान के निर्देश पर लेवी नहीं देने वाले कारोबारियों/व्यवसाइयों के उपर फायरिंग की घटना को अंजाम देने में शामिल रहा है। अब तक के पूछताछ से इसकी संलिप्ता धनबाद के प्रसिद्ध क्लिनीक लैब, मछली कारोबारी रसीद महाजन एवं कपड़ा दुकान (अप्सरा ड्रेसेज) पर फायरिंग की घटना में पायी गई है।

## विवाहिता ने आत्माहत्या कर की जीवनलीला समाप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** मधुबन थाना सोनारडीहओपी के सागर कुमार दास (25 वर्ष) पिता प्रसाद रविदास ग्राम कोरीडीह तुरी जिला धनबाद का निवासी है। जो कि उषा कुमारी (20 वर्ष )पिता रामदेव भुईयां ग्राम माथाडीह थाना कतरास जिला धनबाद का निवासी से 3 वर्ष पहले प्यार हुआ और दोनों धनबाद कोर्ट में शादी कर लिए। ग्रामीणों और लड़की वालों का कहना है कि सागर अक्सर उषा के साथ मारपीट करता रहता था ।उषा को उसके मायके वालों एवं उसकी सहेली से मिलने तथा बात करने नहीं देता था उसका 2 वर्ष का एक बच्ची भी है ग्रामीण एवं लड़की के परिजन बताते हैं कि शादीशुदा होने के बावजूद भी कई लड़कियों के साथ सागर का अवैध संबंध था। इस कारण तंग आकर उषा कुमारी ने 21 अगस्त को शाम 5ः00 बजे आत्महत्या कर ली। इस पर सागर के परिजन ने उषा को लेकर निजी



अस्पताल निश्चितपुर पहुंचे वहां से रेफर करने के बाद अशर्फी पहुंचे वहां के डॉक्टरों ने उषा को मृत घोषीत कर दिए। लेकिन सागर के परिजन साक्ष्य छुपाना चाह रहे थे जब इस बात को लड़की वालों को मालूम चला और वह 22 अगस्त को सुबह लड़का के घर पहुंच गए और रोने चिल्लाने लगे जिससे पूरा गांव के लोग जमा हो गए एवं सभी सागर को ही दोषी बता रहे थे।

## धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चार जोड़ी ट्रेनों का होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दिनांक 25.08.2023 से 18625/26 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का चैबे स्टेषन पर, 18623/24 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का गझंडी स्टेषन पर, 12987/88 सियालदह-अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस का हजारीबाग रोड स्टेषन पर तथा गाड़ी संख्या 12379/80 अमृतसर-सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस का कोडरमा स्टेषन पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया हैः-

1.गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 16.04 बजे चैबे स्टेषन पहुंचेगी तथा 16.06 बजे प्रस्थान करेगी ।

2.गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.31 बजे चैबे स्टेषन पहुंचेगी तथा 10.33 बजे प्रस्थान करेगी ।

3.गाड़ी संख्या 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस 01.58 बजे गझंडी स्टेषन पहुंचेगी तथा 02.00 बजे प्रस्थान करेगी ।

4.गाड़ी संख्या 18624 हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस 00.54 बजे गझंडी स्टेषन पहुंचेगी तथा 00.56 बजे प्रस्थान करेगी ।

5.गाड़ी संख्या 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस 04.13 बजे हजारीबाग रोड स्टेषन पहुंचेगी तथा 04.15 बजे प्रस्थान करेगी ।

6.गाड़ी संख्या 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस 09.35 बजे हजारीबाग रोड स्टेषन पहुंचेगी तथा 09.37 बजे प्रस्थान करेगी ।

7.गाड़ी संख्या 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस 18.32 बजे कोडरमा स्टेषन पहुंचेगी तथा 18.34 बजे प्रस्थान करेगी ।

8.गाड़ी संख्या 12380 अमृतसर-सियालदह एक्सप्रेस 09.56 बजे कोडरमा स्टेषन पहुंचेगी तथा 09.58 बजे प्रस्थान करेगी ।

## गोद लिए गांव गोपीडीह में छठें दिन भी विशेष शिविर रहा संचालित



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार लंगटा बाबा कॉलेज की ओर से गोद लिए गांव गोपीडीह में छठा दिन भी विशेष शिविर रहा चालू। छठे दिन मुख अतिथि के रूप में बदडीहा पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो रहे। यह कार्यक्रम प्राचार्य कमलनयन सिंह की अध्यक्षता में तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर भुवनेश्वर राम के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम पदाधिकारी स्वयंसेवकों के साथ गांव में जन कल्याणकारी योजना के बारे में गांव वासियों को अवगत कराया गया ।

## धरना के दौरान मासस कार्यकर्ताओं ने किया धक्का मुक्की अशोक मंडल ने कहा मासस की यही है गुंडागर्दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** निरसा के मुगमा स्थित ईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर मंगलवार 22 अगस्त को भारत की कोलियरी मजदूर सभा के बैनर सीटू एवं सी डब्लू एफ का अपनी मांगों को लेकर धरना दिया गया। जिसमे मुख्यरूप से जेबीसीसीआइ के सदस्य सुजीत भट्टाचार्य, जेएमएम नेता अशोक मंडल, रामनाथ सोरेन रहे। इस दौरान धरना को संबोधित करते हुए बक्ताओ ने अपनी अपनी बातों को रखा। वही मासस के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य सुकेश मुखर्जी भाषण दे रहे थे। अपने भाषण के दौरान पूर्व विधायक सह जेबीसीसीआइ सदस्य अरूप चटर्जी को चोर बोलकर संबोधन कर रहे थे। कि इतने में मासस के रामजी यादव एवं रैशन मिश्रा द्वारा गाली गलौज करते हुए धरना सभा मे घुस गया और सुकेश मुखर्जी के साथ धक्का मुक्की किया। मौके पर उपस्थित नेताओं ने बीच बचाव करके मामला को शांत कराया। वही धरना में उपस्थित सभी नेताओं ने



जमकर इस घटना का विरोध किया। कहा कि कोई भी इस तरह की गुंडागर्दी करके अगर डराने धमकाने का सोच रहा है तो यह उसकी भूल है। अशोक मंडल में कहा धरना के बीच में मासस कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह का काम करना ये पूरी तरह से मासस की गुंडागर्दी है। मासस की निरसा में यही छवि है।

## प्रभात मंत्र का असर : बीडीओ ने सरकारी कुआं को कराया अतिक्रमण मुक्त



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के भगत टोला निवासी गोपाल राम को गांव के हीं इतवारी यादव एवं उसका परिवार अपने जमीन में बने मनरेगा कुआं से पानी पीने नहीं दिया जा रहा था। जिस खबर को प्रभात मंत्र ने बीते शनिवार को प्रमुखता से छापी थी, जिसके बाद बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने पत्रांक संख्या 1893 जारी कर स्थानीय मुखिया देवकी देवी को निर्देश दिया कि उक्त कुआं को अतिक्रमण मुक्त किया जाय एवं पीड़ित परिवार को पानी पीने से रोका नहीं जाय। इस पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा के नेतृत्व में एक बैठक समस्या का निबटारा किया गया। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राम लखन यादव, नारायण यादव, वार्ड सदस्य कुणाल रॉय, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विद्युत सब स्टेशन में अलग फीडर का झरिया विधायक ने किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा 2.36 करोड़ के लागत से स्वीकृत जामाडोबा जल संयंत्र को निर्बाध 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु अलग फीडर का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। इस दौरान छ्वक्क्ङ्कहरु के कई अधिकारी समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे। बता दे कि पिछले कई महीनों से झरिया शहर व उसके आसपास के इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने से त्राहिमाम मचा हुआ था। जनता सड़को पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रही थी। झमाडा के अधिकारी जब प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने जाते थे तो उन्हें भारी विरोध का सामना भी करना पड़ता था।

झमाडा के अधिकारी जनता को लचर विधुत आपूर्ति का हवाला देकर अपना ठीकरा बिजली विभाग के ऊपर डाल देते थे। जिसको लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों साथ बैठक कर पूरे परेशानियों का हल खोज निकाला। जामाडोबा वाटर प्लांट में 24 घंटे निर्बाध विधुत आपूर्ति हो इसके लिए विधायक पूर्णिमा नीरज सिह की अनुशंसा के आलोक में 2.36 करोड़ के लागत से स्वीकृत जामाडोबा जल संयंत्र को निर्बाध 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु अलग फीडर का शिलान्यास किया गया। जिससे नियमित विधुत आपूर्ति से झरिया वासियों को अब पेयजल संकट का सामना नही करना पड़ेगा।

## त्रिदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** दक्षिणी टुण्डी पंचायत लछुरायडीह अन्तर्गत कोटालडीह में स्टार क्लब द्वारा त्रिदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारम्भ तो विगत तिथि को 19 अगस्त को कांग्रेस जिला वरीय उपाध्यक्ष सह निरसा विधानसभा प्रभारी वकील बाउरी एवं समाजसेवी अब्दुल क्युम अंसारी ने फिता काटकर संयुक्त रूप से किया था। आज फाइनल खेल की प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भागीदारी निभाई । फाइनल मैच में मुख्य अतिथि को फुटबॉल मैदान पहूंचने से पूर्व रामपुर मोड़ से महाराजगंज होते हुए फुटबॉल मैदान तक जुलूस का भव्य स्वागत किया गया. जुलूस की नेतृत्व टुण्डी प्रखण्ड



आनन्द मोदक एवं जिला सचिव असद कलीम कर रहें थें । फाइनल मैच के शुभारम्भ से पूर्व मुख्य अतिथि इसराफिल अंसारी एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन एवं अनुशासन में रहने हेतु अपेक्षा जताई । फाइनल के विजेता टीम को मुख्य अतिथि इसराफिल अंसारी जाहीद हुसैन, शफी अंसारी ने 20,000 हज़ार रूपए, द्वितीय टीम को 15,000 हजार रूपए जिला वरीय उपाध्यक्ष वकील बाउरी, जिप सदस्या 05 के प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की, समाजसेवी अब्दुल क्युम अंसारी , जमडीहा मुखिया गोविन्द प्रसाद साव एवं तृतीय टीम को 4,000 रूपए नगद कांग्रेस जिला सचिव असद कलीम, कांग्रेस टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द मोदक ने पुरस्कार स्वरूप भेंट किये ।

# डॉ. रामेश्वर उरांव ने प्रखंडों का किया दौरा, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार लोहरदगा जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से किया मुलाकात और जनसमस्याओं का समाधान किया। हेसल, कुज्जी, जरियो, सुंदरू सरनाटोली, विश्रामगढ़, चीरीनवाटोली, ग्रामों का किया मैराथन दौरा। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात लोहरदगा प्रखंड के हेसल पंचायत में ग्रामीण जनता से मुलाकात किए और उनकी समस्याओं से अवगत हुए, और प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या को रखा। मौके पर मंत्री ने सिविल सर्जन से बात कर उनकी परेशानियों को दूर करने की बात कर सभी कर्मचारियों को दुरुस्त करने की बात कही। ग्रामीणों ने सड़क मार्ग, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई संबंधित समस्याओं को भी रखा जिसे माननीय मंत्री ने सभी समस्याओं का समाधान के लिए भरोसा दिलाया। इसके पश्चात लोहरदगा प्रखंड के हेसल पंचायत अंतर्गत कुज्जी ग्राम में कुज्जी विद्यालय से ग्राम बसारडिह तक 1.20 कि मी पथ का शिलान्यास किया और कहा वर्षों से यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी जिससे आवागमन बाधित होता था परन्तु तीन महीने के अंदर यह बन कर तैयार होगा और आवागमन सुगम होगा यह स्थानीय जनता की प्राथमिक मांग थी जिसे हमने पूरा किया और आगे भी जिले में हरेक जर्जर सड़क को बनवाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम के उपरांत कुडू प्रखंड अंतर्गत बड़की चापी पंचायत के ग्राम जरियो में विधायक निधि से पड़हा भवन स्थित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया एवं पड़हा भवन में विधायक निधि से टाईल्स फ्लोर नवनिर्माण का उद्घाटन किया और कहा यह हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक, और सांस्कृतिक पहचान है इससे बढ़ाने के लिए हम अपने पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर का वितरण जगह जगह करेंगे जिससे सांस्कृतिक विरासत को बचाया जा सके, हमारी सरकार चहुमुखी विकास के लिए तत्पर है विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों का विकास हो रहा है हमारा प्रयास यह है कि हम पिछली सरकार से बेहतर कार्य करें इसके पश्चात् कुडू प्रखंड अंतर्गत सुंदरू पंचायत के ग्राम सरना टोली में विधायक निधि से निर्मित अखड़ा का उद्घाटन किया एवं ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए, ग्रामीणों ने पेयजलापूर्ति, धुमकुड़िया निर्माण, कोल्ड स्टोर निर्माण, सड़क निर्माण संबंधी आवश्यकताओं को आवेदन के माध्यम से रखा और मंत्री ने सरकारी पदाधिकारियों को त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् कुडू प्रखंड अंतर्गत सुंदरू पंचायत के ग्राम विश्रामगढ़ में ग्रामीण जनता से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा मैं आपकी सेवा के लिए तत्पर हूं इसलिए क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से आपके द्वार तक पहुंच कर समस्याओं का समाधान कर रहा हूं और करता रहूंगा।

## प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे व अंतिम दिन का आयोजन अभिलाषा सभागार में किया गया। आज प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों को कहा कि आप सभी विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और विद्यालयों के बीच एक कड़ी की भूमिका में रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण सेतु हैं। आज सभी प्रखंडों के बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण दिया गया। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण साझेदारी प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण चर्चा में विद्यालय प्रबंध समिति और समुदाय के बीच उनकी भूमिका, विद्यालय विकास प्लान का निर्माण,शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दायित्व, शैक्षणिक मुद्दे, समुदाय का विद्यालय के प्रति दायित्व, नई शिक्षा नीति, निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण सीआरपी दीनबंधु डे और जीतेंद्र मित्तल द्वारा दिया गया। आज के प्रशिक्षण में प्रभाग प्रभारी सरिता एक्का द्वारा बतलाया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समय बद्ध कार्यक्रम है, जिसे माह सितंबर-अक्टूबर में पूर्ण किया जाना है।

## खेत के बकाइन्द पेड़ में 26 वर्षीय मजदूर का शव, कैरो थाना मे यूडी के तहत मामला दर्ज



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 21 अगस्त सोमवार को कैरो विराजपुर निवासी झिरगा उराँव के 26 वर्षीय पुत्र मजदूर सोमरा उराँव का शव कैरो थाना के एडादोन बिल्टी चौरा स्थित खेत के बकाइन्द पेड़ पर फाँसी के फंदे में मजदूर का शव कैरो थाना पुलिस को मिला। घटना की सूचना मिलते ही कैरो थाना पुलिस घटनास्थल की और पहुँचकर शव को पेड़ से उतरवाकर शव का निरीक्षण के उपरांत शव को सदर अस्पताल लोहरदगा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। इधर कैरो विराजपुर निवासी मृतक सोमरा उराँव के भाई दीपक उराँव ने कैरो थाना को लिखित शिकायत आवेदन देकर कहा है कि मेरा भाई सोमरा उराँव 21 अगस्त सोमवार को सुबह 06 बजे कैरो नयाटोली निवासी अमीन अंसारी के यहाँ मजदूरी करने के लिये घर से निकला था, और 10 बजे पता चला कि उसका शव बिल्टी चौरा के बकाइन्द पेड़ पर फाँसी से लटका पड़ा है,जब घटनास्थल पहुँचा तो देखा कि मेरा भाई सोमरा का शव खेत मे पड़ा हुआ है और गले मे रस्सी लगी हुई थी। दीपक उराँव व परिजनों ने घटित घटना पर आशंका जताया है। इस संबंध मे कैरो थाना मे कैरो थाना यूडी काण्ड संख्या 07/23 के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा अस्पताल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के सढाबे पंचायत के बक्सी ग्राम निवासी मंगा उरांव के 35 वर्षीय पुत्र कमलू उरांव ने 21 अगस्त सोमवार के मध्य रात्रि में अपने घर के धरना पर पानी भरने वाला रस्सी से फांसी लगा के आत्म हत्या कर लिया है। घर वाले एवं ग्रामीणों का कहना है विगत एक माह से उसकी पत्नी दो बच्चों को घर पर छोड़ के अकेले बाहर दूसरे राज्य रोजी रोजगार के लिए गई है। घर पर कमलू उरांव व उसका 11 वर्षीय पुत्र लखविंदर उरांव, 8 वर्षीय बेटी सुहानी उरांव घर पर थी।सोमवार रात्रि में खाना पीना खा के मोबाईल पर गाना लगाकर सोया।सुबह देर तक नही उठने पर दरवाजा खोला गया तो कमलू घर के धरना में झूलते पाया गया।इसकी सूचना कैरो थाना को दिया।मौके पर कैरो थाना के थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, पुअनि सन्तोष कुमार,एएसआई संजय राय, ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक करवाई करते हुए शव को पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है। मामले पर कैरो थाना के थाना युडी काण्ड संख्या 08/23 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाई मे जुट गई है। वही घटित उक्त घटना पर सढाबे पंचायत की मुखिया सुमित्रा उराँव, पंचायत समिति सद्स्य सीमा भगत, लखन उराँव, राजेंद्र महतो, जर्ग्रन्नाथ उराँव, इत्यादि लोंगो ने घटना पर गहरा दुख ब्यक्त किया है।

## ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराया जा रहा है पढ़ाई का बेहतर माहौल और पर्याप्त संसाधन : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि बेहतर शिक्षा देकर ही समाज मे बदलाव लाया जा सकता है। और इसके लिए बेहतर माहौल की जरूरत है। पर्याप्त संसाधन को जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर माहौल और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि गांव के बच्चे गांव में ही बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर सके। विधायक आरसीमवि करौंदा बेड़ा में विधायक मद से निर्मित विद्यालय भवन निर्माण कार्य का उदघाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने फीता काटकर नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया। साथ ही बच्चों पढ़ाई के लिए सुपुर्द किया। मौके पर विधायक ने आगे भी स्कूल में अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा,फादर प्रभु दास तिर्की, फादर मोजेस खलखो, फादर एरिक एंदवार, फादर ग्रेगोरी टोप्पो, सिस्टर प्रफूलित, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला सचिव निमरोद एक्का, 20 सूत्री सदस्य सत्यनारायण केशरी, मुखिया सुषमा केरकेट्टा, पी सी सी डेलीगेट सुसेना लकड़ा,पंचायत अध्यक्ष अमन तिर्की, जिला सचिव विनय तिग्गा, तैराश एक्का, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष सोनू नायक, भुनेश्वर राम,स्टीफन मिंज, प्रकाश मिंज, देवेश कुमार सिंह, माधुरी केरकेट्टा, प्रताप केरकेट्टा, एरिक केरकेट्टा, त्योफिल मिंज, कुलदीप नाग, एस्थर डुंगडुंग, सुशीला मिंज, अगाथा मिंज, अन्ना लकड़ा, नीलम तिर्की, एथेल बेक, प्रवेश एक्का, टेरेसा मिंज, अजय बड़ा, ज्ञान मिंज,स्वराज बसंत, बिलियम, मो.अरमान, आदि शिक्षक शिक्षिका और विद्यार्थी शामिल थे।

## रांची में अक्टूबर-नवंबर में आयोजित की जाएगी झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट पहली बार भारत में आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली, 22 अगस्त 2023 भारतीय हॉकी फैंस के लिए अच्छी खबर है। हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने आज महिलाओं की प्रतिष्ठित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, जिसे इस साल झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के नाम से जाना जाएगा, के मेजबान स्थल के रूप में झारखंड की राजधानी रांची के नाम की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का सातवां संस्करण होगा, जो 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 के बीच आयोजित होगा। मौजूदा चैंपियन जापान, उपविजेता कोरिया, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और मेजबान भारत के टूर्नामेंट में भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय महिला टीम ने 2016 में यह खिताब जीता था और 2018 में अगले संस्करण में वे उपविजेता रही थी। रांची ने इससे पहले 2012 से 2015 तक कई हॉकी इंडिया लीग मैचों की मेजबानी की है और यह सिटी बेस्ड फ्रेंचाइजी रांची रेज का घर था। हाल के वर्षों में, स्टेडियम में कई शीर्ष घरेलू स्तर के आयोजन हुए हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि इस शहर में इस खेल के लिए एक बड़ा फैन बेस है। झारखंड का हॉकी का इतिहास समृद्ध रहा है। इसने सात ओलंपिक खिलाड़ी पैदा किए हैं, जिन्होंने गर्व से भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इनमें जयपाल सिंह मुंडा, सिलबानुस डुंगडुंग, मनोहर टोपनो, अजीत लाकड़ा, निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और स्वर्गीय श्री माइकल किंडो और स्वर्गीय श्री मारंग गोमके शामिल हैं। इस साल अक्टूबर में झारखंड आने वाली टीमों का स्वागत करते हुए राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा, भारत में पहली बार आयोजित होने जा रहे महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने आने वाली एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी टीमों का स्वागत करना हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात होगी।

## कैरो थाना में प्रेमी युगल का हुआ विवाह



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना परिसर में दिनांक 21 अगस्त दिन सोमवार को प्रेमी युगल का प्रेम विवाह हुआ। विदित हो कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के ओकेया निवासी बढ़हन साहू के 22 वर्षिय पुत्र सुभाष साहू एवं कैरो प्रखंड मुख्यालय के दिनेश राम की 18 वर्षिय पुत्री ममता कुमारी दोनों के बीच विगत 4 वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवक-युवती दोनों अपने परिवार को बताये बिना रांची में किराया के मकान में रह रहे थे। युवक ने बताया कि विगत 1 वर्ष पहले युवती की मांग में सिंदूर भरकर अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया था। परंतु अपने माता-पिता के डर से किसी को जानकारी नहीं दिया था। दोनों ने रांची में किराया के मकान से अपना फ़ोटो सोसल मीडिया में वायरल कर दोनों ने अपने परिवारों को जानकारी दी। और कैरो थाना पहुचकर दोनों ने अपने परिवार की उपस्थिति में पुनः युवक ने युवती को सिंदूर भरकर अपना लिया। परंतु लड़का का पिताजी ने लड़का लड़की को अपने जिंदा रहते भर अपने घर मे प्रवेश नही करने का बात कहते हुए शादी पर सहमति जताया।

**खेल से प्रतिभा में विस्तार आती है : राज सिन्हा**

## हिंडालको द्वारा खेल को बढ़ावा देने को लेकर 70 फुटबॉल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू हिल बॉक्साइट माइंस क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर के तहत ग्रामीण क्षेत्र में खेल के माध्यम से प्रतिभा का विस्तार हेतु आज 70 फुटबॉल का वितरण किया गया। इस मौके पर खान प्रबंधक राज सिन्हा ने कहा कि खेल से प्रतिभा में विस्तार आती है एवं अनुशासन में विस्तार आता है। मुखिया बगडू रानी मिंज ने कहा कि खेल को अपने कैरियर के रूप में अपनाएं। मौके पर अनिल सिंह भास्कर दास गुप्ता, रानी कुमारी, रूपक दुबे, आशीष कुमार, गिरिराज चित्तौड़ा, बीरेंद्र गोप, मंजू देवी, बुधवा उरांव, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं व ग्रामीण उपस्थित थे। फुटबाल वितरण कार्यक्रम में आदित्य उच्च विद्यालय बगडु जामुनटोली में शिक्षा विभाग के एसडीओ, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेटहट में समाजसेवी मनोरमा एक्का, शिक्षक रविंद्रनाथ शाहदेव आदि उपस्थित रहे। आज बगडू, चांपी, केंद टोली, दलदलिया, जामुन टोली, बेटहट व समीप के गांवों में फुटबाल वितरित किए गए।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आमबागवानी को सफल बनाए : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगल दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत सचिव, जेनसेवक, रोजगार सेवकों के साथ बैठक कायोजन किया गया। आयोजित बैठक में मनरेगा योजना के अन्तर्गतआमबागवानी योजना, दीदी बाड़ी योजना का समीक्षा किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि आमबागवानी का लक्ष्य को पूर्ण करना आवश्यक है। साथ ही सभी पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि आम का पौधा आ गया है। जहाँ गड्ढा खुदाई का कार्य पूर्ण हो गया है। वहाँ सीघ्र पौधा लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के लिये मुखिया या उप मुखिया से सहयोग लेने की बात कही गई। सभी लोगो को खाद, बीज, पौधा आदि की जानकारी रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, कनीय अभियंता मनु कुमारी, संजीत कुमार तथा पंचायत सचिव और जेनसेवक उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड में हाथियों का आतंक जारी, 17 घरों को अब तक पहुंचा नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** इन दिनों क्षेत्र में जंगली हाथियों का समस्या लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी वजह से हाथियों के झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ-साथ घर में रखे अनाज एवं सामानों को पूरी तरह से नष्ट कर रहे हैं जिसके कारण लोगों के अंदर भय का माहौल है और लोग रतजगा करने पर विवश हैं। विगत 2 से 3 दिनों के अंदर प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड द्वारा कुल 17 घरों को अब तक निशाना बनाते हुए घर को तोड़कर घर में रखे सामान एवं धान को खा गए जिसके कारण लोगों को रहने में अब बारिश के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का का घूम घूम कर पीड़ित परिवार के बीच मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मौके पर उन्होंने बताया कि झारखंड पार्टी लगातार हाथियों की समस्या को लेकर गंभीर है और कई बार इस मामले में वन विभाग और जिले के उपायुक्त को भी शिकायत की है उन्होंने कहा कि क्षेत्र से हाथी को भगाने के लिए समुचित प्रयास के लिए अब झारखंड पार्टी आंदोलन करेगी। वही जिनका भी नुकसान हुआ है उनका क्षतिपूर्ति आकलन करवाते हुए वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

## ये आसमां भी जमीं पे आएगा, बस इरादों में जीत की गूंज चाहिए : सुखदेव भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिरही फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित शहीद शेख भिखारी सदभावना फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा की जीत की खातिर जुनून चाहिए। आज खेल के माध्यम से रोजगार के अनेक अवसर मिल रहे हैं। सरकार की खेल नीति से खिलाड़ी गण लाभ ले। पंचायत स्तर पर भी हमारी सरकार मिनी स्टेडियम बना रही है। ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव दे मंत्री जी से अनुमोदन कराया जाएगा। आप लोग फीफा के नियमों से खेले। लोहरदगा में खेल के साथ मेला का स्वरूप हो जाता है जिसमें भाईचारा बढाने का अवसर मिलता है। तीन दिवसीय मैच में 32 टीम भाग ली। ऐने की टीम किसको को पराजित कर विजेता बनी। बुजुर्गों का भी फैंसी मैच काफी मनोरंजक रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुदूस अंसारी, सदर नेजाम अंसारी, सेक्रेटरी हफीज़ अंसारी, मुखिया चमरा उरांव, मोजम्मिल अंसारी, शाहिद अहमद,वीरेंद्र यादव, हसनैन अंसारी, हकीमुल, इम्तियाज, एजाज, नुसरत, सद्दाम तबरेज़, सुलतान, इसराफिल, वसीम,अब्दुल वहाब,हाजी हकीमुल आदि काफी संख्या में दर्शक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## अविराम कॉलेज में जल संरक्षण व जल अंकेक्षण पर कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में जल संरक्षण और जल अंकेक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया उन्होंने कहा कि अविराम प्राकृतिक स्रोतों को बचाने की दिशा में सदैव तत्पर रहा है। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा अर्चना सिंह द्वारा तैयार पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस विषय के महत्व और कुछ डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित कर सतही और भूगर्भ जल की स्थिति तथा जल संरक्षण के उपाय बताए गए,जल अंकेक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति जल की बर्बादी और जल के प्रयोग को कैसे न्यून कर सकता है, घरों के जल का पुनर्प्रयोग करने, वर्षा जल संरक्षण आदि उपायों के साथ साथ अविराम द्वारा वर्षा जल संरक्षण के लिए गड्ढे का निर्माण, छत से वर्षा जल को नालियों के द्वारा संरक्षित करना आदि प्रयास किए जा रहे है और प्रतिवर्ष लगभग पांच हजार पौधे लगाए जा रहे है जिससे भी जल संरक्षण जल बहाव को रोकने में सहायता मिलती है, अविराम के प्रशिक्षु गांव में जा कर जल संचयन हेतु गड्ढों और अपने घर तथा आज पड़ोस ऐसे गड्ढों का निर्माण कार्य प्रतिवर्ष करते है। प्रशिक्षुओं और स्टाफ द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस साझा की गई तथा अंतःक्रियात्मक सत्र अत्यंत प्रभावी रहा। यह कार्यक्रम एरिगेशन विभाग के चीफ इंजीनियर माइनर एरिगेशन विभाग रांची से राजेश कुमार चौधरी और जूनियर इंजीनियर अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। सभी प्रशिक्षुओं और स्टाफ जिनमे रेणुका, जंगबहादूर, मनु, आफताब, पंकज, पवन, अजॉय, शिव, कुंदन, ममता, ऋतु, शशि, चिनिबास आदि से जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम संचालन शुभम और आलिया द्वारा किया गया, कार्यक्रम में अर्चना और पवन द्वारा विशेष तकनीकी सहायता दी गई। स्वागत उद्बोधन जंगबहादुर महतो और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार भारती द्वारा किया गया।

## पीडीएस दुकान के माध्यम से 40 लाभुकों को दिया गया सोना सोबरन योजना का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु पंचायत भवन में सोना सोबरन योजना के तहत 40 कार्डधारीयों के बीच कैम्प आयोजन कर धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत भवन में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प में 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्याय राजकिशोर राम, मुखिया राजश्री उराँव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, गौतम साहु तथा जनवितरण संचालकों द्वारा 40 कार्डधारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा गरीब कार्डधारियों के लिये संचालित सोना सोबरन योजना के तहत 40 कार्डधारियों के बीच प्रति कार्डधारी से 10 रु लेकर धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। साथ ही कहा कि प्रत्येक दिन प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में बारी बारी से धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया जायेगा। मंगलवार को वितरण के क्रम में उन्नति महिला मंडल पीडीएस संचालक द्वारा 10 लाभुक को, जागरूकता महिला मंडल पीडीएस संचालक द्वारा 10 लाभुक को तथा सहारा महिला मंडल पीडीएस संचालक द्वारा 10 और पीडीएस संचालक गौतम साहु द्वारा 10 लाभुकों के बीच धोती साड़ी तथा लुंगी का वितरण किया गया। वितरण के पश्चात 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना का सदुपयोग हो तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरत मंदों तक पँहुचे सरकार द्वारा संचालित कई महत्वकांक्षी योजना सफल होते हुए धरातल पर दिखाई दे रहा है। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी पीडीएस संचालक को निर्देश देते हुए कहा गया। कि धोती साड़ी एवं लुंगी वितरण के पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय में ससमय जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, मुखिया राजश्री उराँव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पीडीएस संचालक गौतम साहु, वार्ड सदस्य सेरातून बीबी, रोजगार सेवक योगेन्द्र ठाकुर के अलावे लाभुक उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत आज संसदीय क्षेत्र बसिया एवं कामडरा प्रखंड का करेंगे दौरा

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत दिनांक 23 अगस्त को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला के बसिया एवं कामडरा प्रखंड का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से रूबरू होंगे। इस दौरान श्री भगत संगठन को धारदार बनाने तथा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं से अवगत होंगे और उनका निदान करने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र भ्रमण में उनके साथ लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहेंगे।

## चलते चलते एक नजर

### 16 साल की नाबालिग बच्ची को पुलिस ने सकुशल बरामद किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से मामी के घर प्रसाद देने गई 16 साल की नाबालिग बच्ची 13 अगस्त से गायब थी। इसके बाद घरवालों ने 14 अगस्त को सुखदेवनगर थाना में बच्ची की किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया। मामला रांची के एसएसपी किशोर कौशल तक पहुंची। एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और सुखदेवनगर थानेदार विनोद कुमार को हर हाल में नाबालिग बच्ची को सही-सलामत खोज निकालने का टास्क दिया। सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया गया। छानबीन के क्रम में पता चला कि नाबालिग बच्ची को मुहल्ले का ही ज्वाला प्रसाद उर्फ अभय कुमार भी उसी दिन से गायब है। करीब 28 साल का ज्वाला घर पर कुछ भी बता कर नहीं गया था। हालांकि बच्ची और ज्वाला के घर से निकलने का समय एक पाया गया। तफ्तीश के दरम्यान पुलिस को भनक लगी कि ज्वाला अपने घर आया हुआ है और छुप कर रह रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर उसे उसके घर से धर दबोचा। पहले तो ज्वाला ने पूछताछ में बच्ची के संबंध में कोई भी जानकारी होने से इनकार करता रहा। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और अपना गुनाह कबूल कर लिया।पुलिस को दिये अपने बयान में ज्वाला ने राज खोला कि नाबालिग बच्ची को बहला-फुसला कर अपने साथ यूपी ले गया। वहां, कसिया थाना क्षेत्र के कसिया बाजार में एक किराये के मकान में उसके साथ रह रहा था। ज्वाला उसे गलत नीयत से बेचने की फिराक में था। कई लोगों से बात तक की गई, पर सौदा नहीं पटा। ज्वाला को इंतजार था मालदार पार्टी का। सुखदेवनगर की पुलिस ने ज्वाला के बताये ठिकाने पर छापेमारी की नाबालिग को बरामद कर लिया। बच्ची को छुड़ाने में सुखदेवनगर पुलिस का साथ कसिया थाना की पुलिस ने दिया। कसिया थाना की पुलिस ने बताया कि जिस इलाके लड़की को रखा लगा था, वह रेड लाइट एरिया बताया गया है। नाबालिग का रेस्क्यू कर लिया गया। ज्वाला को जेल भेज दिया गया है।

### रांची में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच

**रांची** : भारतीय हॉकी फैंस के लिए अच्छी खबर है। महिलाओं की प्रतिष्ठित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी इस साल रांची में खेली जाएगी। यह प्रतियोगिता झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के नाम से होगी। प्रतियोगिता रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर 2023 के बीच होगी। भारत सहित झारखंड में यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित होने जा रही है। हॉकी इंडिया और राज्य सरकार ने मेजबानी के लिए राजधानी रांची के नाम की घोषणा की है। यह इवेंट टूर्नामेंट का सातवां संस्करण होगा। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी गयी।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की ने कहा कि मैं हॉकी इंडिया को झारखंड एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची की मेजबानी का अवसर देने के लिए एएचएफ को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। यह आयोजन हॉकी के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते कद का एक प्रमाण है। हमें विश्वास है कि इस टूर्नामेंट के दौरान न केवल एशियाई महिला हॉकी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिलेगा, बल्कि हमारे अपने खिलाड़ियों को दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए एक शानदार मंच भी मिलेगा।हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि जब हमने झारखंड एशियन चैंपियंस ट्राफी की मेजबानी में अपनी रुचि व्यक्त की थी, तब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में इस आयोजन की मेजबानी के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करने के लिए तुरंत सहमत हो गए थे।

# छात्रों का हो सर्वांगीण विकास यही है हमारा संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के एकलव्य मॉडल आवसीय विद्यालय में पड़ रहे 460 छात्रों (ईएमआरएस) को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत आज राष्ट्रपति भवन के दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम जनजातीय मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के द्वारा तत्वाधान में आयोजित की गयी. छात्रों के साथ एकलव्य विद्यालय के 40 शिक्षक भी इस भ्रमण पर आए हुए हैं.

इस दौरान सभी छात्रों से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर संवाद किया। इस अवसर केंद्रीय जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा , केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री बिन्देश्वर टुडू उपस्थित रहें।

अपने भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और पुस्तकालय का दौरा किया।

अपने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों को 23 अगस्त को देश के संसद में भी जाने का मौका मिलेगा,जहां पर वे संसदीय प्रणाली एवं वहां की कार्यपद्धति को देखेंगे और समझेंगे। साथ ही उन्हें यह जानने का अवसर मिलेगा कि संसद कैसे काम करता है और संसद की क्या-क्या जिम्मेवारी होती है।

एकलव्य विद्यालयों के छात्र समुदाय के लिए यह कार्यक्रम एक अलग अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें उन्हें काफी कुछ सिखने और समझने को मिलेगा, वहीं छात्रों का समग्र विकास हो, उन्हें एक बेहतर मंच मिले जिससे उनपर बेहतर प्रभाव पड़े, इस यात्रा का यही उद्देश्य है।

## बीएड के लिए पहली पसंद बना एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा सत्र 2023 - 25 के बीएड में नामांकन के लिए जो प्रथम राउंड काउंसलिंग की गई उसमे नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं की सूची नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालयो के कॉलेजों को जो लिस्ट आवंटित की गई उसमें नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं में एलिट पब्लिक बीएड. कॉलेज पूरे विश्वविद्यालय एव पलामू प्रमंडल में सर्वोपरि रहा। यह संकेत करता है कि वर्तमान के दिनों में छात्र छात्राओं के लिए पूरे पलामू प्रमंडल में पहली पसंद बन गया है। यह जानकारी नीलांबर - पीतांबर विश्वविद्यालय के बीएड समन्वयक डॉ0 जगदंबा सिंह ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद द्वारा जारी अध्ययन सूची के आधार पर दी।


# पेपर लीक करने वाले गैंग को बिहार से नामकुम पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची पुलिस ने बिहार के नालंदा जिले से पेपर लीक वाले गैंग के सदस्य को गिरफ्तार करने की सूचना है बताया जा रहा है कि सरगना नालंदा के दरियापुर गांव का रहने वाला दीपक प्रसाद पुलिस के गिरफ्त में आ गया है। रांची के नामकुम थाना की पुलिस को ये सफलता हाथ लगी है। नामकुम थाना प्रभारी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि इस मास्टरमाइंड दलाल का नेटवर्क इतना तगड़ा था, कि जब पुलिस की टीम दीपक के घर पहुंची तो गांव वालो ने ही टीम का विरोध करना शुरू कर दिया। दीपक को गिरफ्तार करने के लिए टीम को बल प्रयोग करना पड़ा। अब बिहार शरीफ न्यायलय में पेश कर रांची पुलिस पेपर लीक के मास्टरमाइंड दीपक प्रसाद को ट्रांजिट रिमांड पर रांची ला रही है। दीपक को गिरफ्तार कर रांची पुलिस अब ट्रांजिट रिमांड पर रांची ला रही है। अबतक हुए खुलासे में दीपक में ये स्वीकार कर चुका है कि किसी भी परीक्षा का पेपर लीक कर देना उसके बाएं हाथ का खेल था। इस काम में और भी बड़े बड़े लोग उसके साथ थे, जिसका खुलासा वो करेगा। इसका मतलब है कि दीपक की गिरफ्तारी रांची पुलिस को अन्य बड़ी मछलियों तक पहुंचने में भी कामयाबी दिला सकता है। दीपक के ऊपर नामकुम थाना में 14 जुलाई, 2022 को केस दर्ज हुआ था। केस की जांच के दौरान रांची पुलिस को उसका ठिकाना मालूम चल गया। पुलिस ने स्थानीय थाना के सहयोग से जाल बिछाकर नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से दीपक को दबोच लिया।

# शिक्षकों से शाम चार बजे के बाद गैर शैक्षणिक कार्य लेना अनुचित



एजेंसी

**सहरसा :** शारीरिक शिक्षक संघ बिहार प्रदेश अध्यक्ष रोशन सिंह धोनी ने कहा कि शिक्षकों से चार बजे के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर उलझाए रखना एवं बीएलओ, निर्वाचन जैसे गैर शैक्षणिक कार्यो में शिक्षक को लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव केके पाठक द्वारा पत्र निर्गत कर स्पष्ट रूप से कहा गया है कि चार बजे के बाद किसी भी शिक्षकों से किसी प्रकार का सरकारी कार्य ना लिया जाए। किसी गैर शैक्षणिक कार्यो में भी नहीं लगाया जाए।इससे शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग रोज नित्य नए कार्यो को शिक्षा सुधार मिशन के नाम पर शिक्षकों पर थोपती जा रही है। ऐसी स्थिति में यह प्रतीत होता है की शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी का निर्देश कनीय प्राधिकारी अपने तरीके से शिक्षकों से मनवाने का प्रयास करते हैं। यह काफी चिंतनीय विषय है।एक तरफ शिक्षकों को नियत समय से वेतन नहीं मिलता है। दूसरी तरफ रोज नए फरमानों का सामना शिक्षक करते हैं।

# योगी सरकार ने गांव-गांव में उतारी आरेंज फोर्स



एजेंसी

**लखनऊ :** योगी आदित्यनाथ सरकार ने गांव-गांव में आरेंज वर्दी वाले प्लंबरों की फोर्स उतार दी है। प्लंबरों की यह सेना अपने गांव की जलापूर्ति को बहाल करेगी। पानी की सप्लाई बाधित होने पर गांव वालों को अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्लंबर को बाहर से भी नहीं बुलाना पड़ेगा। उनके ही गांव में तैनात आरेंज वर्दी पहने प्लंबर समस्या को झटपट दूर कर पानी सप्लाई को चालू कराएगा। योगी सरकार के निर्देश पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ पाइप लाइनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए गांव-गांव में ऑरेंज फोर्स की तैनाती की है।वर्दी और साजोसामान के साथ तैयार इस ऑरेंज फोर्स में गांव के युवाओं को प्लंबर कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत राज्य में कुल 1.16 लाख से अधिक युवा प्लंबर कार्य के लिए प्रशिक्षित किये गये हैं। इनकी तैनाती इनके अपने ही गांव में की गई है। इन प्लंबरों का कार्य गांव में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और गांव में पानी सप्लाई में किसी भी प्रकार का अवरोध आने पर उसे तत्काल ठीक करना भी है। घर-घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने में मददगार बनने वाले प्रशिक्षित प्लंबरों को अपने गांव में ही काम करके निश्चित आय भी प्राप्त होगी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन में काम कर रही कम्पनियों को गांव-गांव में प्रशिक्षित प्लंबरों को अपने साथ जोड़कर उनको रोजगार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय कि राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत से 02 युवाओं को प्लंबर कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर तक पाइप लाइन जानी है, टोंटी लगनी है। सप्लाई में कोई परेशानी आने पर प्लंबर उसे दुरुस्त करने का काम करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है।आजमगढ़ में 3379, जौनपुर में 3296, सीतापुर में 3199 प्लंबरों की तैनाती ग्राम पंचायतों में की गई है। गोरखपुर में 2892, हरदोई में 2646, गाजीपुर में 2451, गोण्डा में 2415, बस्ती में 2370, बरेली में 2386, बाराबंकी में 2299, बहराइच में 2069, बिजनौर में 2246, बदायूं में 2076, देवरिया में 2370, प्रतापगढ़ में 2444, शाहजहांपुर में 2149, सिद्धार्थनगर में 2272, उन्नाव में 2080, लखीमपुर खीरी में 2325 प्लंबरों की ग्राम पंचायतों में तैनाती की गई है।

## रांची के 600 स्कूली बच्चों ने पीएम और सीएम से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील की

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टकार्ड लिखकर रांची के एलपी पब्लिक स्कूल के 600 बच्चों ने स्वर्णरेखा नदी और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील की है। कक्षा पांच से लेकर 10 तक के 600 बच्चों ने ये पोस्टकार्ड लिखे हैं। अभियान की शुरूआत करने वाले सुधीर शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री कार्यालय से जबतक संज्ञान नहीं लिया जाता तबतक यह अभियान चलेगा। प्रथम चरण में रांची, बुण्डू, मैक्लुस्कीगंज और रामगढ़ में यह अभियान चलाया जाएगा। समिति का लक्ष्य कम से कम 21 लाख पोस्टकार्ड लिखकर अपील करनी है। झारखंड के प्रत्येक परिवार के सदस्य पोस्टकार्ड के माध्यम से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील करेंगे तो निश्चित रूप से हमारी बातें सुनी जाएगी।

# बुंदेलखंड क्षेत्र में संत रविदास विश्वविद्यालय बनेगा : मल्लिकार्जुन खरगे



एजेंसी

**भोपाल** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को बुंदेलखंड के सागर के कजली वन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि आने वाले चुनाव में मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सरकार को हटाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को रविदास जी अब क्यों याद आए, क्योंकि चुनाव आने वाला है। मध्य प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी तो बुंदेलखंड क्षेत्र में संत रविदास जी की याद में विश्वविद्यालय बनेगा, जो देशभर में उनके विचारों की रोशनी बिखेरेगा। खरगे ने कहा बुंदेलखंड का इलाका आन बान और शान के लिए मशहूर है। बलिदानियों की भूमि है। बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल, महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई को श्रद्धांजलि देता हूं। इसके साथ 17 साल की उम्र में 1942 के आंदोलन में तिरंगा फहराते शहीद हुए साबूलाल जैन के योगदान को भी मैं नमन करता हूं। जिनके नेतृत्व में भारत का संविधान बना, बाबा साहेब मध्य प्रदेश के महू कैंट में ही पैदा हुए थे। संविधान निर्माताओं में डॉ. हरिसिंह गौर जी भी थे, जिन्होंने बुंदेलखंड की धरती पर जिंदगी भर की कमाई लगा कर मध्य प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय स्थापित किया।

डॉ. गौर को मैं विशेष तौर पर नमन करता हूं। उन्होंने दावा किया कि कमलनाथ सरकार में बहुत काम हुए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार ने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, 100 यूनिट बिजली 100 रुपए में दी, बुजुर्गो-विकलांगों व दूसरी श्रेणी की पेंशन में चार गुना बढ़ोत्तरी की, कन्या विवाह राशि 28,000 से बढ़ा कर 51,000 किया, युवाओं के रोजगार और निवेश पर जोर दिया।

# डाली बाजार के मुखिया ने किया धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया सह विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने सोना सोबरन योजना के तहत वहां के पीडीएस डीलर प्रीतम कुमार और गुलाम गौस के कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी वितरित किया।

मुखिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि झारखंड सरकार की उक्त महत्वाकांक्षी योजना से सूबे की 57 लाख गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की कई अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की तरह झारखंड सरकार की सोना -सोबरन धोती -साड़ी योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मात्र दस - दस रुपये में गरीबों को धोती -साड़ी और लुंगी उपलब्ध कराकर सरकार उनकी इज्जत बचाई है। क्योंकि आज भी कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अपनी इज्जत आबरू ढकने के लिए उनके पास पर्याप्त वस्त्र नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने एक बात और कहा कि जो धोती साड़ी और लुंगी गरीबों को दिया जा रहा है उसकी क्वालिटी में और सुधार करने की आवश्यकता है ताकि गरीब परिवार के लोग उसका उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि कपड़े की गुणवत्ता काफी निम्नस्तर के होने के कारण उसका उपयोग गरीब परिवार के लोग नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालात में उसे वितरित करने का फिर कोई औचित्य ही नहीं रह जाता है। जिस उद्देश्य को लेकर सरकार इस महत्वकांक्षी योजना की शुरुआत की है उस उद्देश्य की पूर्ति हो सके। इसका भरपूर ख्याल रखना होगा। ताकि जरूरतमन्दों को इसका सीधा लाभ मिल सके। मौके पर उप मुखिया नगीना बीबी, जुबेर अंसारी , मुस्ताक अंसारी,सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों को आमजन का रोल मॉडल बनना पड़ेगा: उपराष्ट्रपति

**उदयपुर:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने की जरूरत बताते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों को आमजन का रोल मॉडल बनना पड़ेगा। वे इस बात से चिंतित हैं कि सदनों में चर्चा का स्तर गिरा है। उपराष्ट्रपति मंगलवार को लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा जनप्रतिनिधियों की दक्षता वृद्धि की दिशा में सतत प्रयासरत राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ भारत (सीपीए) के उदयपुर में चल रहे 9वें दो दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद और विधायकों को कुछ विशेषाधिकार मिलते हैं, जिनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा जनप्रतिनिधियों की दक्षता वृद्धि करते हुए उन्हें जवाबदेह बनाने की दिशा में सीपीए के प्रयासों की सराहना की।

# खाद का भाड़ा दर कम करने की जरूरत तीन शहरों में बनें रैक प्वाइंट : कृषि मंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य में सभी किसानों को उचित कीमत और समय पर खाद उपलब्ध हो सके, उसके लिए साहेबगंज, लोहरदगा और जमशेदपुर या चाईबासा में रैक प्वाइंट का निर्माण अति आवश्यक है। वे नेपाल हाउस स्थित कांफ्रेंस हाल में मंगलवार को केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात कर रहे थे। बादल ने कहा कि रैक प्वाइंट निर्माण की बात उन्होंने पिछले वर्ष भी रखी थी लेकिन अभी तक इस विषय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य एक सेमी हिल एरिया है, जिस वजह से फर्टिलाइजर का भाड़ा दर काफी ज्यादा बढ़ जाता है और इसका सीधा बोझ यहां के किसानों पर पड़ता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि भाड़ा दर में संशोधन कर झारखंड जैसे सेमी हिल एरिया को राहत दी जाए। वर्तमान में जो फ्रेट रेट है, वह काफी कम है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी राज्य के कई जिले सुखाड़ की चपेट में हैं। अब तक मात्र 38 प्रतिशत ही भूमि पर आच्छादन हुआ है जबकि औसत से करीब 53 फीसदी बारिश कम हुई है। नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग के संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि झारखंड राज्य पूर्व से ही ऑर्गेनिक फार्मिंग की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही नैनो यूरिया का एक नया प्लांट झारखंड में लगाया गया है। बादल ने कहा कि सल्फर कोटेड यूरिया अगर केंद्र सरकार उपलब्ध कराती है, तो किसानों के बीच उसे लेकर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

**रैक प्वाइंट निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री ने किया आश्वस्त**

केंद्र सरकार के रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने कहा कि झारखंड सरकार की मांग पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश में नैनो यूरिया और ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि माटी को सुरक्षित किया जा सके। देश के पास करीब डेढ़ लाख मीट्रिक टन फर्टिलाइजर उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप सभी राज्यों को फर्टिलाइजर उपलब्ध कराया जाएगा। सभी राज्य किसानों को कृषि के लिए जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि यूरिया का डायवर्सन न हो। यदि राज्य यूरिया पर निर्भरता कम करते हैं तो इससे बचने वाली राशि के 50 फीसदी से किसान हित में कई नई योजनाएं संचालित होंगी। साथ ही मिट्टी को भी सुरक्षित रख सकेंगे।वीडियो कांफ्रेंसिंग में विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दीकी के अलावा फर्टिलाइजर से जुड़े कई पदाधिकारी उपस्थित थे।